
शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएं
07 अक्टूबर 2024 सोमवार
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज





बोले लालू यादव...कहीं रेल की पटरियां न बेच दे एनडीए सरकार 2



## हिंदू समाज को सुरक्षा के लिए एकजुट होना होगा: भागवत

- आरएसएस प्रमुख राजस्थान के बारां में आयोजित कार्यक्रम में रखी बात
- बोले- समाज में अनुशासन, कर्तव्य और लक्ष्य का है महत्व

**एजेंसी/जयपुर**

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने हिंदू समाज से एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने मतभेद भुलाकर एकता पर जोर दिया। मोहन भागवत ने कहा कि समाज में अनुशासन, कर्तव्य और लक्ष्य का महत्व है। उन्होंने संघ की तुलना किसी और संगठन से करने से भी इनकार कर दिया। संघ प्रमुख ने कहा कि भारत एक हिन्दू राष्ट्र है और यहां सभी संप्रदायों को सम्मान मिलता है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को



पांच दिवसीय दौरे पर राजस्थान के बारां पहुंचे। यहां कृषि उपज मंडी में उन्होंने हिंदू समाज को एकता का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि भाषा, जाति और प्रांत के भेदभाव को मिटाना होगा। मोहन भागवत ने कहा कि हिंदू समाज को सुरक्षा के लिए एकजुट होना जरूरी है। उन्होंने समाज में अनुशासन का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि राज्य के प्रति कर्तव्य और लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा, समाज सिर्फ मेरे और मेरे परिवार से नहीं बनता, बल्कि हमें समाज के प्रति सर्वांगीण चिंता के जरिए अपने जीवन में ईश्वर को प्राप्त करना है। मोहन भागवत ने कहा कि आरएसएस का काम विचारों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि दुनिया में संघ जैसा कोई और संगठन नहीं है। उन्होंने कहा, संघ के कार्य की तुलना में दुनिया में कोई संगठन नहीं है। संघ की तुलना किसी से नहीं की जा सकती। संघ से संस्कार समूह नेता में, समूह नेता से स्वयंसेवक में और स्वयंसेवक से परिवार में जाते हैं। परिवार से समाज का निर्माण होता है। संघ में व्यक्ति के विकास की यही पद्धति अपनाई जाती है। मोहन भागवत ने कहा कि स्वयंसेवकों को हर जगह लोगों से जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में फैली बुराइयों को दूर करना चाहिए। उन्होंने ने सामाजिक समरसता, न्याय, स्वास्थ्य और शिक्षा पर जोर दिया।

## ...तो मैं प्रधानमंत्री मोदी के लिए करूंगा प्रचार: केजरीवाल

- दिल्ली के पूर्व सीएम केजरीवाल ने प्रधानमंत्री को दिया खुला चैलेंज
- बीजेपी की 22 राज्यों में सरकारें हैं इनमें एक भी नहीं जहां बिजली फ्री हो

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने रविवार को एक बार फिर से जनता की अदालत लगाई। जिसमें उन्होंने बीजेपी और पीएम मोदी पर खुलकर निशाना साधा। छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित हुई जनता की अदालत में अरविंद केजरीवाल ने पीएम मोदी को खुला चैलेंज दिया है। उन्होंने कहा कि अगर वो फरवरी से पहले किसी बीजेपी शासित 22 राज्यों में फ्री बिजली देंगे तो मैं दिल्ली में पीएम मोदी के लिए प्रचार करुंगा।



अरविंद केजरीवाल ने कहा बीजेपी की 22 राज्यों में सरकारें हैं आप इनसे पूछना कि वे एक राज्य बता दें, जहां उन्होंने बिजली फ्री की हो। गुजरात में इनके 30 साल से सरकार है उन्होंने एक भी स्कूल ठीक नहीं कराया। 22 राज्यों में इनकी सरकारें हैं, एक काम ये बता दें जो इन्होंने अच्छा काम किया हो। अगले साल 17 सितंबर को पीएम मोदी रिटायर हो जाएंगे।

अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि मैं आपको चुनौती देता हूं कि आप इन एक साल में 22 राज्यों में कोई ऐसा काम करके दिखा दीजिए जो दिल्ली में हुए हैं। 10 साल में इन्होंने कुछ नहीं किया। जब आप रिटायर होंगे तो सब ये तो सोचेंगे कि आपने 10 साल तो कुछ नहीं किया लेकिन 11वें साल में तो कुछ किया।

उन्होंने हरियाणा, जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी पर हमला किया। उन्होंने कहा कि अब डबल इंजन फेल हो गया है एक इंजन जून में ही खराब हो गया था। जबकि इनकी 240 सीट आई थी। अब दूसरा इंजन एक-एक करके जा रहा है। अभी हरियाणा से जा रही है फिर जम्मू-कश्मीर, झारखंड और महाराष्ट्र से जाएगी है। अब लोगों को समझ आ गया है कि डबल इंजन मतलब-महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार इसलिए पूरे देश से इनकी सरकारें जा रही हैं।

### खबरें फटाफट

#### भोपाल से 1814 करोड़ रुपये की एमडी ड्रग जब्त

**भोपाल।** भोपाल की एक फैक्ट्री से 1,814 करोड़ रुपये की एमडी ड्रग और उसका कच्चा माल जब्त किया गया है। गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने रविवार को सोशल मीडिया के जरिए यह जानकारी दी। दरअसल गुजरात एटीएस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो दिल्ली ने संयुक्त अभियान चलाकर ड्रग्स की इस खेप को जब्त किया है। हर्ष सिंघवी ने बताया कि भोपाल की एक फैक्ट्री पर छापा मारा और एमडी और एमडी बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री जब्त की, जिसकी कुल कीमत 1814 करोड़ रुपये है। यह उपलब्धि ड्रग तस्करी और इसके दुरुपयोग से निपटने में हमारी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अथक प्रयासों को दर्शाती है। हमारे समाज के स्वास्थ्य और सुरक्षा की रक्षा में उनके सहयोगात्मक प्रयास महत्वपूर्ण हैं। बीते दिनों दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने राजधानी में 5000 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की थी। जांच में पता चला है कि यह ड्रग्स यूके से भारत भेजा गया था। दिल्ली पुलिस ने एक अंतरर्राष्ट्रीय गिरोह का पदार्फाश कर चार तस्करों को गिरफ्तार किया था।

### जानलेवा हुआ नदी-तालाब में नहाना, रोहतास में छह और कटिहार में चार की गई जान

# रोहतास और कटिहार जिले में नहाने के दौरान डूबने से 10 बच्चों की मौत

- सोन में डूब रहे एक बच्चे को बचाने के चक्कर में चली गई कई जानें
- डूबे सात में से छह बच्चों के शव बरामद, एक की तलाश जारी

**केटी न्यूज/रोहतास/पटना**

बिहार में बाढ़ जानलेवा बना चुका है। रविवार को रोहतास और कटिहार जिले में हुए दर्दनाक हादसे में 10 बच्चों की डूबने से मौत हो गई। रोहतास में 6 बच्चे सोन नदी में नहा रहे थे, तभी ये हादसा हुआ। वहीं, कटिहार में चार बच्चों की मौत समेली रेलवे हॉल्ट के पास नहाने के दौरान हुई।

रोहतास जिले में हुए दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार के सात बच्चे सोन नद में डूब गए। घटना रोहतास जिले के रोहतास थाना क्षेत्र के तुम्बा में घटी जब बच्चे नद में नहा रहे थे। वहां मौजूद लोगों की मदद से पांच बच्चों के शव नद से निकाल लिए गए हैं लेकिन उसके 1 घंटे बाद एक और शव बरामद हुआ। एक बच्चा अभी भी लापता है, जिनकी तलाश जारी है। बच्चों की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के बारे में ग्रामीणों ने बताया कि सभी बच्चे सोन नद में नहाने गए थे, लेकिन गहरे पानी में चले जाने के कारण सभी डूब गए हैं. सात में से 6 बच्चों का शव निकाल दिया गया है।

बताया जाता है कि नदी में डूबने वाले सभी बच्चे एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि तुंबा के रहने वाले कृष्णा गोंड के चार बच्चे हैं और एक बच्ची उसके बहन की थी। वे लोग झारखंड के रांची से दुर्गा पूजा माने के लिए आई थी। सभी सोन नदी में नहा रहे थे, तभी अचानक एक बच्चा डूबने लगा. उसको बचाने के लिए सभी बच्चे गहरे पानी में चले गए। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन मौके पर पहुंची। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई। रोहतास के थानाध्यक्ष ने बताया कि सूचना मिलने पर वे तुरंत टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सभी बच्चे 8-12 वर्ष के हैं। इस दुखद घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

### रोहतास के तुंबा गांव में सोन नद में हुआ हादसा, मृतक बच्चे एक ही परिवार के



### मुख्यमंत्री ने घटना पर जताया दुख, मुआवजे का किया ऐलान

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रोहतास के तुम्बा गांव में सोन नदी में नहाने के दौरान डूबने से 6 बच्चों की मौत और कटिहार के कुसेर्ला थाना क्षेत्र के सरैया ढाला के पास नदी में नहाने के दौरान डूबने से 4 बच्चों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हादसा बेहद दुखद है और वे इस घटना से बेहद दुखी हैं। उन्होंने बिहार के सभी मृतकों के आश्रितों को तत्काल चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दु:ख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### समेली रेलवे हॉल्ट के पास नहाने के दौरान हुई मौत

कटिहार में कुरसेला थाना क्षेत्र के समेली रेलवे हॉल्ट के पास चार बच्चे नहाने गए थे। जानकारी के मुताबिक, समेली प्रखंड के चांदनी चौक इलाके के ये बच्चे समेली रेलवे हॉल्ट सरैया के पास नहा रहे थे। इसी दौरान चार बच्चे गहरे पानी में चले गए और डूब गए। जानकारी के अनुसार सभी बच्चे नदी किनारे स्नान करने गए थे। स्नान करने के दौरान चारों बच्चे गहरे पानी में चले जाने से डूबकर मौत हो गई। वहीं, स्थानीय लोगों की मदद से शव को निकाल लिया गया। डूबने के जानकारी स्थानीय थाना को दी गई। मौके पर कुरसेला थाना अध्यक्ष पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया। सभी बच्चे समेली प्रखंड के चांदनी चौक के पास के गांव के बताए जाते हैं।

## पटना में नाले में मिला बच्चे का शव, चाचा बोले- हत्या की गई है

### रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र का मामला, शनिवार से लापता था बच्चा





**केटी न्यूज/पटना**

पटना के रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के शेखपुरा पिपरा नाले में बच्चे का शव मिलने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। वहीं, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही रामकृष्ण नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है और पूरे मामले की पड़ताल में जुट गई है।

मृत बच्चे की पहचान हेनरी कुमार (4 साल) पिता - स्व. रितेश कुमार, रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के रहने वाले के रूप में हुई है। मृत बच्चे के चाचा प्रभात कुमार ने बताया कि बीते शनिवार के दिन घर में ही अपनी दादी से नहाने जाने बोलकर घर के नीचे गया। कुछ देर बीत जाने के बाद वह ऊपर जब नहीं आया तो परिजनों द्वारा उसकी खोजबीन की गई। शनिवार के दिन काफी खोजबीन करने के बाद भी वह नहीं मिला, तब मेरे मोबाइल पर एक ऑटो चालक द्वारा सूचना दी गयी कि रामकृष्ण नगर इलाके के पीएनबी बैंक के पास आपका बच्चा मिला है, जिसकी सूचना पर वहां पहुंचा तो वहां नहीं मिला। इसके बाद हम लोगों ने रामकृष्ण नगर थाना पहुंचे और बच्चे के लापता होने की लिखित शिकायत दी। रविवार की अहले सुबह पानी में उतराता शव बरामद हुआ है। मृत बच्चे के चाचा ने आशंका जतायी है कि किसी ने हत्या कर शव को पानी में फेंक दिया है।

इस मामले में सदर एसडीपीओ सत्यकाम ने कहा कि रामकृष्ण नगर थाना अध्यक्ष को सूचना मिली कि एक बच्चा गायब हो गया है। बच्चा खेलने के क्रम में वहां से गायब हो गया। लोगों से पूछताछ की गई तथा सीसीटीवी फुटेज भी देखा गया लेकिन बच्चे का कुछ भी पता नहीं चल पाया। बच्चे के चाचा के मकान के पास उसका शव पाया गया है। घटना की छानबीन की जा रही है।

## रिटायर होने वाले अग्निवीरों में से 42% को नौकरी देने की तैयारी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

अग्निवीर के पहले बैच से 2026-27 में रिटायर होने वाले जवानों में से 42% को सरकारी नौकरियों में समायोजित करने की तैयारी चल रही है। यह कदम उन अग्निवीरों के लिए महत्वपूर्ण है, जो सेना में समायोजित नहीं हो पाएंगे।

अग्निवीरों के पहले बैच में लगभग 1 लाख जवान शामिल हैं, जिनमें से 25,000 को सेना में नियमित किया जाएगा। इसका मतलब है कि 75,000 जवान, अन्य सरकारी मंत्रालयों या विभागों में समायोजित किए जाएंगे। इनमें अर्धसैनिक बलों और विभिन्न सरकारी सेवाओं में कार्यरत होने की संभावना है। इस समायोजन में 42% अग्निवीरों, यानी लगभग 31,500 जवानों को विभिन्न सरकारी विभागों में नौकरी दी जाएगी। इससे उन्हें सेवा के बाद भी एक सुरक्षित करियर मिल सकेगा। एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने भी एक दिन पहले यह इच्छा व्यक्त की थी कि 25% से ज्यादा अग्निवीरों को वायु सेना में शामिल किया जाए। इससे यह स्पष्ट होता है कि अग्निवीरों के लिए विभिन्न सुरक्षा बलों में समायोजन के अवसर बढ़ रहे हैं।

## मुंबई के चेंबूर में आग लगने के कारण दम घुटने से एक ही परिवार के 7 लोगों की मौत

**एजेंसी/मुंबई**

महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के चेंबूर में दिल दहलाने वाली घटना हुई है। रविवार की सुबह 5 बजे के करीब आवासीय इलाके की दुकान में भीषण आग लग गई। इसकी चपेट में आने से एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई। बीएमसी आपदा नियंत्रण ने बताया कि स्थानीय लोगों ने आग लगने की सूचना मुंबई फायर ब्रिगेड को दी, इसके बाद दमकल की टीम मौके पर पहुंची।

मुंबई फायर ब्रिगेड ने बताया कि सूचना मिली की सिद्धार्थ कॉलोनी के प्लॉट नंबर 16 में आग लग गई है, पूरा परिवार नींद में था और अचानक आग की चपेट में आ गया। दो अन्य लोग झुलस गए थे जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होंने परिवार को बचाने के लिए तमाम कोशिश की, लेकिन वह सफल नहीं हो सके।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए फोरेंसिक टीम सबूत इकट्ठा कर रही है। घटना की जांच शुरू कर दी गई है। मुंबई के चेंबूर में रविवार की सुबह लगी भीषण आग ने पहले तल पर स्थित किराना दुकान को अपनी चपेट में ले लिया और तेजी से फैल गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने ऊपरी मंजिल को अपनी चपेट में ले लिया, जहां परिवार रह रहा था। नीचे दुकान थी और ऊपर मकान में गुप्ता परिवार रहता था। परिवार के 7 सदस्यों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, सातों सदस्य की दम घुटने से मौत हुई। मृतकों में एक पुरुष, तीन महिलाएं और तीन नाबालिग शामिल हैं।

### नंद बाबा दुग्ध मिशन के दूसरे चरण को गति देने के लिए योगी सरकार ने आवंटित किया बजट

# 74 करोड़ से गौ पालकों को स्वावलंबी बनाएगी योगी सरकार

**केटी न्यूज/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के गौ पालकों की आय बढ़ाने, आत्मनिर्भर बनाने एवं स्वदेशी नस्ल की गायों के प्रति रुझान बढ़ाने के लिए नन्द बाबा दुग्ध मिशन के द्वितीय चरण को हरी झंडी दे दी है। ऐसे में योगी सरकार मिशन के तहत विभिन्न योजनाओं को परवान चढ़ाने के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 74 करोड़ 21 लाख रुपये खर्च करेगी। इससे प्रदेश के दस हजार से अधिक गौ पालकों को लाभ मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गौ पालकों की आय बढ़ाने एवं स्वदेशी नस्ल की गायों के प्रति रुझान बढ़ाने के लिए पिछले वर्ष नन्द बाबा



दुग्ध मिशन को लांच किया था। सीएम योगी ने इस पंचवर्षीय मिशन के लिए 1 हजार करोड़ रुपये के फंड का प्राविधान किया था। इसी के तहत सीएम योगी ने मिशन के दूसरे चरण को हरी झंडी दे दी है। सीएम योगी के इस कदम से वर्तमान वित्तीय वर्ष में 2566 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना का लाभ मिलेगा। इसके लिए 2052.40 लाख का बजट प्राविधानित है। इसी तरह मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना का 7028 लोगों को लाभ मिलेगा। इसके लिए 790 लाख रुपये खर्च किये जाएंगे। वहीं नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना का 90 लाभार्थियों को लाभ मिलेगा। इस योजना में 1015 लाख रुपये खर्च किये जाएंगे। इसके अलावा 330 प्रारंभिक दुग्ध सहकारी समितियों के गठन का लक्ष्य रखा गया है। इस मद में 722.70 लाख रुपये खर्च किये जाएंगे। गौ पालकों को पशु स्वास्थ्य एवं दुग्ध गुणवत्ता के लिए 621 परीक्षण किट वितरित की जाएंगी। इसके लिए 25 लाख की धनराशि आवंटित की गयी है। प्रदेश के डेयरी हित धारकों की डेयरी की क्षमता बढ़ाने के लिए 1447 डेयरी धारकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके लिए 64.30 लाख रुपये खर्च किये जाएंगे।

### नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना पर खर्च होंगे 1730 .08 लाख

मिशन के तहत टीएमआर मेकिंग के अध्ययन एवं ट्रेनिंग नीड एसेसमेंट (टीएनए) की योजना के लिए 35 लाख आवंटित किये गये हैं। राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत संचालित एबीआईपी-आईबीएफ ईटीटी योजना का 200 लोगों को लाभ दिया जाएगा, जिस पर 25 लाख खर्च किये जाएंगे। नन्द बाबा दुग्ध मिशन पोर्टल को विकसित करने के लिए 60 लाख रुपये खर्च किये जाएंगे। वहीं नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना का 294 लोगों को लाभ दिया जाएगा। इस मद में 1730 .08 लाख खर्च किये जाएंगे।



# भू-सर्वे में गड़बड़ी : पूर्व सांसद जगदीश शर्मा की जाति बदली, भूमिहार से हो गए यादव

- पूर्व सांसद ने सीएम नीतीश कुमार से की शिकायत
- पूर्व सांसद का आरोप: जमीन को रैयतों से छीनने की कोशिश

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

बिहार में वर्तमान में चल रहे भूमि सर्वेक्षण कार्य को लेकर अनेक गड़बड़ियों की शिकायतें सामने आ रही हैं, जिससे जमीन मालिक काफी परेशान हैं। इस प्रक्रिया के दौरान कई त्रुटियों के कारण भूमि मालिकों की जाति और जमीन के रिकॉर्ड में गलतियां हो रही हैं, जो सरकार के दावे को सवालों के घेरे में खड़ा कर रही हैं। एक ताजा मामला जहानाबाद के पूर्व सांसद जगदीश शर्मा से जुड़ा है, जिनकी जाति भूमि सर्वेक्षण के अभिलेख में गलत तरीके से दर्ज की गई है। सर्वेक्षण में बदली पूर्व सांसद की जातिपूर्व सांसद जगदीश शर्मा की जाति को सर्वेक्षण के दौरान भूमिहार की जगह ग्वाला (यादव) दर्ज कर दिया गया, जो एक बड़ी गलती मानी जा रही है। जगदीश शर्मा घोसी प्रखंड के कोर्रा गांव के निवासी हैं और राजनीति में उनका लंबा अनुभव रहा है। वे घोसी से छह बार विधायक और एक बार जहानाबाद



से सांसद रह चुके हैं। इस गलती ने न केवल भूमि सर्वेक्षण प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि जिले की राजनीतिक हलचलों में भी इस घटना की चर्चा गर्म है। पूर्व सांसद ने सीएम को पत्र लिख की शिकायत

जगदीश शर्मा ने इस गलती पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा। इसमें सर्वेक्षण प्रक्रिया में हुई खामियों को उजागर किया। उन्होंने अपने पत्र में कहा कि सर्वेक्षण के प्रथम चरण में अमीनों को जमीन मालिकों से मिलकर सही जानकारी दर्ज करनी चाहिए थी। अगर सर्वे की प्रक्रिया सही ढंग से की जाती, तो ऐसी गलतियां न होतीं। शर्मा ने आरोप लगाया कि कुछ क्षेत्रों में बकाश्त जमीन को रैयतों से छीनने की कोशिश की जा रही है, जो गंभीर चिंता का विषय है। सरकार को इसे पूरे मामले की जांच करते हुए दोषियों पर कार्रवाई करनी चाहिए।

## पूर्व सांसद ने सर्वेक्षण में सुधार के दिए सुझाव

पूर्व सांसद ने अपने पत्र में सर्वेक्षण प्रक्रिया को सुधारने के लिए कई सुझाव दिए हैं। जिन लोगों के पास अपनी जमीन के पुख्ता कागजात हैं, उनके नाम पर तुरंत रसीद काटने का आदेश दिया जाए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि ग्राम स्तर पर शिविर लगाकर त्रुटियों का निवारण किया जाए, ताकि भूमि मालिकों को राहत मिल सके। उनका मानना है कि जब एक चर्चित व्यक्ति की जाति ही बदल दी जा सकती है, तो सामान्य नागरिकों के साथ क्या हो रहा होगा, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है।

## सर्वेक्षण के दौरान आ रही अन्य समस्याएं

यह केवल एक मामला नहीं है। पूर्व सांसद ने हुलासगंज प्रखंड के नरमा, किसुनपुर, और बिसुनपुर गांवों में बकाश्त जमीन को रैयतों से छीनने की कोशिशों का भी जिक्र किया है। इससे साफ होता है कि सर्वेक्षण की प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां हो रही हैं। इसके कारण कई जमीन मालिकों के साथ अन्याय हो रहा है और उन्हें कानूनी और प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन के अधिकारी चंद पैसों की खातिर दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर दें रहे हैं। इससे परेशानी बढ़ रही है।

# पूर्णिया में वाटर टैंक साफ करते वक्त जहरीली गैस से एक मजदूर की मौत

**केटी न्यूज/पूर्णिया**

पूर्णिया में निमार्णाधीन वाटर टैंक साफ कर रहे एक मजदूर की मौत जहरीली गैस की चपेट में आने से मौत हो गई। जबकि चार अन्य मजदूर की हालत अभी गंभीर बनी हुई है, जिन्हें इलाज के लिए पूर्णिया जीएमसीएच में भर्ती कराया गया। घटना के बाद मृतक परिजनों में मातम पसरा हुआ है। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर लाश का पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया में जुट गई। यह घटना रविवार सुबह मुफस्सिल थानाक्षेत्र के दीवानगंज कदमटोला में घटी है। जानकारी के मुताबिक, मृतक मजदूर की पहचान दीवानगंज निवासी दिलीप महाल्दार के बेटे राजा महाल्दार के रूप में हुई है। वहीं, घायल मजदूरों में मिठ्ठू मंडल, भरत मंडल, छोटी मंडल और एक अन्य शामिल हैं। घटना को लेकर मलतू महाल्दार ने बताया कि करीब दो साल से निमार्णाधीन वाटर टैंक बंद था। रविवार को वाटर टैंक को साफ करने के लिए घर के बगल के ही चार मजदूर आए थे। वाटर टैंक में लीक कहा है, हम तुरंत खोज लेंगे। बिना सेफ्टी के ही राजा महाल्दार अंदर घुस गया। घुसने के तुरंत बाद ही जहरीली गैस की चपेट में आने से बेहोश हो गए।

### पिछले दस साल से एनडीए सरकार ने रेल का किराया बढ़ा दिया गया है

# बोले लालू यादव...कहीं रेल की पटरियां न बेच दे एनडीए सरकार

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में रेलवे को लेकर सियायत तेज हो गई है। रविवार को पूर्व रेल मंत्री व राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर एनडीए सरकार को निशाने पर लिया। इसके बाद बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा और सम्राट चौधरी ने पलटवार किया और उन्हें राजनीति का सबसे भ्रष्ट व्यक्ति कह दिया। दरअसल, लालू प्रसाद ने कहा कि पिछले 10 साल से एनडीए सरकार ने रेल का किराया बढ़ा दिया गया है। प्लेटफॉर्म टिकट के दाम बढ़ा दिए गए। स्टेशन बेच दिए गए। जनरल बोगियां घटा दी। बुजुर्गों को मिलने वाला लाभ खत्म कर दिया। सेफ्टी-सिक्योरिटी घटाने पर रोज हादसे हो रहे हैं। फिर भी कहते हैं रेलवे घाटे में है। अब यह कहीं रेल की पटरियां ना बेच दें। राजद सुप्रीमो के बयान पर पलटवार करते हुए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि लालू यादव ने रांची और पटना की संपत्ति बेच दी। देश में अगर किसी रेल मंत्री ने रेलवे की संपत्ति बेचने की शुरूआत की तो वो थे लालू यादव। वहीं उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि लालू प्रसाद यादव राजनीति के सबसे भ्रष्ट व्यक्तियों में से एक हैं। वह वही व्यक्ति हैं जिन्होंने रेलवे के अंदर नियुक्ति घोटाला के कारण अपने पूरे परिवार को जमानत पर भेज दिया था। पूरे देश के लोगों की जान खतरे में पड़ जाती थी विजय सिन्हा ने कहा कि जिस तरह से उनके कार्यकाल में रेल दुर्घटनाएं होती थीं, पूरे देश के लोगों की जान खतरे में पड़ जाती थी। पुराने जर्जर पटरी पर पूरी देश की जिंदगी दांव पर लगी थी। आज ट्रेन के अंदर यात्रा करना सुरक्षित हो गया है। पीएम मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद और उग्रवाद पर अंकुश लगाया गया है और लोगों का जीवन सुरक्षित है। भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण बनाने का प्रयास किया गया है। एक सजायाफ्ता भ्रष्टचारी अगर उपदेश दे तो समझ लीजिए कि उसके अंदर कहीं न कहीं खौफ है।



## उपमुख्यमंत्री ने कहा- उपदेश दे रहे भ्रष्टाचारी

पटना। बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने विपक्ष के वरिष्ठ नेता लालू प्रसाद यादव पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि लालू यादव ने देश में पहली बार रेलवे की संपत्ति बेचने की पहल की थी। उन्होंने कहा, श्लालू यादव पर किस मामले में सुनवाई चल रही है, यह सबको पता है। उन्होंने रांची और पटना में रेलवे की संपत्ति बचाई थी, और देश में पहली बार ऐसा हुआ कि किसी ने रेल संपत्ति बेचने का काम किया। उस व्यक्ति का नाम लालू यादव है।

## सबसे भ्रष्ट राजनेताओं में गिने जाते हैं लालू यादव: विजय सिन्हा

डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने भी विपक्षी नेता लालू यादव पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि उनकी गिनती देश के सबसे भ्रष्ट राजनेताओं में होती है। उन्होंने कहा कि लालू यादव ने रेलवे के अंदर नियुक्ति घोटाले के जरिए अपने पूरे परिवार को अदालत से बेल पर लाकर खड़ा कर दिया है। यह भ्रष्टाचार का जीता-जागता उदाहरण है। विजय कुमार सिन्हा ने रेलवे की वर्तमान स्थिति पर भी चर्चा की और कहा कि पहले जितनी रेल दुर्घटनाएं होती थीं, अब रेल यात्रा अधिक सुरक्षित हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ आताताई, आतंकवादी और उग्रवादी मानसिकता के लोग रेल दुर्घटनाओं को बढ़ाने की साजिश रचते हैं ताकि देश में अस्थिरता पैदा की जा सके। सिन्हा का यह बयान विपक्ष द्वारा की गई आलोचनाओं का जवाब है, और उन्होंने जोर देकर कहा कि अब की रेल व्यवस्था पहले से कहीं अधिक सुरक्षित और प्रभावी है। लालू यादव अपने बचाव में एनडीए सरकार पर लगातार झूठे आरोप लगा रहे है। ताकि उनकी साख बची रहे।

# मुजफ्फरपुर में बूढ़ी गंडक का रौद्र रूप, खतरे का निशान पार



**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में बागमती नदी के कहर के बाद से अब बूढ़ी गंडक नदी के जल स्तर में एक बार फिर से तेजी से इजाफा होने लगा है। शहर के बूढ़ी गंडक नदी के निचले क्षेत्र जिसमे चंदवाड़ा लकड़ी ढाई आश्रम घाट अखाड़ा घाट छिट भगवतीपुर चंदवारा और संगम घाट और दादर के पास के कई हिस्सों में पानी आने से बाढ़ का खतरा बना हुआ है। इससे आमजन की परेशानी बढ़ गई है। शहर के निचले हिस्से के दर्जनों मुहल्ले जलमग्न हो गये हैं, जिस वजह से लोग घर में कैद हो गए हैं। हालांकि बूढ़ी गंडक नदी बीते दिनों खतरे के निशान के नीचे थी लेकिन अब एक बार फिर लगातार जल स्तर में हो रहे इजाफा ने रहने वाले लोगो की चिंता बढ़ा दिया है। मुजफ्फरपुर जिला के आधा दर्जन से अधिक प्रखंड से होकर गुजरने वाली बूढ़ी गंडक नदी मोतीपुर मीनापुर मुसहरी बोचहा मुरौल और सकरा प्रखंड से होकर गुजरती है। लगातार नदी के जल स्तर में इलाफा होने से शहरी क्षेत्रों के कई निचले हिस्सों में बाढ़ के पानी ने दस्तक दिया है, जिसके बाद यहां के रहने वाले दहशत में है। सबसे ज्यादा असर शहरी क्षेत्रों के है, जहां बूढ़ी गंडक नदी का पानी आने से सैकड़ों घर जल समाधि लेने लग गए हैं। लोग अपने घरों में कैद हो गए है वही आने जाने के लिए कृत्रिम नाव यानी थमोकोल की बनी जुगाड़ की नाव का सहारा ले रहे हैं।

# मोमबत्ती फैक्ट्री में लगी भीषण आग, जेसीबी समेत 50 लाख रुपये की संपत्ति जलकर राख

**मधुबनी।** मधुबनी में एक मोमबत्ती फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। अगलगी की इस घटना में करीब 50 लाख की संपत्ति जलकर राख हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। घटना रहिका थाना क्षेत्र के जिबछ चौक के पास की है।जानकारी के मुताबिक, रहिका थाना क्षेत्र के जिबछ चौक के पास स्थित मोमबत्ती फैक्ट्री में रविवार की सुबह मजदूर काम कर रहे थे, तभी आग लग गई और देखते ही देखते आग ने पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया।

## एक नजर

# शिव चर्चा करने वाली महिलाओं पर गिरा बिजली का तार, एक की मौत, कई झुलसीं



**पटना।** पटना में मंदिर में चल रहे शिव चर्चा पूजा चल रहा था। तभी अचानक बिजली का तार गिर गया। इस घटना में एक महिला की मौत हो गई जबकि एक दर्जन लोग घायल हो गए। जिनमें चार की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। गंभीर लोगों को इलाज के लिए पटना के एम्स भेजा गया है,जबकि अन्य लोगों को इलाज के लिए पालीगंज अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना पालीगंज स्थित करकर बीघा गांव की है। घटना की सूचना मिलते ही पालीगंज डीएसपी और थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटना की पुष्टि करते हुए पालीगंज डीएसपी ने बताया कि एक व्यक्ति के मरने की सूचना मिल रही है, जबकि लगभग एक दर्जन लोग झुलस गए हैं। इस घटना में चार लोगों को गंभीर स्थिति में पटना रेफर कराया गया है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि पालीगंज थाना के करकर बीघा गांव में रविवार को शिव चर्चा चल रही थी। इसी दौरान अचानक बिजली की तार आपस में टकरा गई और तारों के बीच चिंगारी निकलते हुए तार गलकर टूटकर गिर पड़ी। आसपास के लोगों ने बताया कि वहां शिव चर्चा चल रही थी और बिजली की 11000 वोल्ट की तार शिव चर्चा में शामिल महिलाओं पर गिर गई। इस हादसे में शिव प्रसाद की पत्नी की झुलसने से मौत हो गई, जबकि लगभग एक दर्जन महिलाएं और बच्चे घायल हो गए। घटना की सूचना के बाद पूरे गांव में अफरा तफरी मच गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना बिजली विभाग और स्थानीय थाना को दी। तत्काल मौके पर पहुंचकर पुलिस घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले गई। वहीं दूसरी ओर मृतक महिला का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव उसके परिजनों को सौंप दिया गया। इस घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह घटना कैसे हुई थी। बताया जा रहा है की सूचना मिलते ही बिजली विभाग के लोगों ने आनन-फानन में उसे इलाके की बिजली काट दी। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# कार्यकर्ता पीके की सोच को आम जनता तक पहुंचाने में निभायें अहम भूमिका : मनोज

- प्रशांत किशोर की सोच का बिहार बनाया जा सकेगा
- कार्यकताओं को अपने अंदर जज्बा पैदा कर हर स्तर पर सक्रिय भूमिका निभानी होगी

**केटी न्यूज/पटना**

जन सुराज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने कार्यकताओं से घर-घर जाकर जन सुराज की बातें पहुंचाने और प्रशांत किशोर की सोच से लोगों को अवगत कराने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की है। पार्टी कार्यालय में योगदान के बाद भारती ने कार्यकताओं की ओर से



आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार की व्यवस्था को बदलने के लिए सभी कार्यकताओं को अपने अंदर जज्बा पैदा कर हर स्तर पर सक्रिय भूमिका निभानी होगी। इस अवसर पर प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय कुमार ठाकुर ने कहा कि मनोज भारती के नेतृत्व में जन सुराज अपने मुकाम को हासिल करेगा और इसके संस्थापक प्रशांत किशोर की सोच का बिहार बनाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने अपने पूर्व घोषणा के अनुरूप अति प्रतिभाशाली विद्वान और चार देशों में राजदूत रह कर देश की सेवा करने वाले दलित समाज के तथा खांटी बिहारी मनोज भारती को पार्टी की कमान सौंप कर जन भावनाओं का सम्मान किया है। ठाकुर ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष भारती को बनाए जाने के बाद से ही उन्हें बधाइयां और शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा हुआ है। जन सुराज के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पार्टी मुख्यालय पहुंच कर उन्हें बधाइयां दे रहे हैं और उनके तथा पार्टी के उज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं।

# दरभंगा में सीओ की गड़बड़ी पर डीएम ने उठाया सख्त कदम

**दरभंगा।** दरभंगा जिले में चल रहे भूमि सर्वेक्षण के दौरान एक बड़े घोटाले का खुलासा हुआ है, जहां सरकारी जमीन की रैयतों के नाम पर अवैध रूप से जमाबंदी कर दी गई। सीओ और राजस्व कर्मचारियों की मिलीभगत से करोड़ों रुपये की सरकारी जमीन को गलत तरीके से रैयतों के नाम पर कर दिया गया। यह मामला तब सामने आया जब वर्तमान समय में जिले में भूमि सर्वेक्षण का काम चल रहा है। दरभंगा के डीएम राजीव रोशन ने इस घोटाले को गंभीरता से लेते हुए मनीगाछी और अन्य प्रखंडों के कई सीओ व एक दर्जन राजस्व कर्मचारियों के खिलाफ जांच कराई। अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ प्रपत्र क के तहत कार्रवाई की अनुशंसा की गई है।

### राज्य की लगभग 1 करोड़ बच्चियों के टीकाकरण का लक्ष्य

# बच्चेदानी के मुंह के कैंसर से बचाव हेतु मुफ्त टीका लगना शुरू : मंगल पांडेय

**केटी न्यूज/ पटना**

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय की अध्यक्षता में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए मुख्यमंत्री बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना की विधिवत शुरूआत हो गई। इस दौरान 9 से 14 साल की बच्चियों को ह्यूमन पेपिलोमा वायरस टीका लगाया गया। कार्यक्रम के दौरान बिहार सरकार के दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा भी मौजूद रहे। दीघा विधानसभा के माननीय विधायक डॉ. संजीव चौरसिया ने भी इस अवसर पर अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। अपने संबोधन में मंगल पांडेय ने कहा कि सीएम



नीतीश कुमार की अध्यक्षता में 21 अगस्त 2024 को हुई कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना की स्वीकृति दी गई। जिसके तहत सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु 09-14 वर्ष उम्र की बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण के लिए मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से अनुदान देने की स्वीकृति हुई। 2011 की जनगणना के अनुसार इस आयु वर्ग की अनुमानित संख्या लगभग 1 करोड़ है। जिनको टीका का लाभ मिलेगा। इस टीकाकरण कार्यक्रम पर प्रतिवर्ष लगभग 150 करोड़ रुपये खर्च होंगे। जो सीएम नीतीश कुमार के प्रयासों से राज्य सरकार वहन करेगी। बिहार देश का पहला राज्य है जहां निःशुल्क एचपीवी टीका लगाने का ऐतिहासिक निर्णय हुआ है। इस अवसर पर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव संभव है, क्योंकि इसके लिए एक प्रभावी वैक्सिन उपलब्ध है। जो विशेष रूप से 09 से 14 साल की बालिकाओं पर प्रभावी रहता है। एचपीवी टीकाकरण का शुभारंभ प्रथम चरण में राज्य के पांच जिलों पटना, नालंदा, सिवान, पूर्णिया एवं मुजफ्फरपुर में किया जा रहा है। इस वैक्सिन की दो खुराक का 6 माह के अंतराल पर 9 वर्ष से 14 वर्ष आयुवर्ग की सभी बालिकाओं को निःशुल्क दी जायेगी एवं राज्य में लगभग 1 करोड़ बालिकाओं को एचपीवी टीका से आच्छादित किये जाने का लक्ष्य है।



# मां कूष्मांडा की पूजा कर लोगों ने मांगा सुख और समृद्धि का आशीर्वाद

केटी न्यूज/बक्सर



नवरात्र के चौथे दिन रविवार को शहर के देवी मंदिरों में मां कूष्मांडा की पूजा विधि-विधान के साथ की गई। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने रेलवे स्टेशन स्थित दुर्गा मंदिर, काली मंदिर, डुमरेजनी मंदिर आदि स्थानों के देवी मंदिरों में पूजा-अर्चना कर मां से खुशहाली व समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। सुबह से मंदिर परिसरों में भक्त कतारबद्ध होकर अपनी बारी की प्रतीक्षा कर रहे थे। दोपहर से शाम तक मंदिरों में भीड़ कुछ कम रही। लेकिन, शाम से रात तक एक बार फिर भीड़ बढ़ गयी। श्रद्धालुओं ने नारियल, चुनरी, अड़हुल की माला, बताशा आदि अर्पित की। इसके बाद धूप और दीप से आरती कर मां की पूजा की। शाम को बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने देवी मंदिरों में घी के दीपक जला कर श्रद्धा निवेदित की। घरों में भी धूप दीप और मंत्रों की गूंज के बीच मां दुर्गा की आराधना की गयी। आचार्य विंध्याचल ओझा जी महाराज ने बताया कि मां कूष्मांडा को अष्टभुजा देवी कहा जाता है। उनकी आठ भुजाएं हैं। मां कूष्मांडा के हाथों में धनुष, बाण, कमल पुष्प, चक्र, गदा, कमंडल, जप माला और अमृकपूर्ण कलश कहता है। मां कुष्मांडा सिंह की सवारी करती है। मां की पूजा में हरे रंग के प्रयोग सबसे ज्यादा करना चाहिए। शारदीय नवरात्रि के चौथे दिन मां दुर्गा के चौथे स्वरुप मां कूष्मांडा की पूजा अर्चना की जाती है। मां कूष्मांडा की मंद मुस्कान से ही इस संसार ने सांस लेना शुरू किया, यानी इनसे ही सृष्टि का आरंभ हुआ है। जब सृष्टि में चारों तरफ अंधकार फैला हुआ था। तब देवी कुष्मांडा ने अपनी मंद मुस्कान से अंधकार का नाश करके सृष्टि में प्रकाश किया था। साथ ही मां कूष्मांडा सकी पूजा से व्यक्ति को यश, बल और धन की प्राप्ति होती है। साथ ही जीवन से सारा अंधकार दूर होता है। यदि विद्यार्थी मां कूष्मांडा की पूजा करते हैं तो उन्हे बुद्धि विवेक में वृद्धि होती है। साथ ही व्यक्ति की सारी मनोकामनाएं भी पूरी होती है।

## श्रद्धालुओं ने लगाया माता को भोग

**केसठ।** नवरात्र के चौथे दिन शक्ति के उपासकों ने पूरे श्रद्धा भाव से मां भगवती की पूजा-अर्चना की। इस दौरान मां के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। चौथे दिन मां के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा की पूजा हुई। घरों के अलावा मंदिरों और पूजा पंडालों में चौथे दिन की पूजा-अर्चना हुई। इस बीच मां के मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का जुटना शुरू हो गया। इनमें महिलाओं और युवतियों की तादाद ज्यादा रही। सबों ने मां दुर्गा की विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान मां के जयकारे गूंजते रहे। माता के मंदिरों को काफी आकर्षक तरीके से सजाया गया था।शाम ढलते ही मां के मंदिरों की खूबसूरती देखते बन रही थी। वहीं मां की प्रतिमाओं का भव्य श्रृंगार किया गया था। पंडितों की मौजूदगी में पूजा पंडालों और मंदिरों में चौथे दिन का अनुष्ठान पूरा हुआ। इधर, घरों में भी लोगों ने दुर्गा सप्तशती का पाठ किया और मां की विधिवत पूजा की। नवरात्र को ले घरों में इन दिनों साफ- सफाई और पवित्रता पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है। बहुत से घरों में लहसुन-प्याज तक बंद है। लोग पूरी श्रद्धा से मां की उपासना में लीन हैं।

## एक नजर

### जिला स्तरीय विज्ञान मेला का हुआ समापन



**बक्सर।** जिला मुख्यालय के अभियंत्रण कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय विज्ञान मेले का समापन हो गया है। समापन समारोह के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि डीडीसी डॉ. महेन्द्र पाल मौजूद थे। कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार सरकार एवं राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय बक्सर के संयुक्त तत्वावधान में इस जिला स्तरीय विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। इसमें युवाओं द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवीन प्रोजेक्ट्स के माध्यम से कौशल दिखाया गया। बाल मेले के दौरान प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक मॉड्यूल बना उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। डीडीसी समेत सभी आगत अतिथियों ने छात्रों द्वारा बनाए गए मॉड्यूल की जमकर सराहना की। इस दौरान ग्रुप 7 के राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय बक्सर की मानसी एवं अनामिका ने फायर फाइटिंग रोबोट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। ग्रुप 2 के राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय बक्सर के रोहित कुमार एवं सुशांत कुमार ने मैकेनिकल स्क्वेयर क्रो में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप 18 के राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय बक्सर के आजाद अंसारी, रोशन शर्मा, आदित्य रंजन, तनुजा कुमारी, सत्यम कुमार, अंकित कुमार, रौशन कुमार ने हाइड्रोलिक ब्रिज में तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप 13 के राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय बक्सर के आकाश श्रीवास्तव एवं सौम्य श्रीवास्तव ने एंटी स्लीप अलार्म सिस्टम में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। ग्रुप 14 के राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय बक्सर के ऋषभ रंजन, विष्णु महाराज, नितिन कुमार, आदित्य प्रकाश, आलोक राज, लोकेश शिवम, बृजेश कुमार, संध्या कुमारी, कुमार अभिषेक रंजन, विशाल कुमार ने अर्थोक्वीक रेसिस्टेंट बिल्डिंग में पाचवां स्थान प्राप्त किया। जिला स्तरीय विज्ञान मेला में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु चयनित किया गया। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, प्राचार्य राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय बक्सर एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### चौसा बाजार से गंगा घाट तक पोल गाड़ विद्युतियकरण का विस्तारीकरण शुरू



**चौसा।** नगर पंचायत स्थित बाजार घाट में आम ग्रामीणों के लंबित मांग के साथ ही दशहरा व छठ महापर्व के मद्देनजर बिजली का खंभा लगाने के कार्य के साथ चौसा बाजार से गंगा घाट तक विद्युतीकरण का कार्य प्रारंम्भ कर दिया गया। बकायदा इस कार्य से पहले मुख्य पार्षद किरण देवी व पूर्व जिला पार्षद डा. मनोज कुमार यादव द्वारा पूजा अर्चना कर किया गया। बताया जा रहा है कि बाजार घाट तक बिजली नहीं पहुचने से हजारों की संख्या में लोगों के स्नान ध्यान करने में अंधेरे के वजह से भारी कठिनाई होती थी। इन बिंदुओं को लेकर जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल, अनुमंडलाधिकारी धीरेंद्र मिश्रा एवं चौसा नपं के कार्यपालक पदाधिकारी शुभम कुमार के सहयोग से उक्त घाट पर बिजली का खम्भा लगाने का कार्य की शुरूआत की गई। जिसको लेकर आम लोगों में खुशी व्याप्त है। इस दौरान वार्ड पार्षद चन्दन चौधरी, मो. रिजवान खान, क्षेत्रीय अभियंता अभिषेक सिंह, सुभाष सिंह के अलावा बिजली विभाग के कनीय अभियंता चौसा के अलावा सामाजिक कार्यकर्ता अमर गोंड़, अरुण कुशवाहा, लाल जी चौधरी, मुन्ना चौधरी, शमीम, प्रमोद कुमार,भोला चौधरी, सोहन चौधरी, कलाम राइन, महेन्द्र चौधरी, अधिवक्ता राम लखन पाल आदि लोग उपस्थित रहे।

### बहुत सत्कर्मों के बाद ही मिलता है मनुष्य का जीवन: प्रज्ञा पांडेय



**केसठ।** नावानगर प्रखंड के भटौली मां काली मंदिर के प्रांगण में 3 अक्टूबर दिन गुरुवार से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। जिसका समापन 11 अक्टूबर दिन शुक्रवार को विधिवत पूजन हवन भंडारे के साथ होगा। कार्यक्रम का नेतृत्व दिलीप बाबा उर्फ त्यागी बाबा द्वारा किया जा रहा है। जिसमें समस्त ग्रामीणों का सहयोग बढ़ चढ़कर है। इस आयोजन में कथा वाचन की भूमिका सुश्री किशोरी प्रज्ञा पांडे अयोध्या द्वारा निभाई जा रही है। जिनके द्वारा श्रद्धालु श्रोताओं के बीच संगीत मय देवी पुराण व श्रीमद् भागवत कथा का रसपान श्रद्धालु श्रोताओं के बीच कराया जा रहा है। कथा सुनने के लिए लोगों की भीड़ लग रही है। शांति व्यवस्था को लेकर थानाध्यक्ष डॉ नंदू कुमार द्वारा भी अपने दल बल के साथ गस्ती के दौरान निगरानी रखी जा रही है। अपने मुखारविंद से सुश्री किशोरी प्रज्ञा पांडे ने भगवान की महिमा को वर्णन करते हुए कहा की कथा मानव को मार्गदर्शन करता है। जो मनुष्य मन से कथा का श्रवण कर लेता है उसका लोक ही नहीं परलोक भी सुधर जाता है। मनुष्य जीवन बहुत ही दुर्लभ से प्राप्त होता है और बहुत सत्कर्मों के बाद ही मनुष्य का जीवन मिलता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को इसका सदुपयोग करना चाहिए और राम कृष्ण नाम का जाप करते हुए अपने लोक व परलोक को सुधारना चाहिए। क्योंकि कलयुग में मनुष्य का सबसे बड़ा सहारा मात्र एक प्रभु का नाम ही है। अगर जो मनुष्य प्रभु की शरण में आ जाएगा वह किसी भी प्रकार के दलदल से बच जाएगा। संगीत मय कथा में बिहार चौंपियन किलारनेट वादक चौगाई के मुन्नी मास्टर, बिंजू वादक छठु जी मुंगाव, नाल वादक उमाशंकर जी बसगितीया, जोड़ी वादक अखिलेश पांडे रामपुर, पैड वादक भोला जी का सहयोग सराहनीय है। जिसमें समस्त ग्रामीण व क्षेत्र के लोगों का सहयोग बढ़ चढ़कर है। इस कार्यक्रम से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है।

## खबरें फटाफट

### नैनीजोर में बाइक पर लदी शराब बरामद तस्कर फरार

**ब्रह्मपुर।** नैनीजोर थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के कोईलवर तटबंध के करीब स्थित त्रिमुहानी मोड़ पर वाहन चेकिंग अभियान के दौरान शराब लदी एक बाइक को जब्त किया। जबकि तस्कर पुलिस को चकमा दे भागने में सफल रहा। बाइक के पीछे प्लास्टिक के थैले में बंधे 430 बोतल शराब बरामद हुआ। इस संबंध में जानकारी देते हुए नैनीजोर थानाध्यक्ष मो. फिरोज आलम ने बताया कि पुलिस त्रिमुहानी मोड़ के पास वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान यूपी की तरफ से एक बाइक चालक आता दिखाई दिया। उसके बाइक के पीछे प्लास्टिक के थैले में कुछ बंधा था। पुलिस को देख वह कुछ दूर पहले ही बाइक खड़ा कर फरार हो गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि बाइक नंबर के आधार पर उसकी शिनाख्त की जा रही है। उन्होंने कहा कि उसे जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गौरतलब है कि अवैध शराब की बिक्री रोकने के लिए पुलिस की ओर से हर दिन जांच अभियान चलाया जा रहा है। तस्कर पकड़ में भी आ रहे हैं इसके बाद भी अवैध शराब बिक्री करने से वे बाज नहीं आ रहे हैं।

### जदयू के नये अधिकारियों में वितरित किया प्रमाण पत्र

**डुमरांव।** नगर के लंगटू महादेव मंदिर में शहर के जदयू कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जदयू वार्ड अध्यक्ष और उनके द्वारा बनाए गए पांच-पांच मेम्बरों को प्रमाण पत्र दिया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष गोपाल प्रसाद गुप्ता व संचालन विमलेश सिंह ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में महिला जिलाध्यक्ष प्रीति पटेल मौजूद रहीं। बैठक में बनाए गए सभी नए पदाधिकारियों व सदस्यों को बताया गया कि 2025 में होने वाला विधान सभा का चुनाव पार्टी के लिए काफी अहमियत रखता है। इसलिये हमें अपनी पूरी ताकत से इस दिशा में काम करना होगा।

### चौसा के किसान नेता रामप्रवेश यादव को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**चौसा।** अभी हाल ही जमानत पर छूटकर आये किसान नेता रामप्रवेश यादव को राजपुर पुलिस ने मुफस्सिल थाने से गिरफ्तार कर लिया। जिसे पुलिस पटना एडीजे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करेगी। बताया जाता है कि उनके ऊपर आर्थिक इकाई के मामले केस चल रहा था। इस मामले में भी वे जमानत पर थे। लेकिन, उनका जमानत टूट गया था। इसी मामले में न्यायालय ने वारंट जारी किया था। जबकि, रामप्रवेश यादव रविवार को मुफस्सिल थाने पर अपनी वाहन का जमानत कराने पहुंचे थे। उसी दौरान राजपुर पुलिस थाने पहुंच उन्हें गिरफ्तार कर लिया। रामप्रवेश ने बताया वे किसानों के हक की लड़ाई लड़ते रहेंगे। इसके लिए उन्हें जेल जाना पड़ेगा तो वे पीछे नही हटेंगे।

## एनएच 120 पर टेढ़की पुल के समीप हुई घटना, पुलिस जीप का चालक भी जखमी

# पुलिस वाहन व यात्रियों से भरी ऑटो में सीधी टक्कर, 8 जख्मी, एक गंभीर

- नावानगर शीतला धाम मंदिर से दर्शन-पूजन कर लौट रही थी महिलाएं, अनुमंडलीय अस्पताल में हुआ इलाज

केटी न्यूज/डुमरांव



रविवार की शाम एनएच 120 पर टेढ़की पुल के समीप मुरार थाने की पुलिस वाहन व महिला श्रद्धालुओं से भरी ऑटो की सीधी टक्कर में पुलिस जीप चालक समेत कुल 9 लोग जख्मी हुए है। जख्मियों में एक महिला की हालत गंभीर है, जिसे डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया है। वही, अन्य जख्मियों का इलाज जारी है। ऑटो सवार महिलाएं नावानगर के अतिमी मोड़ के पास स्थित शीतला धाम देवी मंदिर से दर्शन-पूजन कर लौट रही थी।

प्रत्यक्षदर्शी सूत्रों का कहना है कि घटना के वक्त दोनों वाहनों की स्पीड बहुत अधिक थी तथा दोनों वाहन बूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस तथा डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची तथा घायलों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया।

घटना स्थल का मुआयना के बाद यह स्पष्ट हो गया कि पुलिस वाहन अपने साइड से ही जा रही थी, ऐसे में ऑटो चालक की लापरवाही से ही यह घटना हुई है। घटना के बाद डुमरांव के अलावे मुरार व कोरानसराय की पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई।

जख्मियों में भोजपुर जिले के गुड़ी सरैया निवासी बबीता देवी पति जितेन्द्र कुमार यादव, आरा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सुपरनगंज निवासी बेदामो कुंवर पति स्व. शिवनारायण यादव, बड़हरा आरा की अनिता देवी पति सरोज राय, बिहिया थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव की लीलावती देवी पति मनमन यादव, सिमरी थाना क्षेत्र के निमौआ गांव निवासी पूनम देवी पति उपेन्द्र प्रसाद, बड़का गांव मानसिंह पट्टी गांव की कांति देवी पति रामभजन पाल के अलावे टेम्पो चालक वासुदेवा थाना क्षेत्र के आथर गांव निवासी मो. साहब पिता रोजा मियां शामिल है। वही, पुलिस जीप के चालक संतोष कुमार को भी गंभीर चोटें आई है। इनमें बबीता को गंभीर चोटें आई है तथा प्राथमिक इलाज के बाद उसे रेफर कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार मुरार थाने की वाहन में कुछ तकनीकी समस्या उत्पन्न हुई थी, जिसे मरम्मत करा चालक वापस लौट रहा था। वह जैसे ही टेढ़की पुल से आगे बढ़ा कि विपरीत दिशा से आ रही यात्रियों से लदी टेम्पो से उसकी टक्कर हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। हालांकि पुलिस की तत्परता से जख्मियों को तत्काल इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचा दिया गया। अनुमंडलीय अस्पताल में घायलों का इलाज करने वाले डॉ. अजय कुमार ने बताया कि सभी जख्मी खतरे से बाहर है। एक महिला को रेफर किया गया है, अन्य सभी को सामान्य चोटे आई है।

इस संबंध में डुमरांव थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल पुलिस टीम भेज घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

## श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो ने पूजा करने जा रही महिला को रौंदा, इलाज के दौरान मौत



**बक्सर।** रविवार की सुबह श्रद्धालुओं को दर्शन पूजन के लिए मुंडेश्वरी धाम ले जा रही एक बोलेरो ने घर से पूजा करने निकली एक महिला को रौंद दिया। जिससे महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वही भागने के क्रम में बोलेरो ने पास में खड़े एक ठेला में धक्का मारते हुए ट्रक से टकरा गया। इस हादसा में बोलेरो सवार भी जख्मी हुए है। सभी तिलक राय के हाता ओपी क्षेत्र के नियाजपुर तिसरिया के डेरा गांव निवासी है। घटना रविवार की सुबह औद्योगिक थाना क्षेत्र के एनएच 922 पर अहिरौली मोड़ की है।

मृतक महिला जानकी देवी 60 वर्ष पति जनार्दन ओझा मूलरूप से इटाढ़ी थाना क्षेत्र के चिलहर गांव के रहने वाली थी। उसका परिवार अहिरौली मोड़ के पास अवधपुरी कॉलोनी में घर बनाकर रहता है। घटना के बाद से पूरा परिवार मर्माहत हो गया। परिजनों की चिख पुकार से माहौल गमगीन हो गया था। जबकि इस घटना में बोलेरो चालक भी गंभीर रूप से जख्मी हुआ है। बताया जाता है कि नियाजीपुर तिसरिया के डेरा निवासी झुना पाठक का परिवार बोलेरो गाड़ी में सवार होकर मुंडेश्वरी धाम दर्शन करने के लिए जा रहा था। इसी बीच आरा-बक्सर फोरलेन पर बोलेरो अनियंत्रित होकर पूड़ी जिलेबी बेचने वाली ठेले में जोरदार टक्कर मारते हुए जानकी को रौंद कर पास में खड़ी ट्रक से टकरा कर दुर्घनाग्रस्त हो गई।

## घरेलू हिंसा रोकने में कारगर साबित हो रहा है दीदी अधिकार केन्द्र

केटी न्यूज/डुमरांव

महिलाओं पर घरेलू हिंसा और अत्याचार को रोकने के लिए दीदी अधिकार केन्द्र काफी कारगर साबित हो रहा है। स्कूल कॉलेज जाने-आने के साथ बाजारों में छेड़कानी करने और फब्तिया कसने वालों पर अधिकार केन्द्र के स्टाफ शहर सहित पंचायत के गांवों में घुमकर महिलाओं को अधिकार दिलाते हुए हिंसा से बचा रही हैं और सभी को केन्द्र से सहायता लेने की सलाह दे रही हैं। साथ ही जहां उन्हें महिलाओं के अधिकारों का हनन हो रहा है और घरेलू हिंसा से पीड़ित है, वहां जाकर परिवार से मिल उन्हें समझाती हैं। समझाने के बाद भी परिवार नहीं मानता है तब उन्हें कानून के दायरा में लाया जाता है।

दीदी अधिकार केन्द्र से महिलाओं के लिय मिलने वाली सारी योजनाओं के बारे में भी बताया जाता है। साथ ही कोई इन योजनाओं को पाने से वंचित हो जाता है तो उन्हें दिलाने के लिए काम करता है। इसके संबंध में केन्द्र की कोऑडीनेटर खुश्बु कुमारी बताती हैं कि जो महिलाएं बताती हैं कि उनके पति शराब पिते हैं और घरेलू हिंसा भी करते हैं, उन्हें भी शराब पीने की लत छुड़वाकर उसे अच्छे रास्ते पर चलने की नसीहत देती हैं। कोई वृद्ध महिला या पुरूष जो पेंशन पाने के योग्य हैं और उन्हें मिल नहीं रहा है, उसे दिलवाने की दिशा में काम करते हुए उसे पूरा भी करती हैं। महिलाओं के लिए जो स्कीम सरकार द्वारा चलाया जाता है, उसकी बहुतों को जानकारी नहीं होती है।

## भाजपा नेताओं ने खुले में मांस बिक्री रोकने की जिलाधिकरी से की मांग

केटी न्यूज/बक्सर



बक्सर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व महर्षि विश्वामित्र विचार मंच के राष्ट्रीय संयोजक राणा प्रताप सिंह के नेतृत्व में पांचसदस्यी शिष्टमंडल ने जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें नगर के सड़कों पर मुर्गा व बकरे के मांस को काटकर खुलेआम बिक्री पर रोक लगाने की मांग की गई हैं। डीएम को दिए ज्ञापन में बताया गया है कि नगर के मुख्य मार्गों पर जगह-जगह मांस की खुलेआम बिक्री हो रही है और उसके अवशेष व उससे संबंधित पानी तथा खून सड़कों पर बिखरे रहते हैं। जिससे उस रास्ते से गुजरने वाले हरेक व्यक्ति का हृदय आहत होता हैं। यह सनातनियों के आस्था के साथ खिलवाड़ तथा संयम पर हमला है। ज्ञापन में जल्द मांस की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की गई है।

इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि बक्सर महर्षि विश्वामित्र की तपोभूमि और प्रभु श्रीराम की शिक्षा स्थली है। बक्सर की धरती की पवित्रता व वैभव का इतिहास गवाह है। यह एक पौराणिक स्थल है तथा पिछले 10 वर्षों में बक्सर का तेजी से विकास हुआ है। इस धरती की पवित्रता बनाए रखने को लेकर महर्षि विश्वामित्र विचार मंच चुप नहीं बैठेगा, हिंदुओं के आस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, इसे तत्काल बंद नहीं किया गया तो आंदोलन तेज होगा। इस दौरान भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री आदित्य चौधरी, रामलीला समिति के संयुक्त सचिव सह मीडिया प्रभारी हरिशंकर गुप्ता, भाजपा नेता अरुण गुप्ता, सुरेश गुप्ता इत्यादि शामिल थे।

## विजयादशमी महोत्सव के दौरान जय श्रीराम के नारों से गूंजा किला मैदान, हजारों श्रद्धालु रहे मौजूद

# सुर्पणखा नासिका भंग और भक्त गोपाल चरित्र का हुआ दिव्य मंचन

- विजयादशमी महोत्सव के 12वें दिन श्रीधाम वृंदावन से आए कलाकारों ने किया मंचन

केटी न्यूज/बक्सर



श्रीरामलीला समिति, बक्सर के तत्वावधान में आयोजित 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव के 12वें दिन रविवार को श्रीधाम वृंदावन से पधारी सुप्रसिद्ध रामलीला मण्डल श्रीराधा माधव रासलीला एवं रामलीला द्वारा देर रात्रि मंचित रामलीला में सुर्पणखा नासिका भंग प्रसंग का मंचन हुआ। जिसमें दिखाया गया कि प्रभु श्रीराम, सीताजी का सुंदर श्रृंगार करते हैं। उसी वक्त जयंत की पत्नी वहां पहुंचती है और भगवान श्रीराम का दर्शन कर उनके चरणों की भक्ति मांगती है। भगवान की कृपा से वह स्वर्ग पहुंचती है। वहां जयंत ने अपनी पत्नी से पूछा की तुम कहां गई थी, वह सारा वृतांत बताती है। जयंत कौवे का वेश बनाकर भगवान की परीक्षा लेने आता है और सीता जी के पैर में चोट मारता है। श्रीराम जयंत के लिए अग्निबाण छोड़ देते हैं। वह उससे बचने के लिए अपने पिता इंद्र के अलावे भागते हुए भोलेनाथ और ब्रह्माजी के पास जाता है। लेकिन उसकी रक्षा कोई नहीं करता। अंत में नारदजी ने बताया कि जिसका तुमने अपराध किया है उसी के शरण में जाओ। जयंत श्रीराम की शरण में आता है, जहां भगवान उस पर कृपा करते हुए उसकी एक आंख फोड़ देते हैं। जयंत पर कृपा करके भगवान श्रीराम आगे बढ़ते हुए अत्रि ऋषि के आश्रम पहुंचते हैं। यहां वे श्रीराम का भव्य स्वागत करते हैं और सीताजी को माता अनसूईया के पास शिक्षा लेने के लिए भेजते हैं। जहां अनुसूया माता सीता को स्त्री धर्म का उपदेश देती है। यहां से आगे वे पंचवटी में निवास करते हैं।

यही पर रावण की बहन सूर्पणखा पंचवटी पर घूमने आती है और दोनों भाइयों के सौंदर्य को देखकर मोहित हो जाती है। वह अपना सुंदर सा रूप बनाकर दोनों भाइयों के समक्ष जाती है और विवाह करने का प्रस्ताव रखती है। दोनों भाइयों के मना करने के बाद भी वह विवाह करने के लिए हठ करने लग जाती है तब राम के आदेश पर लक्ष्मण सूर्पनखा की नाक काट देते हैं।

वहीं इसके पूर्व दिन में श्री कृष्णलीला के दौरान... भक्त गोपाल चरित्र के प्रसंग का मंचन हुआ। उक्त लीला का दर्शन कर श्रद्धालु भाव विभोर हो जाते है। उक्त लीला के दौरान आयोजन समिति के सचिव बैकुण्ठ नाथ शर्मा, संयुक्त सचिव सह मीडिया प्रभारी हरिशंकर गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुरेश संगम, कृष्ण कुमार वर्मा, उदय कुमार सर्राफ उर्फ जोखन जी के अलावे बिहार प्रदेश भाजपा पैनलिस्ट रानी चौबे मुख्य रुप से उपस्थित रहे।



# भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं के लिए हर समय साथ खड़ा रहेगा आईईएसएमः डॉ पीके पांडेय

◆ इंडियन एक्स सर्विसमैन मुवमेंट की अनुमंडल स्तरीय बैठक संपन्न, शामिल हुए सैकड़ों रिटायर्ड फौजी व वीरांगनाएं

**केटी न्यूज/डुमरांव**



इंडियन एक्स सर्विसमैन मुवमेंट रिटायर्ड सैनिकों तथा उनके परिवार की समस्याओं के समाधान के लिए ही गठित किया गया है। रिटायर्ड सैनिक तथा उनके परिवार की पेंशन या अन्य समस्याओं के समाधान के लिए हर वक्त खड़ा रहूंगा। उक्त बातें आईईएसएम बक्सर के चेयरमैन सह शहाबाद हेल्थ केयर के अध्यक्ष डॉ. पीके पांडेय ने रविवार को डुमरांव के जयपुरिया स्कूल परिसर में कही। अवसर था आईईएसएम के डुमरांव अनुमंडल इकाई की मासिक बैठक का।

डॉ. पांडेय ने बैठक में मौजूद पूर्व सैनिकों तथा वीरांगनाओं को संबोधित करते हुए संगठन का महत्व समझाया तथा कहा कि संगठन में ताकत होती है। उन्होंने पूर्व सैनिकों को संगठित रहने की सीख दी। उन्होंने सैनिकों का मनोबल बढ़ाया और हर तरह से मदद का आश्वासन दिया। बैठक की अध्यक्षता सूबेदार कमलेश्वर राय व संचालन उपाध्यक्ष हवलदार गजेंद्र तिवारी ने किया।

## सदस्यता अभियान को गांव गांव तक चलाया जाएगा

अपने संबोधन में डुमरांव चेयरमैन सूबेदार अजय पांडेय ने संगठन को अपना समर्थन और सहयोग देने की बात कही। उन्होंने कहा कि संगठन को हर तरह से हमारा समर्थन जारी रहेगा और संगठन का विस्तार युद्ध स्तर पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान को गांव गांव तक चलाया जाएगा। अध्यक्ष हरेंद्र तिवारी ने पेंशन संबंधित सारी जानकारियां विस्तार से दी। उपाध्यक्ष सूबेदार विद्या सागर चौबे ने पुलिस द्वारा की जा रही सैनिकों के साथ बर्बरता पर जोर देते हुए कहा कि बक्सर जिला में सैनिकों के साथ अगर किसी भी तरह की बर्बरता की गई तो उसे हरगिज बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही साथ बताया कि दिल्ली रक्षा विभाग द्वारा अगर सैनिकों के साथ पुलिस द्वारा बर्बरता की गई तो टोल फ्री नंबर 155306 पर संपर्क करे और वहां से पूरी मदद मिलेगी। मीटिंग में पहुंचे सभी चयनित पदाधिकारियों द्वारा अलग अलग अपनी जानकारियां दी गई। डुमरांव चेयरमैन सूबेदार अजय पांडेय और अध्यक्ष सूबेदार कमलेश्वर राय और चयनित पदाधिकारियों द्वारा आए हुए सभी सैनिकों को अंग वस्त्र और माल्यार्पण से सम्मानित किया गया। डुमरांव अनुमंडल के सभी चयनित पदाधिकारियों ने भी अपना अलग अलग विचार रखे। उपाध्यक्ष विद्या सागर चौबे ने बताया कि आज बक्सर को इस मुकाम तक पहुंचाने में पीसीडीए प्रधान नियंत्रक शाम देव साहब, पीसीडीए अधिकारी मनोज सिंह एवं पीसीडीए के सभी अधिकारियों की अहम भूमिका है। आईईएसएम बक्सर द्वारा अभी तक लगभग चार करोड़ रुपए पेंशन और एरियर के रूप में दिलाया जा चुका है। सभी सैनिकों को अपना डिस्चार्ज बुक, पीपीओ, आधार कार्ड और पैन कार्ड में नाम और जन्म तिथि को सही करने का निर्देश दिया गया। ईसीएचएस कार्ड को बनाने के लिए विशेष जोर दिया गया।

अनुमंडलीय स्तर पर आयोजित बैठक में बक्सर अध्यक्ष सूबेदार हरेंद्र तिवारी, लेफ्टिनेंट आरबी ओझा, कोषाध्यक्ष सूबेदार मेजर आरबी सिंह, कैप्टन ददन सिंह, उप कोषाध्यक्ष पेटी ऑफिसर सुरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष सूबेदार जैनेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष हवलदार गजेंद्र तिवारी, ब्रह्मपुर प्रखंड अध्यक्ष सूबेदार कमलेश सिंह, कैप्टन आरसी पाल, सत्यानंद पांडेय, सूबेदार आरएन मिश्रा, सचिव हरेंद्र मिश्रा, उप चेयरमैन नायब सूबेदार बलि राम मिश्रा, भारत मिश्रा, श्रीकिशन लाल, अवधेश प्रसाद सिंह, अरविंद पांडेय, एल बी राय, सतीश सिंह, मनोरंजन तिवारी, बबन मिश्रा, श्रीकांत मिश्रा, वीरेंद्र सिंह, हरिहर सिंह, काशी नाथ उपाध्याय, राम नाथ सिंह हवलदार सतीश गिरी, शिव कुमार सिंह, नारद यादव, फुल बदन सिंह, तारा बाबू, जग नारायण साहू, राम इकबाल सिंह, सुरेश यादव, नारद यादव धनंजय दुबे, प्रदीप सिंह, वीर नारी कुसुम देवी, सुशीला देवी, सरोज देवी एवं सैकड़ों पूर्व सैनिक।

## खबरें फटाफट

### सैकड़ों लोगो ने लोजपा की ली सदस्यता

**आरा।** लोजपा रामविलास भोजपुर जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान ने सदस्यता अभियान चलाया। पवना थाना अंतर्गत पवार गांव में दिनेश पासवान की अध्यक्षता में पवार पंचायत मुखिया विजय कुमार रजक सहित सैकड़ों लोगो ने पार्टी में शामिल हो कर जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान,द्वारा सदस्यता ली। जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान ने कहा कि पार्टी सुप्रीमो सह केंद्रीय मंत्री श्री चिराग पासवान ,प्रदेश अध्यक्ष श्री राजू तिवारी ,प्रदेश महासचिव श्री संजय पासवान ,जिला प्रभारी संजय सिंह,संसदीय बोर्ड प्रदेश अध्यक्ष श्री हुलास पांडे जी के निर्देश पर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। सदस्यता अभियान के क्रम में पवना थाना के पवार गांव के लोगो ने श्री चिराग पासवान जी के क्रिया कलाप ,सुख दुख में जनता से मिलना,बिहार तथा बिहारियो का मान सम्मान दिलाना,बिहार फर्स्ट,बिहारी फर्स्ट की सोच रखने वाले, भारत का सबसे युवा लोक प्रिय नेता से प्रभावित होकर प्रति दिन लोग पार्टी से जुड़ रहे है। कार्यक्रम में शामिल अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मनोज कुमार पासवान ने कहा कि 2025 तक घर घर में होंगे लोजपा रामविलास के कार्यकर्ता। संसदीय बोर्ड कार्यकारी जिला अध्यक्ष राजेश साहू ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी पार्टी चंद समयों में प्रत्येक बिहारियो के दिल में बस गई है और हर युवाओं के चहेता बन गए है चिराग पासवान,अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ महासचिव संतोष पासवान ने कहा कि आगामी 2025 में बिहार विधान सभा के चुनाव में एनडीए गठबंधन का कुल शीट 200 से ऊपर आएगा।बिहार विधान सभा का चुनाव श्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। संसदीय बोर्ड प्रदेश सचिव कामेश्वर पासवान ने भोजपुर जिला कमिटी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को सराहा। वीर कुंवर सिंह विश्व विद्यालय छात्र अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि जिस पार्टी में महिला, युवा ,छात्र का योगदान हो वह पार्टी ही आगे आने वाला प्रदेश,और देश का भविष्य तय करती है,जो हमारी पार्टी लोजपा रामविलास में निहित है। अरविंद ओझा संसदीय बोर्ड जिला उपाध्यक्ष को ने नए सिरे से पार्टी का भोजपुर जिला प्रवक्ता पद पर मनोनित किया गया।

## डुमरांव में पैक्स चुनाव को लेकर शुरू हो गई तैयारी

# पैक्स चुनाव के लिए 24 सितंबर तक सदस्य बनने वाले ही होंगे मतदाता

◆ 700 मतदाता पर बनेगा 1 बूथ, 40 बूथों का होगा निर्माण

**केटी न्यूज/डुमरांव**

राज्य निर्वाचन प्राधिकार द्वारा आदेश जारी करने के बाद जिले में पैक्स चुनाव को लेकर हलचल तेज हो गई है। संभावित उम्मीदवार अपने-अपने वोटरों को रिझाने के लिए रात-दिन एक करना शुरू कर दिए हैं। लोक लुभावने वादों के साथ प्रत्याशी एक दूसरे को मात देने की कवायद में जुट गए हैं। जानकारी के अनुसार 24 सितंबर तक सदस्य बनने वाले ही पैक्स चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

चुनाव लड़ने के लिए भी मतदाता सूची में सदस्य रहना जरुरी है। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 25 अक्टूबर को कर दिया जाएगा। बता दें कि पैक्स चुनाव के लिए मतदान नवंबर के अंत तक प्रस्तावित है। इससे पहले मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। कार्यक्रम के अनुसार जिला सहकारिता पदाधिकारी को 30 सितंबर तक की सदस्यता सूची को चार अक्टूबर तक भेज देनी है। इसी सूची को मतदाता सूची का आधार माना जाएगा। जिला सहकारिता पदाधिकारी उक्त सूची का सत्यापन कराकर आठ अक्टूबर तक निर्वाचन पदाधिकारी को भेज देंगे। निर्वाचन पदाधिकारी नौ अक्टूबर को मतदाता सूची के प्रारुप का प्रकाशन करेंगे। इसी प्रारुप पर पैक्स सदस्यों से दावा आपत्ति मांगी जाएगी। कोई भी सदस्य 22 अक्टूबर को दावा आपत्ति कर सकेंगे। उनकी सुनवाई के बाद 25 अक्टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन पैक्स निर्वाचन सह जिला सहकारिता पदाधिकारी कार्यालय के सूचना पट्ट के अलावा प्राधिकार की वेबसाइट पर किया अपलोड कर दिया जाएगा।

**डुमरांव में चुनाव को लेकर तैयारी शुरू :** डुमरांव प्रखंड के 13 पैक्सों (प्राइमरी एग्रीकल्चर क्रेडिट सोसाइटी) के चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। चुनाव समय पर होगा। इसे लेकर प्रशासन के स्तर से सारी तैयारियां तेजी से की जा रही हैं। वही बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के स्तर से भी पैक्सों के चुनाव को लेकर तैयारी शुरू कर दी गयी है। डुमरांव प्रखंड के 13 पैक्स समिति का चुनाव होना है। इनमें ज्यादातर पैक्सों का कार्यकाल दिसंबर में खत्म हो रहा है। जानकारी देते बीडीओ संदीप कुमार पांडेय ने बताया कि 13 पैक्स का चुनाव होना है। 2019 के मतदाता सूची के मुताबिक इन पंचायतो में कुल 22 हजार 622 मतदाता हैं। इनके लिए कुल 40 बूथ तैयार किए जाएंगे। प्रत्येक पंचायत में 700 मतदाता पर एक बूथ का निर्माण किया जाएगा। वही सोवा एवं भोजपुर जदीद में लेट से चुनाव होने के कारण समिति का कार्यकाल समाप्त नहीं हुआ है। इसलिए ये दो समिति का चुनाव दिसंबर माह में नहीं होगा। बीडीओ ने बताया कि सभी बूथों को चयनित कर उसका भौतिक सत्यापन भी किया जाएगा। वही बूथ पर जो सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगा। उस सुविधा को वहां बहाल किया जाएगा। ताकि मतदाता को चुनाव के दौरान वोट देने में कोई परेशानी न हो।



### अनुमंडल के किसानों के लिए महत्वपूर्ण है पैक्स और चुनाव

पैक्स चुनाव को लेकर यूही किसानों के बीच हलचल नहीं है। बल्कि पैक्स के काम किसानों के लिए महत्वपूर्ण है। बता दें कि पैक्सों के माध्यम से किसानों को समय से बीज, खाद तथा अनुदान पर कृषि उपकरण मिलता है। इसके अलावे पैक्स किसानों से धान व गेहूं की खरीद कर उसे राज्य खाद्य निगम को देता है। पैक्स के कारण ही घर बैठे किसानों का धान और गेहूं बिक जाता है। इसके अलावे भी पैक्सों के माध्यम से सदस्य किसानों को कई तरह की सुविधाएं मिलती है। जबकि पैक्स अपने जमा वृद्धि व्यवसाय के तहत निजी बैंक का संचालन भी करता है तथा किसानों को जरूरत पड़ने पर सस्ते दर पर लोन भी दे सकता है। किसानों के बीच पैक्स की उपयोगिता के कारण ही किसान इस चुनाव को लेकर काफी सक्रिय दिखाई पड़ रहे है। हालांकि अधिकांश पैक्सों द्वारा सदस्य बनाने में पारदर्शित नहीं बरती गई है। जिस कारण किसानों में नाराजगी है।

## पेयजल समस्या के प्रति लापरवाह है नप

**डुमरांव।** दो जलमीनारों के रहते हुए भी शहर के लोग पेयजल समस्या को झेल रहे हैं। किसी जलमीनार से शहर में जलापूर्ति नहीं की जाती है। ऑपरेटरों द्वारा बताया जाता है कि कम क्षमता का मोटर लगाए जाने के कारण जलमीनार में पानी नहीं चढ़ पाता है। जलमीनार में पानी नहीं चढ़ने के कारण सीधे मोटर के द्वारा शहर में पानी की सप्लाई की जाती है। सीधे बोरिंग से पानी की 8आपूर्ति किये जाने से उसमें फोर्स नहीं रहता जिससे नलों से पानी नहीं गिरता है। नलों से पानी नहीं गिरने के कारण लोग पेयजल के लिए चापाकल से पानी लेने के लिए भटकते रहते हैं।

शहर में अधिकांश वार्डों में चापाकल खराब पड़े हुए हैं। उसे बनाने की जहमत नप नहीं उठा रहा है। कई चापाकलों का मुंडा ही गायब हो गया है, जिससे पाइप दिखता है। सरकार ने नया चापाकल लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। बोरिंग लगाकर पानी की जलापूर्ति शहर में की जा सकती है। जरूरत के अनुसार ऐसा भी नहीं किया जा रहा है। पहले जो सिस्टेम लगा है, उसी पर नप अपना काम चला रहा है। लोगों को उम्मीद थी कि नप के अधिकारी और कर्मचारी कभी निरीक्षण में आएंगे कि नगर में पेयजल की स्थिति क्या है, लेकिन कोई नहीं आता। शहर के पश्चिमी भाग का एक दर्जन वार्ड ऐसे हैं, जिनका परिवार जलमीनार के बारिंग से सीधे जलापूर्ति होने वाले पानी पर निर्भर हैं, लेकिन उसे भी दरकिनार कर अपनी मनमानी की जाती है। नगरवासियों की समस्या से जैसे लगता है कि कुछ लेनादेना ही नहीं है। जलापूर्ति का पाइप कई जगह पर टूटा हुआ है, उसको बनाने की पहल भी नप नहीं कर रहा है, जिससे हजारो लीटर पानी बर्बाद होता है।

## एक नजर

### डेढ़ दशक से जलजमाव की समस्या झेल रही है वार्ड 22 की जनता, बेफिक्र बना है नप



**डुमरांव।** नगर के वार्ड 22 के महादलित टोला में विगत 15 सालों से रोड पर नाली का पानी बहता है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि जब यह महादलित टोला वार्ड 10 में था, तब भी लोग जलजमाव की समस्या झेल रहे थे, अब वार्ड 22 का अंग बन गया है तब भी उस समस्या को झेल रहे हैं। उनका कहना है कि यह समस्या कम होने के बजाय और बढ़ता ही जा रहा है। इस रोड से आधा दर्जन गांवों के लोगों का आना-जाना रहता है। वर्तमान समय में जिस गांव के लोग इस रास्ते से आते-जाते हैं, उसमें नावाडेरा, गोपालडेरा, महरौरा, बनकट, गोपालडेरा अब नगर परिषद का अंग बन गया है। लोगों को आश लगी हुई थी कि पंद्रह सालों तक इसका कुछ नहीं हुआ तो नप में शामिल होने के बाद इससे निजात मिलेगी, लेकिन नये बोर्ड के गठन हुए छह माह गुजरने के बाद भी इस पर कोई काम नहीं हुआ। समस्या इतनी गंभीर है कि उस पानी में बत्तख तैरते नजर आते हैं। ऐसे में जलजमाव की समस्या को समझा जा सकता है। सबसे अधिक परेशानी ग्रामीण क्षेत्र से आने वाली महिलाओं और स्कूल आने-जाने वाली छात्राओं को भुगतना पड़ता है। उन्हें इस जलजमाव से बचने के लिए लंबी दूरी तय करते हुए रास्ता बदल आने-जाने पर मजबूर होना पड़ता है। वार्ड पार्षद अमर पासवान से बात की गई तो उन्होंने बताया की रास्ता बनाने के लिए ईंट गिराने का काम शुरू कर दिया गया है, शीघ्र ही रोड का निर्माण होगा।

### जदयू के बने पदाधिकारियों में वितरित किया प्रमाण पत्र

**डुमरांव।** नगर के लंगटू महादेव मंदिर में शहर के जदयू कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जदयू वार्ड अध्यक्ष और उनके द्वारा बनाए गए पांच-पांच मेम्बरों को प्रमाण पत्र दिया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष गोपाल प्रसाद गुप्ता व संचालन विमलेश सिंह ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में महिला जिलाध्यक्ष प्रीति पटेल मौजूद रहीं। बैठक में बनाए गए सभी नए पदाधिकारियों व सदस्यों को बताया गया कि 2025 में होने वाला विधान सभा का चुनाव पार्टी के लिए काफी अहमियत रखता है। इसलिये हमें अपनी पूरी ताकत से इस दिशा में काम करना होगा। इस दौरान सभी को बताया गया कि गांव-गांव और शहर-शहर घुमकर हमें पार्टी का प्रचार करना होगा। हमे प्रचार करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा किये गए कार्य मौजूद हैं। इनके द्वारा हर वर्ग के लिए काम किया गया है। उन्हीं के लिए योजनाएं बनाकर चलायी जा रही हैं। इन योजनाओं से स्कूली छात्र-छात्रा, नौजवान, बेरोजगार, वृद्धों के लिए पेंशन योजना में बढ़ोतरी सहित अन्य कार्य किये गए हैं।

## ये शर्मनाक है... काली मंदिर के पास कचरे का ढेर

◆ नवरात्र में कूड़े की बदबू से काली आश्रम जाने से कतरा रहे हैं श्रद्धालु

**केटी न्यूज/डुमरांव**



शक्ति की अधिष्ठात्री देवी मां दुर्गा की उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्र की शुरूआत होते ही देवी मंदिरों में महिला व पुरुष भक्तों की टोली उमड़ने लगी है। स्थानीय कांव नदी के तट पर प्राकृतिक सौंदर्य के बीच स्थित नगर देवी मां काली मंदिर में पूरे नवरात्र महिला और पुरुष श्रद्धालुओं की तादाद बढ़ी रहती है लेकिन मंदिर के आने-जाने वाले रास्तों पर गंदगी की सड़ांध और बदबू से लोग परेशान है। माता रानी की पूजा-अर्चना को लेकर श्रद्धालु नाक पर रुमाल रखकर इस रास्ते से गुजरते है और नगर परिषद के एनजीओ द्वारा बरती जा रही लापरवाही के प्रति आक्रोश जताते है। पर्व के दौरान में नगर विकास व आवास विभाग ने शहर को स्वच्छ रखने के लिये दिशा-निर्देश जारी करते हुए श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो इसके लिए सख्त निर्देश दिया है, जिसके तहत सफाई कार्यों व स्वच्छता में लापरवाही बरतने वाले एनजीओ पर भी नकेल कसी जायेगी। डुमरांव नगर परिषद भी उस दायरे में शामिल है। नप शहर की स्वच्छता और साफ-सफाई को लेकर हर माह करीब 46 लाख की राशि खर्च करती है। शहर की साफ-सफाई की जिम्मेवारी नप ने एनजीओ के हाथों सौपी है। एनजीओ सफाईकर्मी डोर-टू-डोर कचरा उठाव करने के बाद जहां देखी खाली जगह वहां कचरे को उढेल कर चले जाते है। शहर के मुख्य सड़क एनएच 120, बाईपास सड़क, सुमित्रा महिला कॉलेज रोड, काली मंदिर रोड, जंगलीनाथ महादेव रोड, जंगल बाजार के किनारे ही कूड़े-कचरे को डंप करते हैं, जिससे लोगों में आक्रोश पनप रहा है। सड़क किनारे इन दिनों तरफ कूड़ो का अंबार लगा है, जो लावारिस जानवरों का बसेरा बन गया है। डंपिंग कूड़े-कचरे से उठ रहे बदबू के कारण राहगीरों सहित आसपास के लोगों की मुश्किलें बढ़ गयी है। राहगीर नाक पर रुमाल रखकर मुख्य सड़क को पार करते हैं।

## नवरात्र में श्रद्धालुओं के आस्था का केन्द्र बना पंचमंदिर, आरती में उमड़ता है श्रद्धालुओं का सैलाब

# संध्या आरती में भोजपुरी गायक विनय मिश्र ने मोहा भक्तों का मन

**केटी न्यूज/डुमरांव**



शक्ति की अराध्य देवी मां दुर्गा के अराधाना व उपासना के पर्व नवरात्र में डुमरांव के रेलवे स्टेशन के पास स्थित पंच मंदिर श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केन्द्र बन गया है। खासकर सुबह व शाम में होने वाली आरती के दौरान पूरा मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहता है। इसके अलावे हर दिन हजारों श्रद्धालु मंदिर में दर्शन व पूजन के लिए आते है।

रविवार को संध्या आरती के दौरान चर्चित भोजपुरी गायक विनय मिश्र मौजूद रहे। उन्होंने मधुर स्वर में मां जगदंबा की आरती गा श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। भोजपुर गायक ने कहा कि वे पिछले कई वर्षों से यहा होने वाली भव्य आरती को सुनते आ रहे है। इस बार उन्हें आरती में शामिल होने का सौभाग्य मिला है। इसके लिए उन्होंने मंदिर समिति के अध्यक्ष नागेन्द्र दूबे व समिति सदस्यों के प्रति आभार जताया।

बता दें कि इस मंदिर में मां दुर्गा के अलावे महादेव शिव, वीर हनुमान, राम दरबार तथा राधा-कृष्ण की मूर्तियां स्थापित है। इस कारण भी इस मंदिर के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था बढ़ गई है। नवरात्र के अलावे भी हर दिन सैकड़ो श्रद्धालु यहां दर्शन व पूजा करने आते है। मंदिर पूजा समिति के अध्यक्ष नागेन्द्र दूबे ने बताया कि मंदिर काफी प्राचीन है, पहले यहां सिर्फ हनुमान जी की ही मूर्ति स्थापित की गई थी, लेकिन श्रद्धालुओं की आस्था बढ़ने के साथ ही इस मंदिर का विस्तार किया गया। उन्होंने कहा कि मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित होने के बाद से हर साल नवरात्रि में विशेष पूजा अर्चना व महाआरती का आयोजन किया जाता है। जिसके बाद से श्रद्धालुओं की आस्था व भीड़ भी बढ़ी है। उन्होंने बताया कि नवमी के हवन के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जाता है। इस प्रसाद को ग्रहण करने दूर-दूर से लोग आते है। मंदिर में सर्वाधिक संख्या महिला श्रद्धालुओं को होती है।

आरती के दौरान मंदिर समिति के अध्यक्ष नागेन्द्र दूबे के अलावे, पुजारी ओंकार पांडेय, समिति के जयप्रकाश पांडेय उर्फ बबलू पांडेय, राकेश कुमार त्रिपाठी, अमरजीत सिंह उर्फ मंटू सिंह, सुभाष राय, उपेन्द्र राय, रमेश ठाकुर, जितेन्द्र यादव, शिवशंकर साह समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# पूरे भारत वर्ष में यही एक शक्तिपीठ है जहां मिट्टी की पिंडी के रूप में होती है मां की पूजा

- बिहार की ऐतिहासिक और पौराणिक संस्कृति को समेटे हुए है अंबिका भवानी का प्रसिद्ध माता मंदिर
- अंबिका भवानी मंदिर राजा दक्ष प्रजापति के यज्ञ- स्थल के रूप में है विख्यात

**केटी न्यूज/छपरा**

बिहार के गंगा नदी तट पर स्थित मां अंबिका भवानी आस्था, भक्ति एवं विश्वास की असीमित सत्ता को समेटे हुए हैं। इस शक्तिपीठ के दर्शन के लिए बिहार, उत्तर प्रदेश व पड़ोसी देश नेपाल से भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। शारदीय और चैत्र नवरात्र पर यहां विशेष पूजन का प्रावधान है। जिसकी वजह से नौ दिनों का यहां विशेष मेला का आयोजन किया जाता है। हालांकि अष्टमी के दिन विशेष रूप से निशा पूजा होती है जो श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बना रहता है। इस स्थान को अवधूत भगवान राम, तांत्रिक बाबा गंगा राम सहित कई अन्य सिद्ध साधकों की तपोस्थली के रूप में भी जाना जाता है। संतान, दीर्घ आयु व सुखमय जीवन के लिए नवविवाहित दंपती यहां चुनरी व प्रसाद चढ़ाने के लिए काफी दूर दराज से आते हैं। पूरे बिहार की ऐतिहासिक और पौराणिक संस्कृति को समेटे हुए सारण जिले के दिघवारा प्रखंड अंतर्गत आमी गांव स्थित अंबिका भवानी का प्रसिद्ध माता मंदिर स्थापित किया गया है। अतिप्राचीन पौराणिक कथाओं और सारण गजेटीयर के पृष्ठ संख्या- 464 के अनुसार अंबिका भवानी मंदिर राजा दक्ष प्रजापति के यज्ञ- स्थल पर स्थित हैं। इसी स्थान पर माता सती ने पति भगवान शिव के निरादर से आक्रोशित होकर यज्ञ के हवनकुंड में कूदकर आत्मदाह कर लिया था। इससे क्रोधित होकर भगवान शिव ने माता सती के शव को यज्ञ कुंड से निकालने के बाद अपने कंधे पर रख कर तांडव करने लग थे। प्रलय की आशंका को देखते हुए भगवान विष्णु ने अपने चक्र से सती के शव को टुकड़े - टुकड़े में कर दिए। जहां- जहां सती के अंग गिरे उस स्थान को लोग शक्तिपीठ के रूप में जानने लगें। कुंड में जलते समय मां सती के शरीर की भस्मयुक्त अस्थी (यज्ञ- स्थल आमी) में हीं रह गई थी। यह स्थल सिद्ध-शक्ति पीठ अंबिका स्थान आमी के रूप में पूरे देश स्तर पर प्रसिद्ध हो गया।



### मिट्टी से बना पिंड आज भी मौजूद

पुजारी राजेश पाण्डेय के अनुसार मार्केण्डय पुराण तथा दुर्गा सप्तशती के अनुसार कालांतर में राजा सूरथ व समाधी वैश्य ने मिट्टी की भागाकार पिंड बनाकर इसी स्थान पर वर्षो तक पूजा की थी, तब देवी ने प्रकट होकर उन्हें मनचाहा वरदान दिया था। इस मंदिर में वही मिट्टी की भागाकार विशाल पिंड आज भी विद्यमान है। मां भवानी की मिट्टी रूपी प्रतिमा का प्रतिदिन जल, शहद, घी व चमेली के तेल से अभिषेक किया जाता है। चमत्कार ही है कि मिट्टी रूपी प्रतिमा का एक इंच भी क्षरण नहीं हुआ है। यही एक शक्तिपीठ है जहां मिट्टी की पिंडी रूप में मां की पूजा होती है। पतित पावनी गंगा आदिशक्ति मां अंबिका भवानी के पांव पखारने के लिए यहां दक्षिण से उत्तर वाहिनी हो गई हैं। यहां श्रद्धालु भक्त मंदिर के गर्भगृह स्थित कुंड में हाथ डाल कर मन्नत मांगते है।

## खबरें फटाफट

### ई-रिक्शा व ऑटो के रुट निर्धारण के लिए होगा सर्वे

**छपरा।** अगर आपको छपरा के किसी भी एरिया में जाना हो तो आप ई-रिक्शा पकड़ लेते है क्योंकि शहर में हजारों की संख्या में ई-रिक्शे चलते है। लेकिन इससे कई बार शहर की यातायात व्यवस्था भी चरमरा जाती है। इसी को देखते हुए अब छपरा शहर में चलने वाले ई-रिक्शा और आटो के रुट निर्धारण को लेकर सर्वे किया जायेगा। इस बात की जानकारी देते हुए डीएम अमन समीर ने बताया कि शहर में ई-रिक्शा एवं आटो रिक्शा के परिचालन के लिये अलग-अलग रुट चिन्हित किया गया है। साथ ही आटो पड़ाव के लिए संभावित स्थल के रुप में गांधी चौक, दरोगा राय चौक,सरकारी बस स्टैंड, मेथवलिया चौक एवं नेवाजी टोला को चिन्हित किया गया है। साथ ही कुछ ई-रिक्शा एवं ऑटो रिक्शा को रिजर्व में किसी भी रुट में जाने की छूट का प्रावधान भी किया जाएगा।

### दुर्गा पूजा अवकाश में कटौती पर शिक्षकों में आक्रोश

**छपरा।** बिहार के सरकारी स्कूलों में एक बार फिर अवकाश में कटौती किये जाने पर परिवर्तनकारी प्रारम्भिक शिक्षक संघ ने नाराजगी जताई। शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि पहले सरकारी स्कूलों में दुर्गा पूजा में कलश स्थापना से लेकर विजयदशमी तक छुट्टी दी जाती थी। लेकिन पिछले कई वर्षों से स्कूलों में अवकाश में कटौती की जा रही है। जिससे शिक्षकों में आक्रोश है। पिछले साल भी नवरात्रि में शिक्षकों की छुट्टी में कटौती की गई थी। जिसके बाद शिक्षकों ने भारी विरोध किया। शिक्षकों के विरोध के बाद छुट्टी को बढ़ा दी गई, लेकिन एक बार फिर बिहार सरकार ने नवरात्रि की छुट्टी में कटौती कर दी है ।उन्होंने कहा कि दशहरा, दीपावली, छठ जैसे पर्व पर विद्यालय में नियमित छुट्टियां हुआ करती थी, ताकि बच्चे, शिक्षक अपने-अपने घरों में हर्षोल्लास के साथ परिवार के संग खुशियाँ मना सके। लेकिन बिहार सरकार आदेश जारी कर सभी प्रमुख त्योहारों की छुट्टियों में कटौती कर दी है। सरकार के रोज रोज नये फरमान से शिक्षक परेशान हो रहे हैं यह कहना गलत नही होगा।

### आरा-पटना नेशनल हाईवे पर गीधा थाना क्षेत्र के कायमनगर गांव के समीप हुई घटना

# रांची निवासी अधेड़ को सड़क पार करने के दौरान अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

- इलाज के दौरान सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में उन्होंने तोड़ा दम
- मृतक कायमनगर स्थित चिमनी भट्ठा पर करते थे मुंशी का काम

**केटी न्यूज/आरा**

आरा-पटना नेशनल हाईवे पर जिले के गीधा थाना क्षेत्र के कायमनगर गांव के समीप अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे अधेड़ को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक झारखंड के रांची जिले के मांडर थाना क्षेत्र के कैम्बो गांव निवासी स्व.माडू साहू के 53 वर्षीय पुत्र रघु साहू है। वह से पेशे से मुंशी थे एवं वह करीब 4 वर्ष से कायमनगर स्थित चिमनी भट्ठा पर मुंशी का काम करते थे। इधर मृतक के चचेरे भाई मधुसूदन साहू ने बताया कि वह कायमनागर गांव के समीप सड़क पार कर रहे थे। इस दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद वह मौजूद लोगों द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरक्षण अस्पताल लाया गया। जिसके बाद चिमनी भट्ठा के अन्य स्टाफ द्वारा इसकी सूचना फोन कर उनके परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन आरा सदर अस्पताल पहुंचे। इसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाई व तीन बहन में बड़े थे। उनके परिवार में पत्नी अनीता देवी, तीन पुत्री ज्ञानती कुमारी,बसंती कुमारी, सुषमा कुमारी एवं एक पुत्र अजय कुमार साहू है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की पत्नी अनीता देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।



## अवैध हथियार के साथ दो नाबालिग समेत 3 गिरफ्तार

**आरा।** भोजपुर के उदवंतनगर थाने की पुलिस ने कट्टा और गोलियों के साथ दो नाबालिगों सहित तीन लड़कों को गिरफ्तार किया है। सोशल मीडिया पर फायरिंग करने का वीडियो वायरल होने के बाद तीनों को गिरफ्तार किया गया। इनकी निशानदेही पर फायरिंग करने में इस्तेमाल दो देसी कट्टा भी बरामद किया गया है। चार गोलियां भी जब्त की गयी हैं। गिरफ्तार अपराधियों में एक थाना क्षेत्र के नीमा गांव निवासी पवन कुमार है। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद कोर्ट के आदेश के बाद तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसपी राज ने प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर एक किशोर की ओर से फायरिंग करने का वीडियो वायरल हो रहा था। वीडियो उदवंतनगर इलाके का बताया जा रहा था। इस आधार पर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। एक किशोर की पहचान करते उसके घर पहुंची और पूछताछ की। उस दौरान किशोर ने वीडियो बनाने के लिए फायरिंग करने की बात स्वीकार की। उसी दोस्त ने फायरिंग के लिए कट्टा उपलब्ध कराया था।



## आरा में जहर खाने से महिला की मौत

**आरा।** शहर के नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर मोहल्ला गली नंबर पांच में रविवार की दोपहर जहर खाने से एक महिला की मौत हो गई। इलाज के दौरान आरा शहर स्थित निजी अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। वहीं मृतका के परिजन द्वारा उसके ससुराल वालों पर जहर देकर मारने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार मृतका मूल रूप से बक्सर जिला के बगेन गोला थाना क्षेत्र के भदवर बरारी गांव निवासी चंदन सिंह की 27 वषीर्या पत्नी सोनी देवी है। वह वर्तमान में नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर मोहल्ला गली नंबर पांच में रहती थी। मिली जानकारी के अनुसार परिजन अक्सर सोनी देवी के साथ बराबर गाली-गलौज किया जाता था और उसे मारा-पीटा भी जाता था। शनिवार को उसकी मां डॉक्टर को दिखाने गई थी। जिसको लेकर कल भी झगड़ा हुआ था। उसके साथ फिर गाली-गलौज किया जाने लगा और उसे मारपीट भी किया गया। इसके बाद उन लोगों द्वारा उसे जहर दे दिया गया कि तुम खा लो। जिसके बाद उसकी मां सोनी देवी ने जहर खा लिया। जिससे उसकी हालत काफी गंभीर हो गई। परिजन इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया था। परंतु उसकी मौत हो गई।

## जहानाबाद में जदयू का जिला स्तरीय कार्यकर्ता समागम संपन्न

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जदयू द्वारा आयोजित कार्यकर्ता समागम का आयोजन किया गया। कार्यकर्ता समागम कार्यक्रम जहानाबाद जिले के स्वामी सहजानंद सरस्वती संग्रहालय में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा शामिल हुए। इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद चंदेश्वर चंद्रवंशी,जिला अध्यक्ष दिलीप कुशवाहा, पूर्व मंत्री अभिराम शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष जगदीश प्रसाद कुशवाहा, प्रमंडल प्रभारी अरुण कुशवाहा आदि सैकड़ो की तादाद में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के शुरूआत में राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा ने जिले के समता पार्टी से जुड़े हुए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को सम्मानित किया। साथ ही पार्टी के प्रति उनकी कर्मठता एवं समर्पण के प्रति आभार व्यक्त किया। दूसरे सत्र में जदयू के जिला इकाई के समस्त कार्यकर्ता, प्रमंडल व विधानसभा प्रभारी, सभी प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष तथा तीसरे सत्र में जिला इकाई के समस्त कार्यकर्ता, प्रमंडल प्रभारी समस्त विधानसभा प्रभारी, प्रखंड व पंचायत इकाई के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जेडीयू जयप्रकाश नारायण, महात्मा गांधी, कपूरी ठाकुर, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर एवं राम मनोहर लोहिया के विचारों पर चलने वाली पार्टी है।



## आरा में हथियारबंद बदमाश ने युवक को मारी गोली, इलाज के लिए पटना रेफर

**केटी न्यूज/आरा**

शहर के नवादा थाना क्षेत्र के न्यू शीतल ओला मोहल्ले में रविवार की शाम हथियारबंद बदमाश ने युवक को गोली मार दी। जख्मी युवक को गोली दाहिने साइड सीन में लगी है जो अंदर फांसी हुई है। गोली लगते ही वह खून से लतपथ होकर जख्मी हालत में जमीन पर गिर पड़ा। जिसके बाद परिजन एवं उसके दोस्तों द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लगा जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार जख्मी युवक नवादा थाना क्षेत्र के न्यू शीतल टोला मोहल्ला निवासी हृदयानंद ठाकुर का 18 वर्षीय पुत्र करण कुमार है। साथी जख्मी युवक की मां घटनास्थल से एक खोखा भी अपने साथ सदर अस्पताल ले आई। घटना के बाद आसपास की इलाके में सनसनी मच गई है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही नवादा थानाध्यक्ष विपिन बिहारी फौरन पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए है। इधर जख्मी युवक की मां प्रतिमा देवी ने बताया कि रविवार की शाम उनके घर मकान में प्लास्टर का काम चल रहा था। उसी बीच उनका भाई नशे में भूत होकर घर में ही परिवार वालों को गाली-गलौज कर रहा था। तभी उनके घर के सामने वाले घर में रह रहे एक युवक अपने घर में से गाली देने लगा। जिसको लेकर उनके बीच कुछ देर तक कहासुनी वह गाली-गलौज हुई। इसके बाद उक्त युवक अपने घर में गया व हथियार लेकर आया और उनके बेटे को गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।



### आरा ग्रैंड के हॉल में पारंपरिक गुजराती और राजस्थानी संगीत की धुनें गूंजती रहीं

# अंबा संस्था ने आयोजित की डांडिया नृत्य, लोगों ने की जमकर मस्ती

- सभी उम्र के लोग शामिल हुए और पारंपरिक परिधानों में ढोलक और डांडिया की थाप पर नृत्य किया

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर में अम्बा संस्था द्वारा आयोजित डांडिया नृत्य कार्यक्रम में शहरवासियों ने जमकर मस्ती की। लगातार आठवें वर्ष होटल आरा ग्रैंड में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी उम्र के लोग शामिल हुए और पारंपरिक परिधानों में ढोलक और डांडिया की थाप पर नृत्य किया। कार्यक्रम की शुरूआत अम्बा संस्था के अध्यक्ष ओ पी पांडेय, भाजपा नेता गुड्डू सिंह बबुआन, समाजसेवी अर्चना कुमारी, अपूर्वा द्वारा दीप प्रज्वलित करने से हुई। इसके बाद, शहर व गांवों के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान, होटल आरा ग्रैंड के हॉल में पारंपरिक गुजराती और राजस्थानी संगीत की धुनें गूंथती रहीं। भोजपुरी के भद्र गीतों पर भी खूब धमाल मचा। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चे भी पहुंचे थे। बच्चों ने भी अपने पारंपरिक परिधानों में ढोलक और डांडिया की थाप पर नृत्य किया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उनकी खुशी और उत्साह ने सभी को प्रेरित किया। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए भाजपा नेता गुड्डू सिंह बबुआन ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से आपसी भाईचारा का माहौल कायम होता है। मैं हमेसा इस प्रकार के आयोजन के लिए लोगो को प्रोत्साहित करता हूँ। वही सम्भावना स्कूल की प्रचार्या अर्चना जी ने कहा कि यह बहुत ही अच्छी बात है कि विगत आठ सालों से अम्बा डांडिया नाइट्स के तहत यह सफल कार्यक्रम निर्वाध रूप से सम्पन्न हो रहा है। माता रानी की कृपा से इस प्रकार के आयोजन से धार्मिक सद्भाव कायम होता है। कार्यक्रम में शामिल हुए लोगों ने पारंपरिक परिधानों में ढोलक और डांडिया की थाप पर नृत्य किया। इस दौरान, बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने जमकर मस्ती की। अम्बा संस्था के अध्यक्ष ओ पी पांडेय ने कहा कि हमारा उद्देश्य शहरवासियों को पारंपरिक संस्कृति से जोड़ना है। डांडिया नृत्य कार्यक्रम के माध्यम से हमने यही कोशिश की है। कार्यक्रम के अंत में, सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अम्बा संस्था के सदस्यों और शहर के गणमान्य लोगों ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में लगभग 500 लोग शामिल हुए और सभी ने जमकर मस्ती की। अम्बा संस्था ने इस कार्यक्रम के माध्यम से शहरवासियों को पारंपरिक संस्कृति से जोड़ने का प्रयास किया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डुलडुल, शशि, अभय विश्वास भट्ट, अंकिता, भास्कर, राजू, दीप्ति सहित अन्य मौजूद थे।



## एक नजर

### युवा क्रांति रोटी बैंक ने स्थापना दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर



**छपरा।** युवा क्रांति रोटी बैंक के छठे वार्षिकोत्सव पर रक्तदान शिविर का आयोजन बल्ड बैंक छपरा में किया गया। रक्तदाता अध्यक्षा नीतू गुप्ता ने कहा कि रक्तदान जैसा महादान कोई दूसरा दान नहीं है। मौके पर संस्थापक ई. विजय राज के द्वारा दर्जनों रक्तवीरों से रक्तदान करवाए गए । उपाध्यक्ष बिंदिया जयसवाल व सीमा जयसवाल ने बताया कि लोगों द्वारा रक्त दान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे में कमी हो जाती है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। युवा क्रांति संस्थापक विजय राज ने कहा कि एक यूनिट रक्त से किसी की जान बचाया जा सकता है, इससे बड़ा पुण्य का कार्य नहीं हो सकता। मीडिया प्रभारी राशिद रिजवी ने कहा कई बार ऐसी स्थिति देखने में आती है,जिसमें खास तौर पर गर्भवती महिलाएं शामिल होती है, जिनके अंदर रक्त की भारी कमी पाई जाती है तथा डिलीवरी के समय उन्हें रक्त की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में एक-एक रक्तदाता महत्वपूर्ण हो जाता है। इस मौके पर सदस्य निशांत गुप्ता, ओम शरण, संदीप मनमन, सौरव श्रीवास्तव,विवेक चौहान, अभिषेक नर्सरी,संतोष सिंह, रवि लड्डू,पिंटू,तारिक अनवर,बंटी तिवारी,जाहिद इकबाल,मोइन अहमद,रंजन गुप्ता आदि उपस्थित रहें ।

### दत्तकग्राही दम्पतियों ने तीन बच्चों को लिया गोद



**छपरा।** सारण जिला प्रशासन के द्वारा तीन बच्चों को दत्तकग्रहण की कार्रवाई पूर्ण की गई। जिलाधिकारी अमन समीर द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में तीन बच्चों को उनके दत्तकग्राही माता-पिता को अंतिम रूप से सौंपा गया। दत्तकग्रहण की प्रक्रिया पूरी होते ही बच्चे को नए माता-पिता को सुपुर्द कर दिया गया। इस दौरान दम्पती जोड़ों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने भाव विभोर होकर जिला प्रशासन को धन्यवाद प्रेषित किया। तीनों बच्चों को भारत के विभिन्न राज्यों से आए दम्पती ने गोद लिया। दपत्तियों द्वारा बच्चों को गोद लेने के लिए कारा के वेब पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन किया था।बता दें कि समाज कल्याण विभाग अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा संचालित विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान सारण के माध्यम से बच्चे को दत्तक ग्रहण की कार्रवाई की जाती है। संस्थान में चिल्ड्रेन इन नीड ऑफ केयर एंड प्रोटेक्शन वाले बच्चों की पूरी सुरक्षा और सुविधाओं के बीच रखकर उनका भरपूर पालन पोषण किया जाता है।

### सड़क से हटकर ठेला और दुकान लगाएंगे फुटपाथ दुकानदार

**जहानाबाद।** दुर्गा पूजा को देखते हुए तमाम फुटपाथ दुकानदारों के साथ पूर्व बैठक में यह निर्णय लिया गया था की जिला प्रशासन एवं नगर प्रशासन के द्वारा जो भी वेंडिंग जोन निर्धारित की गई है जिससे यातायात बाधित न हो इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए तमाम छोटे छोटे दुकानदार अपनी दुकान सड़क से हटके लगाएंगे वहीं ठेला गुमटी एवं चाट चाउमीन बर्गर छोले भटूरे एवं साग सब्जी के दुकान सड़क छोड़कर लगे ताकि दुर्गा पूजा में भीड़ भाड़ में आम जनता को तकलीफ का सामना ना करना पड़े। कहीं भी किसी भी अप्रिय घटना होने पर तत्काल जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को सूचना दें नगर प्रशासन के द्वारा टोन वेंडिंग कमेटी के बैठक में फुटपाथ दुकानदार संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार चोपड़ा ने ऊंटा सब्जी मंडी, कृषि सब्जी मंडी, मलहचक मोड, हॉस्पिटल मोड, अरवल मोड़ पर पेयजल की व्यवस्था करने की मांग रखी गई थी नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ने आश्वासन दिया है कि एक-दो दिन में पानी की व्यवस्था कर दी जाएगी सड़कों के किनारे ब्लीचिंग की छिड़काव की भी मांग की गई थी परंतु बैठक समाप्त होने के एक हफ्ते बाद भी नगर प्रशासन ने यह व्यवस्था को पूरा करने में नाकाम रही वही मीटिंग समाप्त होने के हफ्ते बीत गए परंतु नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी कुंभकरण की नींद में सोए हुए हैं बड़ा दुर्भाग्य की बात है दुर्गा पूजा के त्यौहार में भी नगर परिषद के द्वारा कितनी सुस्त रवैया पहले कभी कोई भी कार्यकर्ता अधिकारी में नहीं देखी गई थी इन सब बातों को लेकर सोमवार को फुटपाथ दुकानदार संघ के प्रतिनिधि जिला अधिकारी से मिलकर अपनी बातों को रखेंगे।

### देसी कट्टा में चिलम डालकर गांजा पीने वाला युवक हुआ गिरफ्तार

**जहानाबाद।** मखदुमपुर प्रखण्ड के विसुनगंज थाना की पुलिस ने देसी कट्टा में चिलम डालकर गांजा पीने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। दरअसल कुछ दिन पूर्व सोशल मीडिया पर एक तस्वीर तेजी से वायरल हो रही थी जिसमें एक युवक देसी कट्टा में चिलम डालकर गांजा फूंक रहा था। तस्वीर वायरल होने के बाद विसुनगंज पुलिस युवक की तलाश कर रही थी। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली के वायरल युवा बराज पुल के समीप देसी कट्टा के साथ घूम रहा है। जिसके बाद विसुनगंज थाना अध्यक्ष फूलचंद कुमार यादव दलबल के साथ बराज पुल के समीप पहुँचे और युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक मखदुमपुर थाना क्षेत्र के निरपुरा गांव निवासी रविंद्र कुमार का पुत्र हिमांशु कुमार बताया जाता है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार युवक के पास से एक देसी कट्टा एक जिंदा कारतूस एवं एंड्राइड मोबाइल फोन बरामद किया गया है। वही गिरफ्तार युवक से पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है।

### हारे मुखिया ने अपनी बनाई सड़क को तोड़ दिया

**जहानाबाद।** जिले में एक पूर्व मुखिया का कारनामा इन दिनों चर्चा में है। चुनाव हारने के बाद अब अपनी ही बनाई सड़क को तोड़ दिया। मामला जहानाबाद सदर प्रखंड क्षेत्र के नौरू पंचायत के सिबल बीघा गांव का है जहां पूर्व मुखिया ने गांव की सड़क को तोड़ दिया जिससे कई गांव का आवागमन बाधित हो गया है. रास्ता अवरुद्ध होने से नाराज दर्जनों ग्रामीणों ने जिला अधिकारी से मिलकर गुहार लगाई है। जहानाबाद सदर प्रखंड के नौरू पंचायत के पूर्व मुखिया नागेंद्र यादव उर्फ छोटन यादव मुखिया रह चुके हैं। उन्होंने ही सिबल बिगहा गांव में जाने के लिए ईंट सोलिंग कराई थी, लेकिन इस बार के पंचायत चुनाव में पूर्व मुखिया छोटन यादव को भारी मतों से पराजय का सामना करना पड़ा। जर्जर हो चुकी इस सड़क का जब वर्तमान मुखिया बिहारी यादव ने पीसीसी सड़क बनाने का निर्माण कराने लगे तो पूर्व मुखिया छोटन यादव और उसके समर्थकों ने ट्रैक्टर से हल चलाकर सड़क को तोड़ दिया। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव में पूर्व मुखिया को वोट नहीं दिया तो गुस्से में आकर वे सड़क नहीं बनने दे रहे हैं। साथ ही पुरानी सड़क को भी उखाड़ रहे है। जिससे आवागमन का मार्ग पूरी तरह से अवरूद्ध हो गया है।

# बिरनो ब्लॉक में बड़े पैमाने पर हो रहा भ्रष्टाचार, भाकपा ने बैठक कर दी चेतावनी- करेंगे बड़ा प्रदर्शन

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

छह अक्टूबर को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बिरनो ब्लॉक कमेटी की बैठक गोपालपुर संदीप यादव के कतरे में कामरेड भूमिधर राजभर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बिरनो ब्लॉक के मंत्री रामशब्द ने पिछली बैठक के निर्णय के अनुसार 24 सितंबर से 28 सितंबर तक जखनिया एसडीएम कार्यालय के सामने धरना में सम्मिलित होने का और बोगना लहुरापुर ब्रांच में विस्तारित बैठक करते हुए आंदोलन में अच्छी भागीदारी की गई और अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

सभी साथियों ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि देश और प्रदेश की मौजूदा सरकार अधिकारियों कर्मचारियों को अपने पार्टी के कार्यकताओं की तरह कार्य करने के लिए दबाव बना रहे हैं अधिकारियों को इसका ज्ञान होना चाहिए कि वह लोक सेवक हैं जनता की समस्याओं के निदान के लिए उनको अधिकारी कर्मचारी नियुक्त किया गया है जो भारतीय संविधान की शपथ लेकर अपने दायित्व का निर्वहन करने की बात की लेकिन थाना में पुलिस से लेकर अधिकारी तक और तहसील में लेखपाल से लेकर अधिकारियों तक बड़े पैमाने पर मनमाने



तरीके से धन उगाही की जा रही है। जिससे जनता काफी मर्माहट में है। इसी क्रम में बिरनो ब्लॉक में बलीपुर एवं गोपालपुर एवं अन्य गांव सभा में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया था। उसको लेकर ब्लॉक पर प्रदर्शन किया गया। इसके बाद जिलाधिकारी गाजीपुर से भारती कम्युनिस्ट पार्टी का प्रतिनिधिमंडल मिला। जिस पर जिलाधिकारी ने कमेटी बनाकर जिला विकास अधिकारी के यहां सभी विकास से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया लेकिन इसके बावजूद भी आज तक जिले की कोई भी अधीनस्थ अधिकारी कोई भी जांच कर कार्रवाई नहीं की गई। इससे मजबूर होकर पार्टी के सभी पदाधिकारी आने वाले समय में ब्लॉक पर बड़ा प्रदर्शन करेंगे।

गाजीपुर जिले में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार इसी ब्लॉक में हो रहा है। जिसमें सत्ता पक्ष के दबाव में आकर पूरे ब्लॉक में भ्रष्टाचार का सिलसिला बना हुआ है। इस चैलेंज को स्वीकार करते हुए आने वाले समय में पूरे ब्लॉक के अंदर दर्जनों जनसभाएं कर आंदोलन की रूपरेखा बनाई जाएगी। इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। बोगना ब्रांच की बैठक 16 अक्टूबर को बोगना में कोऑपरेटिव के सभी 152 सदस्यों की बैठक आयोजित की गई है। जिसमें समिति के सभी सदस्यों की उपस्थिति में आंदोलन की रूपरेखा बनाई जाएगी। जिसमें ए आर गाजीपुर के निर्देशन में समिति के सदस्यों की वरासत क्यों नहीं की जा रही है अगर वरासत नहीं होगी तो एक दिन समिति का कोई सदस्य नहीं रह जाएगा और इस समिति का पूरा दायित्व सरकार ले लेगी।

दूसरी बैठक लहुरापुर ब्रांच की नखतपुर में 3 नवंबर को बुलाई गई है। इस बैठक में भी ब्लॉक की समस्याओं पर गंभीरता से चर्चा की जाएगी। वक्ताओं में मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव जनार्दन राम अमेरिका सिंह यादव राज्य कार्यकारिणी सदस्य ब्लॉक मंत्री राम शब्द अंबिका चौहान भूमिधर राजभर खरपट्टन राम सुभाष राजभर रामवचन विनोद कुमार बब्बन यादव नर्वदेश्वर पांडे अशोक यादव अर्जुन यादव संदीप यादव आदि साथियों ने अपना विचार व्यक्त किया।

## खबरें फटाफट

### ट्रेन की चपेट में आने से बाढ़ पीड़ित की मौत

**बैरिया।** बकुलहा मांझी रेलवे स्टेशनों के बीच बैरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत यादव नगर गांव के सामने ट्रेन से कटकर एक बाढ़ पीड़ित की मौत उस समय हो गई, जब वह मवेशियों का चारा लेकर रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। बताया जा रहा है कि डाउन लखनऊ छपरा एक्सप्रेस सुरेमनपुर से छपरा के लिए रवाना हुई थी। बकुलहा स्टेशन से पूर्व माझी रेल पुल के निकट चांद दियर ग्राम पंचायत के यादव नगर गांव के सामने राधेश्याम यादव उर्फ लुखड़ी (40) ट्रेन की चपेट में आ गया। सिर पर घास का बोझ था, लिहाजा वह ट्रेन को देख न सका। रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। मौके पर पहुंचे चाँद दियर चौकी इंचार्ज सौरभ कुमार सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पोखरा में डूबने से सात वर्षीय बालक की हुई मौत

**हल्दी।** थाना क्षेत्र के परसिया गांव में रविवार की दोपहर पोखरा में स्नान करते समय 7 वर्षीय बालक की डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचायतनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। परसिया गांव में स्थित पोखरा में दर्जन भर छोटे-बड़े बच्चे स्नान कर रहे थे। उसी दौरान राकेश सिंह का सात वर्षीय पुत्र अंश का पैर फिसलने से गहरे पानी में चला गया। जब तक आस-पास के बच्चे उसे बचाने का प्रयास करते वह डूब गया। परिजन जिला अस्पताल ले गए, जहां चकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पेड़ पर फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**बलिया।** गड़वार थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सवन में घर से कुछ दूरी पर स्थित नीम के पेड़ पर रस्सी से लटक कर एक युवक ने रविवार की भोर में अपनी ईहलीला समाप्त कर लिया। यह जानकारी ग्रामीणों तब हुई जब वह शौच के लिए गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पता भेज दिया है। मृतक की पहचान कौशल राम 24 वर्ष पुत्र रामआसरे राम निवासी सवन के रूप में की ग्रामीणों द्वारा की गई। युवक ने फांसी क्यों लगाई? यह यक्ष प्रश्न बना हुआ है।

## धार्मिक समृद्धि के साथ ही आर्थिक समृद्धि का संदेश दे रहा महाकुम्भ-25 का लोगो

# मुख्यमंत्री योगी ने प्रयागराज में किया महाकुम्भ 2025 के लोगो का अनावरण

- बेहद खास है महाकुम्भ-25 का लोगो, उकेरी गई अमृत कलश से लेकर अक्षयवट समेत संगम की सैटेलाइट छवि
- सभी सिद्धि प्रदान करने वाला अर्थात 'सर्वसिद्धिप्रद: कुम्भ:' बना महाकुम्भ का ध्येय वाक्य




**केटी न्यूज/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रयागराज में महाकुम्भ-25 के लिए नए बहुरंगी प्रतीक चिन्ह (लोगो) का अनावरण किया। महाकुम्भ-25 का यह लोगो धार्मिक और आर्थिक समृद्धता के संदेश का एक प्रेरणादायक स्त्रोत है, जिसमें समुद्र मंथन में निकले अमृत कलश को महाकुम्भ के लोगो में दशार्या गया है। मंदिर, द्रष्टा, कलश और अक्षयवट के साथ ही हनुमान जी की छवि से युक्त महाकुम्भ का यह लोगो सनातन सभ्यता में शामिल प्रकृति और मानवता के संगम के साथ ही आत्म जागृति और जनकल्याण के अनंत प्रवाह का भी प्रतीक है।

यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल कुम्भ मेला तीर्थयात्रियों की दुनिया की सबसे बड़े शांतिपूर्ण आयोजन के रूप में माना जाता है। महाकुंम्भ का ध्येय वाक्य ह्यसर्वसिद्धिप्रदः कुम्भः (सभी प्रकार की सिद्धि प्रदान करने वाला कुम्भ) है। दुनिया के सबसे बड़े मेलों में शुमार महाकुम्भ के लोगो को बहुमुखी बनाने का सफल प्रयास किया गया है।

महाकुम्भ में देश भर से सभी संप्रदायों के साधु-संत बड़ी संख्या में शामिल होते हैं, जिन्हें लोगो में एक साधु द्वारा महाकुम्भ के लिए शंखनाद करते दिखाया गया है।

वहीं दो साधुओं को प्रणाम की मुद्रा में दशार्या गया है। इसके अलावा संगमनगरी के किनारे स्थित सभी धर्मिक स्थलों और सनातन परंपरा से संबंधित सभी परंपराएं शामिल की गई हैं। लोगो में शामिल अमृत कलश के मुख को भगवान विष्णु, गर्दन को रूद्र,आधार को ब्रम्हा, बीच के भाग को समस्त देवियों और अंदर के जल को संपूर्ण सागर का प्रतीक माना जाता है।

### लोगो में दिखेगी संगम की सैटेलाइट छवि

महाकुम्भ का आयोजन विश्व भर से श्रद्धालुओं को एकजुट करने वाला एक महत्वपूर्ण सामाजिक और धार्मिक उत्सव है। चूंकि इस बार यह आयोजन प्रयागराज में हो रहा है तो प्रयागराज के सबसे धार्मिक महत्व वाले स्थल यानी तीनों नदियों (गंगा, यमुना और सरस्वती) की त्रिवेणी 'संगम'को भी महाकुम्भ के लोगो में जगह दी गई है। इसमें 'संगम' की जीवंत सैटेलाइट छवि स्पष्ट रूप से नजर आएगी। ये नदियां जीवन रूपी जल के अनंत प्रवाह को दशार्ती हैं।

### लोगो में छिपा है धार्मिक-आर्थिक समृद्धि का संदेश

महाकुम्भ मानव-जाति को पाप, पुण्य और अंधकार व प्रकाश का बोध कराता है। यही वजह है कि पूरी दुनिया से करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु महाकुम्भ में आस्था की डुबकी लगाने के लिए पहुंचते हैं। यही वजह है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस धार्मिक महाकुम्भ को आर्थिक महाकुम्भ के रूप में दिव्य, भव्य और नव्य तरीके से आयोजित करने का निर्देश दिया है और स्वयं समय-समय पर इसका निरीक्षण करते हैं।

## 'आप' ने नागेंद्र को प्रदेश प्रभारी व अशोक को काशी प्रांत प्रभारी बनाया



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

रेवतीपुर ब्लॉक के सुगवलियां गांव निवासी एवं आप पार्टी किसान प्रकोष्ठ के वर्तमान प्रदेश सचिव नागेंद्र यादव को आप पार्टी का प्रदेश प्रभारी बनाया गया है। साथ ही राज्यसभा सांसद संजय सिंह के निर्देश पर किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार को काशी प्रांत प्रभारी एवं किसान प्रकोष्ठ का वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इसकी जानकारी पार्टी कार्यकताओं सहित अन्य लोगों को? हुई तो सभी में खुशी की लहर दौड़ गई है। लोगों नवनियुक्त काशी प्रांत प्रभारी और किसान प्रकोष्ठ के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नागेंद्र यादव को बधाईं दी और कहा कि उनके नेतृत्व में पार्टी काफी मजबूत होगी।

नवनियुक्त काशी प्रांत प्रभारी और किसान प्रकोष्ठ के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नागेंद्र यादव ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है,उसे वह बखूबी निर्वहन करूंगा। पार्टी को हर तरह से मजबूत करने का काम होग। कहा कि उनका उद्देश्य पार्टी के संगठन का विस्तार भी करना है।उन्होंने कहा कि वर्तमान केंद्र और प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार हर मार्चे पर फेल है,चारों तरफ अराजकता का बोलबाला है। अब कानून नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। भाजपा सरकार में लूट-खसोट मची है। अधिकारी मनमानी पर उतारू है। किसान जहां त्रस्त है। उधर युवा इस सरकार में रोजगार के लिए दर- दर की ठोकरें खा रहे हैं। नवनियुक्त काशी प्रांत प्रभारी और किसान प्रकोष्ठ के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नागेंद्र यादव ने कहा कि आगामी प्रदेश के विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भाजपा पूरी तरह से साफ होगी।

## भरत आगमन, मनावन और विदाई का मंचन देख दर्शकों की आंखें हुई नम

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

अति प्राचीन रामलीला कमेटी हरिशंकरी की ओर से लीला के आठवें दिन रविवार को सकलेनाबाद में भरत आगमन, मनावन और विदाई का मंचन हुआ। हरिशंकरी से भरत जी की शोभा यात्रा शुरू होकर मुरली कटरा, पावर हाउस लाल दरवाजा रोड, झुन्नू लाल चौराहा आमघाट, ददरी घाट चौक, महुआ बाग चौराहा होते हुए सकलेनाबाद पहुंची। लीला शुरू होने से पूर्व कमेटी के मंत्री ओमप्रकाश तिवारी, उप मंत्री लव कुमार त्रिवेदी, मेला प्रबंधक मनोज कुमार तिवारी, उप प्रबंधक मयंक तिवारी, कोषाध्यक्ष बाबू रोहित अग्रवाल ने प्रभु श्रीराम लक्ष्मण सीता को माला पहनाकर आरती किया। उसके बाद बंदे बाणी विनायक आदर्श श्री रामलीला मंडल के कलाकारों द्वारा भरत मनावन व विदाई लीला का भव्य मंचन हुआ। लीला में दशार्या गया श्री राम लक्ष्मण सीता बनवास के दौरान भारद्वाज मुनि के आश्रम पर कुछ दिनों तक विश्राम करते हैं।

उधर भरत जी को महर्षि वशिष्ठ दूत द्वारा उनके ननिहाल कैकेई देश में रथ भेज कर बुलवाते है। दूत भरत जी को गुरु वशिष्ठ का संदेश देते हुए



उन्हें अपने साथ रथ पर सवार होकर अयोध्या चलने के लिए कहते है, तो भरत रथ पर सवार होकर अयोध्या के लिए चल देते हैं। थोड़ी ही देर में भरत जी का रथ अयोध्या नगरी के सीमा पर पहुंचता है तो अयोध्या वासी भरत जी को देखकर अपना मुंह दूसरी ओर घूमा लेते हैं। यह देखकर भरत सोच में पड़ जाते हैं। उधर दासी मंथरा गेट पर आरती की थाल लिए भरत जी के आने की राह देखती है।

जब भरत का रथ महारानी कैकेई के दरवाजे पर पहुंचता है तो मंथरा आदर सत्कार के साथ उन्हें कैकेई के कक्ष में ले जाती है। भरत अपनी माता कैकेई के उदास चेहरा को देखकर पूछते हैं कि माताजी आपने यह हाल क्यों बना रखा है। बताइए पिताजी और भैया राम लक्ष्मण और भाभी सीता कहां है, इतना सुनने के बाद कैकेई ने कहा कि महाराज दशरथ स्वर्ग सिधार गए और राम लक्ष्मण सीता 14 वर्षों के लिए वन चले गए हैं। अब तुम नाश्ता पानी करके राजदरबार में जाकर अयोध्या का राजपाट ग्रहण करो। वहां अयोध्यावासी तुम्हारी प्रतीक्षा कर रहे हैं। जब भरतजी ने अपने पिता महाराज दशरथ को स्वर्ग सुधारने तथा बड़े भाई श्री राम के वनवास की कहानी सुने तो वह क्रोधित होकर अपनी माता कैकेई को खरी खोटी सुना कर राजदरबार में जाकर अयोध्या का राज ठुकराते हुए सभी अयोध्या वासियो तथा गुरु वशिष्ठ के साथ रथ पर सवार होकर के अपने भाई श्री राम को मनाने के लिए वन प्रदेश के लिए चल देते हैं और वे श्रृंगवेरपुर पहुंच कर वे निषाद राज केवट से श्री राम का पता पूछते हुए भारद्वाज ऋषि के आश्रम पहुंचते हैं।

## दसवीं ग्रामीण स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का ग्राम प्रधान लक्ष्मण राम ने किया शुभारंभ

# कांटे की टक्कर में वीरऊपुर ने नसीरपुर को 15-12 से पछाड़ा

**केटी न्यूज/सेवराई**

रेवतीपुर विकास खंड के हसनपुरा में रविवार से दसवीं ग्रामीण स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता शुरू की गई। जिसका भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान लक्ष्मण राम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फीता काटकर किया। मुकाबले के खेले गये उद्घाटन मुकाबले में वीरऊपुर ने नसीरपुर को काटें के मुकाबले में 15-12 से पराजित कर अपना स्थान अगले चक्र के होने वाले मुकाबले के लिए सुरक्षित कर लिया।

उद्घाटन मुकाबला शुरू से ही काफी रोमांचकारी रहा जिसमें दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों ने मुकाबले को अपने पाले में करने के लिए एक-एक के लिए संघर्षरत रहे,लेकिन अंततःबाजी वीर ऊपुर की टीम के



हाथ लगी,जिसमें उसके टीम के खिलाड़ियों ने मैदान में बेहतरीन खेल की बदौलत विपक्षी टीम को चारों खाने चित्त कर दिया।

इस अवसर पर पूर्व प्रधान दीनबंधु राय, राजेश राम, आदिल कुमार, रामप्रवेश, जवाहीर, राजवीर, राम नारायण, रामा कांत आदि लोग मौजूद रहे,मुकाबले में निर्णायक आकाश और नीशू,कमेंट्री सत्यांश और गोलू जबकि स्कोरर की भूमिका दिव्याशुं ने निभाई।

### कब्बडी को बढावा देने की कोशिश प्रशंसनीय : ग्राम प्रधान

उद्घाटन के दौरान खिलाड़ियों और मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान लक्ष्मण राम ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि लोग और खिलाड़ी पुरातन खेल कब्बडी के प्रति आज भी जागरूक है, कहा कि आज आधुनिकता के दौरान में जिस तरह से कब्बडी को बढावा देने की कोशिश हो रही है,वह प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में पढाई के साथ खेल भी काफी महत्वपूर्ण है,उसके जरिए हम अपनी शारिरिक और मानसिक स्थिति को मजबूत बना सकते है, साथ समाज में इसके जरिए हमें आपसी सौहार्द को कायम रखने में मदद मिलती है, उन्होंने कहा कि खेल हार जीत का हिस्सा है, हार से निराश न हो, प्रयास करने पर सफलता निश्चित है। दीनबंधु राय ने कहा कि सरकार खेल को बढावा देने के प्रयास में जुटी है, कहा कि इसी के तहत हर ग्राम में एक खेल के मैदान बनाने को लेकर सरकार प्रयासरत है, ताकि गाँव के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए कहीं इधर उधर न भटकना पडे। वह खेल के दम पर अपने गाँव ,जिले और प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रौशन कर सकें।

## एक नजर

### उचेड़ा की आदिशक्ति मां चंडी देवी दिन में तीन बार बदलती हैं अपना रूप



**बलिया।** हिन्दू धर्म मे नवरात्रि का बड़ा महत्व है, जिसे आदि शक्ति जगत जननी मां जगदम्बा की आराधना उपासना व्रत रखने से मां की विशेष कृपा होती है। जिले के फेफना थाना क्षेत्र अंतर्गत उचेड़ा गांव में आदि शक्ति चंडी देवी का प्राचीन मंदिर है। मान्यता है कि आदिशक्ति दिन में तीन बार अपना रूप बदलती हैं। सुबह में बालिका, दोपहर में महिला तथा शाम को वृद्ध का रूप धारण करती हैं। आदिशक्ति मां चंडी देवी की मंदिर की स्थापना के संबंध में बताया जाता है कि रसड़ा क्षेत्र के गोपालपुर निवासी ब्रह्मानंद चौबे माह के प्रत्येक पूर्णिमा को सदियों पूर्व गांव से विंध्याचल मां का दर्शन करने पैदल जाया करते थे। वृद्धावस्था में उन?होंने कहा कि मां शारीरिक रूप से अक्षम हो गया हूं। अब आपका दर्शन कैसे करूंगा। जब वह घर पर सोए हुए थे तो मां विन्ध्यवासिनी ने सपने में दर्शन दिया और कहा कि मैं बगल के गांव उचेड़ा में जमीन फाड़कर प्रकट होऊंगी। सपने के कुछ ही दिन बाद आदिशक्ति मां चंडी देवी के रूप में भगवान भोलेनाथ के साथ जमीन से प्रकट हुईं। इसके बाद श्री चौबे ने चंडी देवी और भोलेनाथ का पूजा करना आरंभ कर दिया। इसके बाद से क्षेत्र के लोग यहां पूजन-अर्चन कर परिवार के सुख-समृद्धि के लिए मन्नतें मांगते हैं। जिन्हें मां सहर्ष पूर्ण करती है। वहीं पूजारी अजय गिरी ने बताया कि नवरात्रि में प्रतिदिन दूर दूर से हजारो लोग अपने मनोकामना पूरी करने के लिए मन्नते मांगने, पूजन अर्चन व दर्शन के लिए आते है।

### मिशन शक्ति : कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम के दौरान माताओं को किया गया सम्मानित



**बलिया।** मिशन शक्ति विशेष अभियान फेस-5 के अंतर्गत रविवार को जिला महिला चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका सुमिता सिन्हा ने नवजात बालिकाओं एवं माताओं से केक कटवाकर बेबी किट, डायपर, बेबी कपड़ा,बेबी कम्बल, मिष्ठान, सम्मान पत्र तथा माला पहनाकर सम्मानित किया। वन स्टॉप सेन्टर के द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन की विस्तार से जानकारी दी गई। वन स्टाप सेंटर तथा चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं वहां प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में 18 वर्ष से कम उम्र के बालक-बालिकाओं के साथ हों रही यौन हिंसा से बचने व उनकी शिकायत करने, अपनी बात खुलकर रखने के बारे में जागरुक तथा उनके अधिकारों के बारे में बताया गया। सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 1090 की जानकारी तथा दहेज प्रथा को समाप्त करने, बाल विवाह की कुप्रथा को रोकने, बाल श्रम को रोकने के लिए सभी को जागरूक किया गया। इस अवसर पर वन स्टॉप सेंटर से नीलम शुक्ला, हर्षवर्धन, बैजंतीमाला, सोनी यादव, सविता, रंजना, अंकिता,नर्स तथा आदि उपस्थित रही।

### शादी का झांसा देकर महिला के साथ दुष्कर्म

**बलिया।** हल्दी थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर आरोपी द्वारा दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने करीब दो माह पहले थाने पर तहरीर दी, लेकिन पुलिस थाने में पंचायत व सुलह-समझौता कराने में लगी रही। तब पीड़िता की मां ने एसपी दरबार में गुहार लगायी। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर के निर्देश पर मुकदमा दर्ज किया गया। शनिवार की देर शाम पुलिस अधीक्षक ने थाने पहुंचकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार गाजीपुर जिला निवासी लड़की का ननिहाल हल्दी थाना क्षेत्र में है। काफी समय से 16 वर्षीय नाबालिग यहीं रह कर पढ़ती है। पास के गांव का एक लड़का अक्सर उसके घर जाता था। इसी बीच शादी का झांसा देकर दो माह पहले उसके साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं आरोपी ने अश्लील फोटो और वीडियो बना ली। वायरल करने का धमकी देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने लगा। लड़की की मां को घटना की जानकारी हुई तो उसने आरोपी के परिजनों को घटना से अवगत कराया। परिजनों ने गाली- गलौज व जान मारने की धमकी दी। पीड़िता की मां ने 13 अगस्त को हल्दी थाने में तहरीर दी। करीब दो माह से नाबालिग लड़की की मां थाने का चक्कर काटती रही, लेकिन पुलिस पंचायत करने में जुटी रही। मुकदमा दर्ज नहीं किया। अंततः पुलिस अधीक्षक के यहां मामला जाने के बाद शनिवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। एसपी विक्रांतवीर ने बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है।

### कोपागंज थाने के पीछे पोखरे में डूबे युवक का शव गोताखोरों ने मशक्कत से निकाला बाहर

**मऊ।** जनपद के कोपागंज थाने के पीछे तालाब में धर्मेंद्र पुत्र श्रीनाथ उम्र 25 वर्ष निवासी रजपुरा थाने के पीछे स्थित पोखरे पर नहाने के लिए पहुंचा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक काफी नशे की हालत में था। नहाने के दौरान मृतक नशे के हालत में काफी बड़बड़ा भी रहा था। इसी दौरान मृतक नहाने के लिए पोखरे में कूदा। लेकिन जब काफी देर बाद दिखाई नहीं दिया तो वहां पर कुछ दूर मौजूद लोगों की नजर पड़ी तो उनके होश उड़ गये। काफी इंतजार के बाद युवक पोखरे में दिखाई नही दिया। तब तक यह बात धीरे-धीरे आसपास के लोगों तक पहुंच गई। थोड़ी देर बाद वहां काफी संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। इसी बीच पुलिस ने किसी तरह गोताखोरों को बुलवाया। और काफी खोजने के करीब चार घंटे बाद युवक का शव पोखरे के बीचोंबीच गहरे पानी में डूबा हुआ मिला। जिसके बाद शव को गोताखोरों ने किसी तरह लेकर पोखरे से बाहर निकला।

# राम बरात में उमड़ा जनसैलाब, श्रीराम के स्वरूप की उतारी आरती



**केटी न्यूज/चंदौली**

रामगढ़ में रामलीला के चौथे दिन शनिवार को श्रीराम के बारात में बारातियों से भरी खचाखच भीड़ देखते बनी। सुप्रसिद्ध श्रीरामलीला महोत्सव में शनिवार को प्रभु श्रीराम की भव्य बरात निकाली गई। रामलीला समिति के द्वारा हनुमान मंदिर से भव्य बरात लेकर माता सीता को ब्याहने निकलें। श्री रामलीला महोत्सव में मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की बरात निकली तो रामगढ़ की भूमि अवधपुरी बनी नजर आई।

जन-जन के आराध्य प्रभु श्रीराम दूल्हा बनकर दिव्य रथ पर विराजमान हो निकले, तो नगरवासी बराती बनकर शामिल हुए। बरात जहां से गुजरी श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर आरती उतारी। और तरह तरह की मिठाईयां भी बाटी। हर कोई प्रभु श्रीराम की मनोहारी छवि निहारने को आतुर दिखा था। प्राचीन वैष्णवपंथ हनुमान मंदिर से बारात शाम 6 बजे श्रीराम के जयकारों के साथ पूरे गांव का भ्रमण करते हुए अघोरपंथ महाकापालिक श्रीबाबा कीनाराम जी के मठ पहुंची, वहां पर भी रामचंद्र की विधिवत आरती उतारी गई। तत्पचात बारात पुनः रामलीला परिसर पहुंची।बरात में लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, राजा दशरथ और मुनि वशिष्ठ समेत श्रीराम के सैकड़ों मित्र और भक्तों ने शिरकत की।राम बरात में महिला, पुरुष, युवा और बच्चे सभी बैंड बाजे व डीजे की धुन पर जमकर थिरके। भक्तजन जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे।बरात देखने सड़क के दोनों ओर खड़े श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से देवदत्त पांडेय, अमृत पाठक, विशाल पाठक, पटेल जी, खदेरन पांडेय, आशुतोष सिंह तेंदुलकर, आशीष पांडेय, विजय पांडेय मुन्ना, उमेश मौर्या, रामअनुज यादव, रोहित गुप्ता, मन्नू विश्वकर्मा, संतोष त्रिपाठी, नंदू गुप्ता, राजेश गुप्ता, दूधनाथ मौर्या, आशीष सिंह, ऋषभ सिंह, संजय पांडेय, रामायण साव, नरेश सिंह तथा समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### प्रशिक्षण में नई शिक्षा नीति से परिचित हुए शिक्षक



**चंदौली।** निपुण भारत अभियान के तहत सदर बीआरसी पर चल रहे प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों व शिक्षामित्रों के चार दिवसीय फाउंडेशनल लिटरेसी एण्ड न्यूमरेसी (एफएलएन) प्रशिक्षण का समापन शनिवार की शाम हुआ। प्रशिक्षण में आरंभिक स्तर पर शब्द बनाना, उन्हें पहचानना, गणितीय अभ्यास आदि की जानकारी दी गई ।वहीं सन्दर्भदाताओं ने नई शिक्षा नीति की जानकारी भी शिक्षकों को दी। इस दौरान उन्होंने बताया कि तीन साल से पांच साल तक प्री नर्सरी, नर्सरी व बाल वाटिका के बच्चों को छठे वर्ष कक्षा एक तक आने के लिए आंगनबाड़ी व शिक्षक के बीच समन्वय स्थापित करते हुए नई शिक्षा नीति के अनुपालन के शिक्षकों व शिक्षामित्रों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एफएलएन) बुनियादी भाषा एवं गणित की दक्षताएं, सीखने के सिद्धान्त, गणित किट के प्रयोग, डिकोडिंग, लेखन, पठन व आकलन आदि पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों व प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रतिभागियों को बच्चों को नए-नए तरीकों से बुनियादी भाषा एवं गणित की दक्षताओं को विकसित करने के बारे में प्रशिक्षित किया गया। इसके साथ ही सीखने के आयामों के विभिन्न रूपों पर चर्चा की गई। इस मौके पर सन्दर्भदाता एआरपी सुनील शर्मा, सत्येंद्र कुमार शर्मा, रिंकू यादव, संदीप दूबे, उमाशंकर आदि मौजूद रहे।

### जौनपुर में जनरल पोस्ट मास्टर ने किया वार्षिक निरीक्षण, दिए निर्देश



**जौनपुर।** जौनपुर में पोस्ट ऑफिस का रविवार को वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्ट मास्टर जनरल विनोद कुमार सिंह ने जिलें के पोस्ट ऑफिसो का निरीक्षण किया। और साथ ही निर्देश भी दिए। विनोद कुमार सिंह ने बताया कि आज जौनपुर मंडल का वार्षिक निरीक्षण था। जिसमें हमने सभी ब्रांचों का निरीक्षण किया। और सबकुछ ठीक पाई गई है। जौनपुर के हेड पोस्ट का विजिट भी किया गया। जो भी छोटी मोटी कमी पाई गई है। उसको ठीक करने का निर्देश दिया गया है। हमने देखा कि आधार कार्ड बनवाने को लेकर और आधार कार्ड से सम्बंधित तमाम समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जो लोग आधार कार्ड बनवाने के लिए आ रहे है। उनके लिए हमने एक नई व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए है। और काउंटर खोले जाएं,डिजिटल लाइव क्यू मैनजेमेंट सिस्टम लगाए जाए। ज्यादा से ज्यादा लोगों को सर्विस दें सकें। बिना भीड़ भाड़ का जनता का काम आसानी हो सकें।सरकार की तमाम योजनाएं चल रही है। उसका सभी लोग फायदा ले रहे है। हम लोग 7 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह सेलिब्रेशन करने जा रहे है। जिसमें 7 अक्टूबर को मेल डे, व पार्सल डे का नाम रखा गया है। अपने एक्सपोर्टर भाइयों को बुलाएंगे और उनके साथ चर्चा करेंगे। अपनी सेवा से और बेहतर कैसे बना सकते है। इसी तरह से 11 अक्टूबर तक कार्यक्रम चलता रहेगा।

### शास्त्री जयंती पर संसद के सेंट्रल हाल में प्रभावशाली वक्तव्य देने पर किया स्वागत

**पीडीडीयू नगर।** महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर दो अक्तूबर को संसद के सेंट्रल हाल में प्रभावशाली वक्तव्य देने वाली मुगलसराय निवासी भावना यादव और नंदनी को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से सम्मानित किया गया। नगर के एक इंटर कॉलेज में आयोजित समारोह में दोनो बेटियों को माल्यार्पण कर और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। दोनो के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रतन श्रीवास्तव ने कहा कि अभावों के कोख से प्रतिभा का जन्म होता हैं। अत्यंत गरीब परिवार की भावना ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के समक्ष लाल बहादुर शास्त्री के बारे में इनते प्रभावशाली तरीके से वक्तव्य दिया जो प्रेरणादायक है। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय सचिव संजय श्रीवास्तव ने कहा कि जिले के हजारों बच्चों ने मात्र 15 बच्चों का चयन संसद में जाने के लिए हुआ था। जिले से बच्चों को ले जाने वाले नोडल योगेश सिंह ने कहा कि संसद के जिस हाल में बच्चों को बोलने का मौका मिला। धन्यवाद ज्ञापन स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्र ने किया।

### चोरों ने घर व पावर लूम कारखाने को खंगाला

**चंदौली।** जलीलपुर चौकी क्षेत्र में शनिवार की देर रात्रि दो अलग अलग गांवों नाथुपुर व व्यासपुर में हौसला बुलंद चोरो ने चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया। जिसमे नाथुपुर गांव में जैनुद्दीन पुत्र स्वर्गीय मो सोहराब 69 वर्ष शनिवार की रात जैनुद्दीन अपने बच्चे गुलाम जिलानी, नातिन रहनुमा व माहे तलब के साथ घर के एक कमरे में सोने चले गए। वही पत्नी नरगिस बानो अपने रिश्तेदारों के यहां गयी हुई थी। रात करीब 2:00 बजे लघुशंका की आशंका होने पर जैनुद्दीन उठे तो कमरे का दरवाजा बंद था। घर मे चोरी की आशंका पर आसपास पड़ोसियों को फोन से सूचित कर कमरे का दरवाजा खुलवाया। बाहर आकर देखा तो घर के सभी कमरों का दरवाजा खुला रहा और आलमारी व बक्से में रखा एक लॉकेट रहित सोने की सिकड़ी,एक जोड़ी कान का झुमका, सोने की नथिया, दो सोने की अंगूठी,एक जोड़ी चांदी का पायल, चांदी का झिलमिली, चांदी की मेहदी हाथ के पंजों वाला, चांदी का गले का सेट व अटैची में 19 हजार रुपये चोर चोरी करके ले भागे।

## खबरें फटाफट

### मिशन शक्ति के तहत पुलिस कर रही महिलाओं को जागरूक

**चिरैयाकोट (मऊ)।** थाना क्षेत्र के ग्राम करमी में रविवार को मिशन शक्ति फेज 5 के तहत महिला एस आई तृप्ति पाण्डेय ने म०का० लक्ष्मी तथा पी आर डी महिला पुष्पा देवी के साथ महिलाओं, बालिकाओं, आशा कार्यकत्रियों एवं आंगनबाड़ी कर्मचारियों से बात चीत कर उन्हें आपातकालीन नंबरों,महिला सुरक्षा,घरेलू हिंसा, स्वास्थ से संबंधित व साइबर क्राइम के संबंध में जानकारी दिया। प्रभारी निरीक्षक योगेश यादव ने बताया कि मिशन शक्ति फेज 5 का अभियान शासन के निदेर्शानुसार 3 माह तक चलेगा।जिसका शुभारंभ 3 अक्टूबर से हुआ है। इस अभियान के तहत महिलाओं के साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, दाई, महिला शिक्षकों इन्टर व स्नातक की छात्राओं को अपने कार्यस्थल व अन्य जगहों पर सतर्क व सुरक्षित रहने हेतु जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान उन्हें हेल्पलाइन नंबर 1090, डायल 112, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 कैसे कार्य करती है तथा साइबर क्राइम से कैसे बचा जा सकता है इसके बावत जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

### साफ सफाई के लिए चला अभियान

**पीडीडीयू नगर।** ट्रेनों की कोचों व पैंट्रीकारों की गहन सफाई अभियान एवं साफ और स्वच्छ भोजन यात्रियों को उपलब्ध करवाने के लिए स्थानीय स्टेशन पर अभियान चलाया गया। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर 24 घंटे तक सफाई होती है।15 मिनट या उससे ज्यादा रुकने वाली ट्रेनों की सफाई मशीन से की जाती है। शौचालयों की सफाई और कीटाणुमुक्ती पर विशेष ध्यान दिया जाता है।मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि ट्रेनों के पैंट्रीकार में बेचने वाले वेंडर्स को व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे जानकारी दी जाती है। जिससे यात्रियों को साफ और स्वच्छ भोजन मिले।

## मिशन शक्ति 5.0 : संस्कृति विभाग की तरफ से कराए जाएंगे कार्यक्रम

# यूपी के 16 शक्तिपीठ स्थलों पर 'शक्ति महोत्सव' कराएगी योगी सरकार

- पाटेश्वरी मंदिर, शीतला माता मंदिर, गोरखनाथ मंदिर, मां विंध्यवासिनी शक्तिपीठ, शीतला चौकियाधाम, कूड़ाधाम फतेहपुर समेत कई शक्तिपीठों पर होंगे कार्यक्रम



**केटी न्यूज/लखनऊ**

योगी सरकार उत्तर प्रदेश के 16 शक्तिपीठों पर सप्तमी-अष्टमी तिथि को 'शक्ति महोत्सव' कराएगी। सीएम योगी के निर्देश पर संस्कृति विभाग ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। मिशन 5.0 के मंशानुरूप महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन से जोड़ते हुए इस आयोजन में महिला कलाकारों को वरीयता दी जाएगी। महोत्सव के तहत नौदेवियों पर आधारित झांकीमय प्रस्तुतियां भी होंगी। कुंभ व नवदुर्गा के प्रसंगों, महिला सशक्तिकरण पर आधारित नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से प्रदेश के लोक कलाकार अनेक आध्यात्मिक कार्यक्रमों में प्रस्तुति देंगे।

योगी सरकार के निर्देश पर शक्ति महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के मां पाटेश्वरी मंदिर देवीपाटन, शीतला माता मंदिर मैनपुरी, मां वैष्णो देवी मंदिर फिरोजाबाद, मां काली माता मंदिर झांसी, मां कात्यायनी शक्तिपीठ वृंदावन मथुरा, अलोपी देवी शक्तिपीठ प्रयागराज, मां विंध्यवासिनी शक्तिपीठ मंदिर विंध्याचल, नैमिषारण्य प्रभा स्थली नैमिषधाम सीतापुर, गोरखनाथ मंदिर गोरखपुर, शीतला चौकियाधाम जौनपुर, देवबंद मां त्रिपुर बाला सुंदरी शक्तिपीठ सहारनपुर, कूड़ाधाम फतेहपुर, दुर्गा मंदिर वाराणसी, बड़ी देवकाली मंदिर अयोध्या, खत्री पहाड़ विंध्यवासिनी मंदिर बांदा, मां चंद्रिका देवी मंदिर लखनऊ, कालीबाड़ी मंदिर लखनऊ, रामगिरि शक्तिपीठ चित्रकूट में आयोजन होंगे।

**आध्यात्मिक भजनों की बहेगी गंगा :** शीतला चौकियाधाम जौनपुर में सपना शर्मा व स्तुति कुशवाहा, सहारनपुर में माधुरी सिंह व भावना, फतेहपुर में अंजलि सिंह व अल्का वाजपेयी, दुर्गा मंदिर में मंगला सलोनी व बड़ी देवकाली मंदिर अयोध्या में शालिनी राजपाल व रीता शर्मा टीम सहित आध्यात्मिक गंगा में भजनों से मां के चरणों में श्रद्धा निवेदित करेंगी। इसके अलावा मैनपुरी में आकाश द्विवेदी, गोरखपुर में राकेश श्रीवास्तव, वाराणसी में गणेश पाठक आदि कलाकारों की भी प्रस्तुतियां होंगी। इन शक्तिपीठों व मंदिरों में नौदेवियों पर आधारित विशेष झांकीमय प्रस्तुतियां भी होंगी। प्रदेश के कलाकारों द्वारा कुंभ व नवदुर्गा के प्रसंगों पर आधारित कार्यक्रमों का आनंद दर्शक उठाएंगे। देवी गीतों की परंपरा पर आधारित देवीगायन व लोकनृत्य के जरिए भी आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया जाएगा। योगी सरकार का महिला सशक्तिकरण पर जोर है, इस पर भी नुक्कड़ नाटक कराए जाएंगे।

### कार्यक्रमों की वाहक बनेंगी महिला कलाकार

योगी सरकार का मिशन शक्ति के जरिए महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन पर जोर है। शक्ति महोत्सव में होने वाले आध्यात्मिक व सांस्कृतिक आयोजन में भी संस्कृति विभाग का जोर 'मिशन शक्ति' पर है। इस निमित्त देवीपाटन के पाटेश्वरी मंदिर में शेफाली पांडेय व आयुषी राज, मैनपुरी के शीतला माता मंदिर में शालिनी शर्मा, फिरोजाबाद के मां वैष्णो देवी मंदिर में पूजा उपाध्याय व खुशी शर्मा, मां काली माता मंदिर झांसी में अभिलाषा शर्मा व अर्चना कोटार्य, मां कात्यायनी शक्तिपीठ वृंदावन में सीमा मोरवाल व पूजा नागर, अलोपी देवी शक्तिपीठ प्रयागराज में वंदना शुक्ला व मोहिनी श्रीवास्तव, मां विंध्यवासिनी मंदिर विंध्याचल में फागुनी देवी व कल्पना गुप्ता, सीतापुर में विनोद कुमार सैनी व शक्ति श्रीवास्तव कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगी।

## मधुबन थाने के कटघरा माइनर में शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी

**केटी न्यूज/मऊ**

- शनिवार की रात ब्रह्मभोज कार्यक्रम से घर लौटते समय हुआ यह हादसा

जनपद के मधुबन थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह नहर में एक शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। सूचना पर मौके पर लोगों की बड़ी भीड़ जमा हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान राम आशीष 44 वर्ष पुत्र लक्षण निवासी थाना घोसी तराईडीह के रूप में हुई। मृतक का बाइक भी नहर में पड़ा मिला है। ऐसा माना जा रहा है कि वह तेज रफ़्तार के कारण वह बाइक सहित नहर में चला गया हो और डूबने से उसकी मौत हो गई। मृतक शनिवार की रात मधुबन थाना क्षेत्र के ग्रामसभा दरगाह में एक ब्रह्मभोज में शामिल होने आया था। घर लौटते समय यह हादसा हो गया।

बताया जा रहा है कि शनिवार की रात दरगाह में एक ब्रह्मभोज का कार्यक्रम था। उसमें नाच-गाना का भी प्रोग्राम था। मृतक राम आशीष भी उसमें शामिल था। देर रात अपनी बाइक से घर लौट रहा था। ऐसा माना जा रहा है कि तेज रफ़्तार के कारण बाइक अनियंत्रित हो कर दरगाह-कटघरा माइनर में चली गयी। रात होने के कारण इस हादसे की जानकारी किसी को नहीं मिल पायी। समय से उसे मदद नहीं मिल पाया और नहर के पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। रविवार की सुबह टहलने निकले कुछ लोगों ने नहर में एक शव एवं बाइक पड़ी देखा। इसकी सूचना पुलिस को दी। थोड़ी ही देर में मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गयी।

## घर की छत पर सोए युवक की संदिग्ध परिस्थिती में मौत, मचा कोहराम

**केटी न्यूज/सेवराई**



रेवतीपुर थाना क्षेत्र के अठहठा गांव में अपने घर की छत पर सोए युवक मृतुन्जय यादव (20) की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत होने से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस मौत के मामले में छानबीन में जुट गई है। घटना के बाद मृतक की मां सरस्वती देवी सहित पूरे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गाँव सहित पूरे इलाके में सन्नाटा पसरा हुआ है। मृतक मृतुन्जय के पिता घनश्याम यादव ने बताया कि उसके तीन पुत्र है,जिसमें मृतक पुत्र सबसे छोटा था,बताया कि उसका पुत्र कामर्शियल वाहन चलाता था,बताया उसके दो अन्य पुत्र घर ही रहते है,जबकि वह भी खुद घर रहकर खेती बारी करता है। पिता घनश्याम ने विलखते हुए बताया कि उसका पुत्र मृतुन्जय बीते शनिवार की देर शाम करीब आठ बजे गाँव में दुर्गा पूजा पंडाल देखने अपने कुछ दोस्तों के साथ गया था,पिता ने बताया कि करीब दो घंटे बाद उसका पुत्र देर रात्रि दस बजे दुर्गा पूजा पंडाल देखकर वापस घर आया,और छत पर सोने चला गया।पिता ने बताया कि उसके बाद उसकी मां किसी काम से रात्रि करीब दो बजे छत पर पहुंची,तो अपने पुत्र जगाने लगी,इसी बीच उसकी मां ने देखा कि पुत्र ने नाक से खून रिस रहा है,और सर के पिछे चोट लगा है। उसके बाद शोर करने लगी,जिसपर सभी परिजन आननफानन में छत पर पहुंचे।उसके बाद उसे नीचे लाकर वाहन से तुरंत जिला अस्पताल गाजीपुर देर रात्रि को ही ले गये, जहाँ चिकित्सक ने देखते ही उसके पुत्र मृतुंजय को मृत घोषित कर दिया,उसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक पवन उपाध्याय ने बताया कि मृत युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेंजा गया है,बताया कि उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई है,पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद भी पता चल सकेगा।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ-2025 की तैयारियों के बाद पत्रकारों से किया संवाद

# समयसीमा में पूरी कर ली जाएं महाकुंभ की तैयारियां: सीएम

- महाकुंभ के लिए प्रदेश व केंद्र सरकार के विभाग आपसी समन्वय से कार्यों को दे रहे गति: योगी
- बोले- अभेद्य सुरक्षा के किए जाएंगे पुख्ता इंतजाम, एआई का किया जाएगा भरपूर इस्तेमाल



**केटी न्यूज/लखनऊ**

महाकुंभ-2025 की तैयारियां युद्ध स्तर पर आगे बढ़ रही हैं। 5600 करोड़ से अधिक के प्रोजेक्ट से प्रयागराज को भव्य और सुंदर बनाया जा रहा है। कुंभ-19 में पूरी दुनिया प्रयागराज की ओर आकर्षित हुई थी। इस दौरान करीब 25 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया था। वे सभी इतने बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन में सहभागी बने थे। वहीं लगभग 100 देशों के राजनयिक भी कुंभ-19 के भागीदार बने थे। इन लोगों ने भारत के आध्यात्मिक और समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं का अवलोकन भी किया था। इसी क्रम में दिव्य, भव्य और नव्य महाकुंभ-2025 के लिए विभिन्न विभागों द्वारा युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रयागराज में कहीं। उन्होंने महाकुंभ-2025 की तैयारियों का जायजा लेने के बाद पत्रकारों से संवाद किया। सीएम ने बताया कि अधिकारियों को तय समय सीमा में तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुंभ-2025 को लोगो जारी किया गया है, जिसमें आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का समावेश है। उन्होंने कहा कि उनकी साधु-संतों के साथ बैठक हुई। सभी ने बहुत ही सकारात्मक भाव के साथ महाकुंभ के साथ जुड़ने की बात कही है।

### नहीं चलना पड़ेगा पैदल

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार के साथ केंद्र सरकार के विभाग भी आपसी समन्वय से अपने-अपने कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब महाकुंभ का आयोजन होता है तो उस समय संगम में जल का स्तर 8 से 10 हजार क्यूसेक वाटर होता है। वहीं वर्तमान में सवा दो लाख से 2.5 लाख क्यूसेक वाटर के बीच जलस्तर है। इसे रिसेट होने में 10-12 दिन लग सकते हैं, लेकिन इससे महाकुंभ-25 की तैयारियों में कोई बाधा नहीं आएगी। सीएम योगी ने बताया कि अधिकारियों को तय समय सीमा में सभी निर्माण कार्य पूरे करने के निर्देश दिये गए हैं। हमारा प्रयास रहेगा कि पीक डे यानी मुख्य पर्व, जो 13 जनवरी से 26 फरवरी को महाशिवरात्रि तक चलेंगे। पौष पूर्णिमा, मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी, माघ पूर्णिमा, शिवरात्रि को छोड़कर शेष अन्य दिनों में किसी भी श्रद्धालुओं को एक किलोमीटर से अधिक पैदल न चलना पड़े।

## जमीयत उलेमा ए हिंद की शहर कमेटी का गठन, मौलाना अब्दुल हन्नान बने अध्यक्ष

**केटी न्यूज/जौनपुर**



जमीयत उलेमा ए हिंद की एक बैठक नगर के मोहल्ला मंडी नसीब खाँ स्थित आलम मस्जिद में मौलाना वसीम अहमद शेरवानी अध्यक्ष जमीयत उलेमा ए हिंद की अध्यक्षता में रखी गयी जिसमें शहर की कमेटी का गठन किया गया।

सर्वप्रथम मौलाना वसीम अहमद ने जमीयत उलेमा ए हिन्द के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए खिदमत ए खल्क पर जोर दिया और साथ ही हिन्दू मुस्लिम एकता का संदेश दिया। उसके बाद शहर कमेटी का गठन करते हुए मो जमीरुद्दीन जम्मू को सरपरस्त, मौलाना अब्दुल हन्नान को अध्यक्ष, मुफ़्ती सलमान महमूद कासमी व हाफिज मोहम्मद आरिफ को उपाध्यक्ष, मौलाना मोहम्मद शकील को सेक्रेटरी व मौलाना अब्बास, हाजी मो सलीम को नायब सेक्रेटरी, जावेद अहमद को कोषाध्यक्ष व अबुलखैर को मीडिया प्रभारी सर्वसम्मति से चुना किया इसके अतिरिक्त ग्यारह लोगों को सदस्य बनाया गया।

मौलाना वसीम अहमद की दुआ पर मीटिंग का समापन किया गया। इस अवसर पर मो यासीन अहमद, इकबाल अहमद अंसारी, मो ओसामा, डॉक्टर मो खालिद, मौलाना मो नासिर अम्मार, कारी मो उमर, असलम इंजीनियर, मो अमजद, हाफिज दिलशाद अहमद, मौलाना मुदस्सिर, नेहाल अहमद, इश्तेयाक राईनी, मो अरशद, हाफिज मोह हारिस, मो साजिद, इस्हाक अंसारी आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दुर्गा पूजा, रावण दहन और मेला को लेकर शांति समिति की बैठक

**हजारीबाग, एजेंसी।** थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने की और संचालन थाना प्रभारी आभास कुमार ने किया। पूजा समिति के सदस्यों ने पूजा स्थलों की स्थिति से प्रशासन को अवगत कराया। विजयादशमी के की संध्या रावण दहन के कार्यक्रम की जानकारी दी और प्रशासन से विशेष सुरक्षा की मांग की। सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों और बाइक चालकों पर रोक लगाने के लिए कहा। गया रोड में सड़क पर बने बड़े बड़े गड्ढों से प्रशासन को अवगत कराया। प्रशासन की ओर से सभी समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया गया। एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने लोगों से शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में दुर्गा पूजा मनाने की अपील की। कहा डीजे बजाना प्रतिबंधित है। इसका पालन सभी पूजा कमेटी को करना है। अवैध शराब भट्टियों को ध्वस्त किया जायेगा। तेज रफ्तार वाहनों के रोकथाम के लिए जगह जगह बेरिकेटिंग किया जाएगा। पूजा स्थलों के आसपास पुलिस की तैनाती की जाएगी। सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी जाएगी। अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी करवाई की जाएगी। प्रशासन की ओर से सभी मंदिरों और पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाने का आग्रह किया गया।

### डांडिया कार्यक्रम में जमकर झूमे विद्यार्थी

**रांची, एजेंसी।** कैम्ब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में शनिवार को दुर्गोत्सव से पूर्व डांडिया रास का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में रंग-बिरंगे परिधानों मे सजे विद्यार्थी और शिक्षक भक्ति पूर्ण गानों पर जमकर झूमे। विद्यार्थियों ने शेर पे सवार होके आजा शेरावाली, नाम रे सबसे बड़ा तेरा नाम, राधा कैसे न जले, भेजा है बुलावा आदि गानों पर डांडिया खेला और एक-दूसरे को गले लगाकर दुर्गोत्सव की बधाई दी। विद्यार्थियों ने फिल्मी गानों पर भी ठुमके लगाए। इसके पूर्व उप प्राचार्य एवं अतिथियों ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर प्राचार्य कैम्ब्रिज ट्रस्ट की संयुक्त सचिव डॉ पल्लवी चौहान, डॉ एल रंगनाथन, उप प्राचार्य प्रो रसिका नवनीत सिंह, डिप्टी रजिस्टार मनीष नाथ चौफ को-ऑर्डिनेटर प्रो अंकित सिंह आदि मौजूद थे।

### रेलकर्मियों के खाते में पहुंची बोनस की राशि

**धनबाद, एजेंसी।** झधनबाद रेल मंडल के 24 हजार 500 रेलकर्मियों के खाते में शनिवार दोपहर बोनस की राशि पहुंचने लगी। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को रेलवे के अराजपत्रित कर्मचारियों को 78 दिनों के बोनस की घोषणा की थी। सात हजार रुपए की सीलिंग के आधार पर बोनस की राशि 17 हजार 951 रुपए का भुगतान रेलकर्मियों के बैंक खाते कर दिया गया है। शुक्रवार को बोनस भुगतान संबंधी आदेश रेलवे बोर्ड से डीआरएम कार्यालय पहुंच गया था। शुक्रवार को ही कार्मिक विभाग और वित्त विभाग ने बोनस भुगतान से संबंधित प्रक्रियाएं पूरी कर लीं। शनिवार को आरटीजीएस और एनईएफटी के माध्यम से रेल कर्मचारियों के खातों में राशि भेजी गई। बहुत जल्द केंद्रीय कर्मचारियों के डीए बढ़ोतरी की भी घोषणा की जाएगी। दिवाली से पहले रेल कर्मियों के वेतन में डीए का एरियर भी पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

### प्रति व्यक्ति ऊर्जा की खपत विकास के प्रमुख संकेतकों में एक : प्रो. सुकुमार मिश्रा

**धनबाद , एजेंसी।** आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में गुरुवार को इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ ड्रिलिंग कॉन्ट्रैक्टर्स (आईएडीसी) के छात्र चैप्टर का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर देश और विदेश के विशेषज्ञों ने प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत में वृद्धि और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के बीच संतुलन पर चर्चा की.आईआईटी आईएसएम के निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा ने कहा कि प्रति व्यक्ति ऊर्जा की खपत विकास के प्रमुख संकेतकों में से एक है. हमें इसे स्थाई तरीके से करना होगा ताकि यह हमारी अगली पीढ़ी को प्रभावित न करे. हमें ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार और स्थाई विकास पर ध्यान देना होगा।

# पैसे के बल पर पूरे देश में राज करना चाहती है भाजपा: हेमंत

**जमशेदपुर, एजेंसी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि भाजपा पैसे के बल पर पूरे देश पर राज करना चाहती है. आज जब वर्तमान सरकार में गरीबों का सम्मान हो रहा है, तो यह भाजपा को पच नहीं रहा. इसको रोकने के लिए तमाम हथकंडे अपनाए जा रहे हैं. सीएम हेमंत सोरेन शनिवार को जमशेदपुर के बालीगुमा में आयोजित एमजीएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नये भवन के उद्घाटन व ओपीडी सेवा के शुभारंभ समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे. उन्होंने बताया कि रांची में भी एक नये मेडिकल कॉलेज की आधारशिला जल्द ही रखी जाएगी. सीएम ने कहा कि अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन देने वाले मेडिकल के छात्रों को भी उन्होंने मंच से आश्वस्त किया कि एक महीने के अंदर उनकी समस्याओं का समाधान हो जाएगा. कहा कि आज कोल्हान के लिए ऐतिहासिक दिन है. उन्होंने जनता को समर्पित किया गया. उन्होंने कहा कि हम अपनी खनिज संपदा से पूरे देश का पेट भरते हैं. लेकिन, हमारे लोगों के पास रहने को घर, खाने को अनाज, पहनने को कपड़ा व रोजगार तक नहीं है. तब हमने कानून बनाया कि यदि झारखंड में कोई भी उद्योग लगेगा तो उसमें 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को भर्ती करना ही पड़ेगा.

**हर तरह से हमारी टांग खिंचाई हुई:** उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के दो साल कोरोना खा गया. दो साल भाजपा ने मेरे साथ चोर-पुलिस का




खेल खेला. हर तरह से हमारी सरकार की टांग खिंचाई की गई. कभी किसी को तो कभी किसी को पैसे के बल खरीद लेने के शिगूफे छोड़े गए, ताकि हमारी सरकार अस्थिर हो जाए. भाजपा पैसे के बल पर पूरे देश पर राज करना चाहती है, इस खेल के जरिए उसने जगजाहिर कर दिया है. आज जब हमारी सरकार महिलाओं का सम्मान कर रही है, तो फिर भाजपा के लोग नये-नये शिगूफे छोड़ रहे हैं. हम 32 के खतियान के आधार पर नौकरी देने की बात करते हैं, तो ये लोग कोर्ट चले जाते हैं. अब भाजपा के लोग गांव-गांव घूम कर महिलाओं को 2100 रुपए प्रति माह देने के लिए फॉर्म भरवा रहे हैं. जनता को ये देखना है कि पड़ोसी राज्य ओडिशा में भाजपा मंईयां-बहनों का कितना सम्मान कर रही है और कितने रुपए प्रति माह दे रही है. भाजपा ने विदेशों से काला धन लाकर सबके खाते में 15-15 लाख रुपए देने का शिगूफा छोड़ कर सबका खाता खुलवा दिया, किसको कितने लाख मिले, ये आप लोग तय कीजिए.

**अब ये गरीब राज्य कीर्तिमान बना रहा:** उन्होंने कहा कि हमारे गांव कितने गरीब हैं, यह मुझे बहुत अच्छी तरीके से पता है. अब ये गरीब राज्य नया कीर्तिमान बना रहा है. झारखंड का हर वो बुजुर्ग जो 50 वर्ष का हो गया है, हमारी सरकार उसको पेंशन दे रही है. पहले विधवा अपना पेंशन पाने के लिए महिलाएं दर-दर भटकती थीं. हमारी सरकार ने कानून बना दिया है कि कोई भी महिला जिस दिन विधवा होगी, उसी दिन से उसको पेंशन मिलना शुरू हो जाएगा. 200 यूनिट बिजली फ्री कर दिया और पुराना बिल भी माफ कर दिया.

**केंद्र हमारा बकाया दे दे, तो सबके खाते में 3-3 लाख डाल दूंगा:** उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग गांव-गांव में घूम कर रंग-बिरंगा पर्चा-कागज दिखा कर लोगों को तरह-तरह के प्रलोभन दे रहे हैं. मैं पूछता हूं जब इनकी डबल इंजन की सरकार थी तब इन्होंने गरीबों के लिए क्या किया. भाजपा के पास गरीबों को देने के लिए पैसे नहीं हैं, लेकिन अपने अरबपति दोस्तों के कर्ज माफ करने के लिए पैसे हैं. उन्होंने दावा किया कि यदि केंद्र की भाजपा सरकार झारखंड के कोयले का पैसा जो झारखंड का हक है, एक लाख 36 हजार करोड़ रुपए दे दे, तो राज्य के हर व्यक्ति के खाते में तीन-तीन लाख रुपए आएंगे. ऐसे लोगों को पहचानने की जरूरत है. चुनाव को देखते हुए भाजपा के लोग हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई, अगड़ा-पिछड़ा का उल्टा सीधा पाठ पढ़ा रहे हैं।

### सरकार न डरने वाली न झुकने वाली : बन्ना

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि ये सरकार न डरने वाली है और न ही झुकने वाली. ये सरकार झारखंड को बेचने वालों के खिलाफ खड़ी है और खड़ी रहेगी. भाजपा माइंड गेम खेलती है. यदि भाजपा के लोगों में झारखंड के प्रति जरा सा भी सम्मान है, तो सरना धर्म कोड लागू करने की घोषणा करे. बाबूलाल मरांडी ने अपनी सरकार में पिछड़ों का आरक्षण 27 से घटा कर 14 प्रतिशत कर दिया था. वे सार्वजनिक रूप से माफी मांगें और फिर पिछड़ों का आरक्षण 27 प्रतिशत करने की घोषणा करें. भाजपा जुमले वाली पार्टी है. हिमंता चाइनीज आइटम हैं. लिखो और फेंको. भाजपा को अपने बाप पर भी भरोसा नहीं है, लेकिन सरकार को झारखंड की जनता पर भरोसा है.

### रिम्स जैसा सुविधाजनक होगा अस्पताल: रामदास सोरेन

जल संसाधन मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि एमजीएम अस्पताल अब रिम्स के जैसा सुविधाजनक होगा. सरकार का काम धरातल पर दिखाई दे रहा है. योजनाएं फलीभूत हो रही हैं. पिछले 17 वर्षों में जो विकास के काम नहीं हुए थे, वे पांच साल के कार्यकाल में हेमंत सोरेन ने कर दिखाया. उन्होंने कहा कि केंद्र से या दूसरे राज्यों से भाजपा चाहे कितने भी बड़े बड़े दिग्गज बुला ले, उसका सपना हम पूरा नहीं होने देंगे।




# जयराम की पार्टी ने 6 सीटों पर उतारे उम्मीदवार

**धनबाद, एजेंसी।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) राज्य में विधानसभा की 81 सीटों पर चुनाव लड़ेगा। हमारे पास 69 आवेदन आ चुके हैं। संसदीय बोर्ड की सात सदस्यीय टीम ने पहली सूची तय कर ली है, छह विधानसभा क्षेत्रों के लिए प्रत्याशियों के नाम पर सहमति दे दी है। डुमरी से जयराम महतो, जमुआ से रोहित कुमार दास, राजमहल से मोतीलाल सरकार, तमाड़ से दमयंती मुंडा, सरायकेला से प्रेम मार्डी और छतरपुर से प्रीति राज मैदान में उतरेंगे। यह जानकारी गुरुवार को मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने धनबाद में पत्रकारों को दी।

जयराम ने कहा- वह स्वयं दो सीटों से चुनाव लड़ेंगे। बाघमारा में जनता का खूब समर्थन मिल रहा है। टुंडी में हमारा घर ही है। बेरमो व मांडू से भी तैयारी की है। हालांकि दूसरी सीट कौन सी होगी, यह संगठन तय करेगा। यह भी बताया कि निरसा और सिंदरी के कई वरीय नेता संपर्क में हैं। सिक्षी में अमित महतो को टिकट देने को तैयार हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका दल किसी के साथ गठबंधन नहीं करने जा रहा है। संगठन हर स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

**घुसपैठ बड़ा मुद्दा, पहचान पर संकट:** जयराम ने कहा- झारखंड में घुसपैठ बड़ा मुद्दा है। इससे हमारी पहचान पर आफत आई है। पहाड़िया जनजाति के लोग परेशान हैं, आदिवासियों पर अत्याचार हो रहा है। घुसपैठ का हमारा संगठन विरोध करता है। धनबाद में विस्थापन को बड़ी समस्या माना। कहा कि स्थानीय नीति के तहत लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है। ठोस नीति जरूरी है। बेरोजगारी की समस्या बड़ी हो रही। धनबाद के बाघमारा क्षेत्र की चर्चा करते हुए कहा कि वहां तो मनमानी हो रही है। आउटसोर्सिंग में काम करने 133 मजदूरों को हक नहीं मिल रहा है। मजदूरों के हक के लिए हर लड़ाई को तैयार हैं। जयराम ने कहा कि कई राष्ट्रीय दल के नेताओं ने संपर्क किया है। हर दिन दूसरे दलों के वार रूम में जयराम महतो की चर्चा होती है। मोर्चा को जनता का समर्थन मिल रहा है।

# केशव महतो कमलेश ने कहा, झारखंड में विपक्ष उतार रहा धनकुबेरों की फौज

**चाईबासा, एजेंसी।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा है कि हमने हमेशा झारखंडियों के हितों की बात की है. इस चुनावी समर को जीतने के लिए झारखंड में विपक्ष द्वारा धन कुबेरों की फौज उतारी जा रही है. ऐसे व्यापारियों से सावधान रहने की जरूरत है. वे शनिवार को जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा, पिछली भाजपा सरकार ने झारखंड के जल, जंगल, जमीन का सौदा करने वालों के हित साधने के लिए भूमि सुधार कानून में बदलाव किया. लैंड बैंक की स्थापना की. झारखंड में स्थापित पावर प्लांट से बांग्लादेश को बिजली दी जाती है और बकाया के नाम पर झारखंड की बिजली काटी जाती है, ऐसे वोटों के सौदागरों को झारखंड से खदेड़ना होगा.

**अडानी और अंबानी के इशारे पर चलती है केंद्र सरकार:** आज देश में भाजपा की सरकार दो पूंजीपतियों अडानी और अंबानी के इशारे पर चल रही है. उन्हीं के लिए बीजेपी झारखंड की सत्ता हथियाना चाहती है. हमारी गठबंधन सरकार किसानों का दो लाख रुपए त्रृण माफ करती है और भाजपा किसानों पर गोलियां चलवाती है. महागठबंधन सरकार की मईया सम्मान योजना सहित पूर्व से चली आ रही है योजनाओं के कारण भाजपा चुनावी मुद्दे नहीं बना पा रही है इससे उनके नेता हताश हो गये हैं.



**किसने कहां जनसंवाद में लिया हिस्सा:** प्रदेश कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे जनसंवाद अभियान-लक्ष्य 2024 के तहत कोल्हान प्रमंडल में जगन्नाथपुर विधानसभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल के धनबाद,झरिया, बाघमारा में चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष सुबोध कांत सहाय हजारीबाग में पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पलामू प्रमंडल के रमना, बिशुनपुरा एवं मझियांव में विधायक दल नेता डॉ रामेश्वर उरांव, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के सिमडेगा,कोलेबिरा में डॉक्टर प्रदीप कुमार बालमुचु द्वारा सभाओं के माध्यम से आम जनता के साथ संवाद किया गया।

## सत्य नारायण सिंह जनवादी की तीसरी पुण्यतिथि मनी

**सरायकेला, एजेंसी।** सत्यनारायण सिंह जनवादी की तृतीय पुण्यतिथि पर आज आदित्यपुर- 2 स्थित उनके आवास एवं पटना जिला स्थित लई गांव में पूजा- हवन आयोजित किया गया. लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया. आदित्यपुर स्थित आवास पर आयोजित पूजा में उपस्थित लोगों ने बताया कि आपातकाल के दौरान 1975-76 में सत्यनारायण सिंह ने अपने अन्य पांच साथियों के साथ 10 दिनों की जेल यात्रा भी की थी. सत्य नारायण सिंह शहीद राम छवि सिंह के टीम के सक्रिय सदस्य थे. आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. अशोक कुमार, पुरेंद्र नारायण सिंह, पंकज कुमार सिंह, सुरेश धारी, वीरेंद्र यादव, महेश राम, राजेश यादव, श्रीराम यादव, संतोष चौबे, राजेश्वर पंडित, संतोष शर्मा, अजय ठाकुर, मिथिलेश झा, सेवा सिंह, भरत राम, शंभू यादव, दीनानाथ सिंह, कबिलाश यादव, संजय कुमार सिंह, एस डी प्रसाद, प्रमोद गुप्ता, देव प्रकाश, दिलीप मंडल, संतोष यादव, बैजू यादव, पूर्व पार्षद संदीप साहू, विनोद जयसवाल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



## पत्रकारिता का दायित्व सिर्फ सूचना देना नहीं, समाज को जागरूक करना भी है: राज्यपाल

**रांची , एजेंसी।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षाविदों और संस्थाओं को बधाई दी। उन्होंने पत्रकारिता को लोकतंत्र का चतुर्थ स्तंभ बताते हुए कहा कि पत्रकारिता का दायित्व सिर्फ सूचना देना नहीं है, बल्कि यह समाज को जागरूक करने और उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति मार्गदर्शन प्रदान करने का भी माध्यम है। राज्यपाल शनिवार को एक दैनिक समाचार पत्र की ओर से आयोजित एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड्स24 कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा किसी भी देश की प्रगति का मूल आधार है। हमारे शिक्षण संस्थान न केवल विद्यार्थियों को शिक्षित करते हैं, बल्कि समाज और राष्ट्र की मजबूत नींव रखते हैं। उन्होंने शिक्षकों, प्रशासकों और संस्थानों के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इनके समर्पण से ही हम एक समृद्ध समाज का निर्माण कर सकते हैं।

राज्यपाल ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का शिक्षा को समावेशी और रोजगारपरक बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री परीक्षा पे चर्चा जैसे कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को तनावमुक्त और प्रेरणादायक अध्ययन के लिए प्रोत्साहित करते हैं।



## भाजपा की बैठक में विधानसभा चुनाव पर चर्चा

**खूंटी, एजेंसी।** तोरपा के विधायक कोचे मुंडा के पैतृक गांव ममरला में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक शनिवार को आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता तोरपा मंडल के अध्यक्ष पुरेंद्र मांझी ने की। बैठक में आनेवाले विधानसभा चुनाव और पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में विधायक कोचे मुंडा, छतीसगढ़ से आए प्रवासी कार्यकर्ता उपेंद्र यादव और मंडल अध्यक्ष पुरेंद्र मांझी ने बैठक को संबोधित किया। मौके पर जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष भागीरथ राय, दीपक तिग्गा, केशव कुमार, कृष्ण भगत,सुबोध कुमार, अजीत राय के अलावा सभी शक्ति केंद्रों के संयोजक, सह संयोजक, प्रभारी तथा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे।



# कैसे आसानी से ठीक हो सकता है प्रारंभिक कैंसर? डॉक्टरों ने निकाला गजब का उपाय, सर्जरी की नहीं पड़ेगी जरूरत

**रांची, एजेंसी।** कैंसर के प्रारंभिक अवस्था को एंडोस्कापी की मदद से इलाज कर ठीक किया जा सकता है। पहले सर्जरी की जरूरत पड़ती थी। फूड पाइप, बड़ी आंत और पेट के कैंसर में एंडोस्कापी का इलाज सफल है। रोगी की मुश्किलों को बढ़ने से रोका जा सकता है।

जरूरत है कि इसके लक्षण मिलते ही इलाज कराए, लापरवाही न बरतें। इसकी जानकारी मैक्स हॉस्पिटल नई दिल्ली के डॉ. विवेक सिंघाल ने डोरंडा शौर्य सभागार में आयोजित गेस्ट्रोकान-24 में दी।

डॉ. विवेक ने बताया कि गैस बनना, गले में गड्ढा पानी का आना सहित अन्य समस्याएं कुछ मामलों में कैंसर के लक्षण हो सकते हैं। इसे नजरअंदाज न करें। तुरंत डॉक्टर से जांच कराएं। कई मामलों में ये समस्याएं सामान्य हैं।

इसे दवा से नियंत्रित किया जा सकता है। डॉ. विवेक ने बताया कि लीवर सिरोसिस में मरीज को खून की उल्टी होना, बेहोश हो जाना, स्टूल



का काला लक्षण होते हैं। ऐसे मामले में लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए।

दो दिवसीय कार्यक्रम में देशभर के करीब 200 गैस्ट्रोएंट्रोलाजिस्ट भाग ले रहे हैं। गैस्ट्रोकान में पेट, लीवर, आंत जैसे रोगों के बारे विस्तार से हुई। इलाज की नई पद्धति से चिकित्सकों को रूबरू कराया गया।

डॉ. रविश रंजन ने बताया कि मोटर डिस्फेजिया (खाना निगलने में दिक्कत), पैनक्रियाटाइटिस, लीवर ट्रांसप्लांट, पेट में पानी भर जाने पर नया इलाज क्या है, हेपेटाइटिस बी के बारे में नए इलाज आदि की जानकारी आपस में साझा की जाएगी।

कांफ्रेंस में दिल्ली से डॉ. अनिल अरोड़ा, डॉ. पीयूष रंजन, डॉ. विवेक सिंघला, चंडीगढ़ से डॉ. एसके सिन्हा, कोलकाता के डॉ. संदीप पाल, आईएलबीएस नई दिल्ली के डॉ. अशोक चौधरी, डॉ. अमर मुकुंद, हैदराबाद के डॉ. जीवी राव, डॉ. कपिल शर्मा समेत अन्य विशेषज्ञ डॉक्टर बतौर वक्ता के रूप में शामिल हुए।

इस मौके पर डॉ. प्रणव कुमार मंडल, डॉ. मनोहर लाल प्रसाद, डॉ. जयंत घोष, डॉ. रवीश रंजन, डॉ. चंदन यादव, डॉ. संगीत सौरभ सहित अन्य मौजूद थे। आइजीआइएमएस, पटना के डॉ. संजीव कुमार झा कहते हैं कि क्रोनिक पैंक्रियाटाइटिस अग्नाशय की लंबे समय से चली आ रही सूजन है, जिसकी वजह से अग्नाशय की संरचना और कार्य-प्रणाली खराब हो जाती है। अल्कोहल का अधिक सेवन और सिगरेट धूम्रपान क्रोनिक पैंक्रियाटाइटिस के दो प्रमुख कारण हैं। पेट दर्द लगातार हो सकता है। कई दर्द की सामान्य दवाइयां काम नहीं करती है। इसके लिए कई उपकरणों का सहारा लेना पड़ता है। ओपन सर्जरी से भी इसका इलाज संभव है। उपचार में अल्कोहल व सिगरेट से परहेज करना, आहार में सुधार करना, पैंक्रियाटिक एंज़ाइम सप्लीमेंट लेना और दर्द को दूर करने के उपाय शामिल हैं।

रांची सदर अस्पताल के डॉ. जयंत घोष ने कहा कि पहले लीवर की बीमारी का कारण अल्कोहल, हैपेटाइटिस बी व हैपेटाइटिस सी को समझते थे। लेकिन, अब जीवनशैली में आए बदलाव ने भी फैटी लीवर के मामले में बदलाव लाया है। लोग जंक फूड का सेवन कर रहे हैं। खानपान में काफी बदलाव आया है।

लोग अपने खाना को ठीक से बर्न नहीं कर रहे हैं। इससे फैटी लीवर की बीमारी बढ़ी है साथ ही हार्ट अटैक के भी मामले बढ़े हैं।

## पलामू प्रमंडल में भाजपा की मुश्किलें बढ़ीं! इस दिग्गज नेता के पार्टी में शामिल होने बगावती हुए नेता-कार्यकर्ता

**रांची, एजेंसी।** झारखंड एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष रहे हुसैनाबाद के विधायक कमलेश सिंह अब भाजपा में शामिल हो गए हैं। लेकिन उनके गृहक्षेत्र हुसैनाबाद के भाजपा कार्यकर्ता पार्टी के इस निर्णय का खुलकर विरोध जता चुके हैं।

हुसैनाबाद में भाजपा के सात मंडल हैं। सभी मंडल अध्यक्षों ने पार्टी को चेतावनी दी है कि अगर विधानसभा चुनाव में कमलेश सिंह को टिकट दिया जाता है तो, वो सामूहिक इस्तीफा सौंप देंगे।

यह स्थिति पूरे पलामू प्रमंडल में भाजपा को असहज कर सकती है। विरोध कर रहे मंडल अध्यक्षों को हुसैनाबाद से टिकट की प्रत्याशा कर रहे अन्य प्रत्याशियों का समर्थन भी मिल रहा है।

हुसैनाबाद ग्रामीण भाजपा के मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने कहा कि जिन कार्यकर्ताओं ने प्रताड़ना झेली है वो कमलेश सिंह के लिए कैसे चुनाव प्रचार करेंगे। कमलेश सिंह के गृहक्षेत्र हुसैनाबाद के पड़ोस में भवनाथपुर और डाल्टनगंज सीट है। यहां से भाजपा के विधायक हैं। इसके अलावा पलामू प्रमंडल की 9 विधानसभा सीटों पर भाजपा के कई नेताओं की दावेदारी है। लेकिन कमलेश सिंह की वजह से यहां का जातीय समीकरण भी प्रभावित होगा। मोहम्मदगंज




मंडल भाजपा के अध्यक्ष नीरज सिंह का कहना है कि पार्टी कभी इस सीट को गठबंधन में दे देती है, कभी यहां से बाहरी प्रत्याशी देने की चर्चा होती है। इससे कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरता है। उन्होंने कहा कि पहले ही पार्टी को इस तरह के निर्णय से बचने की सलाह दी थी।

## सुभाषितम्

दुसरे के दोष पर ध्यान देते समय हम स्वयं भले बन जाते हैं। परंतु जब हम अपने दोषों पर ध्यान देंगे। तो अपने आपको कुटिल और कामी पाएँगे। - **महात्मा गांधी**

## शाकाहार महंगा और मांसाहार सस्ता

**देश में महंगाई किसी कीमत पर रुकने का** नाम नहीं ले रही है। यह लगातार तेज रफ्तार में बढ़ती ही जा रही है। इस महंगाई का सबसे ज्यादा असर गरीबों और शाकाहारी मध्यम वर्ग पर देखने को मिल रहा है। हालात यह हैं कि निम्न वर्ग कुपोषण का शिकार होता चला जा रहा है वही मध्यम वर्ग को अब पोषण आहार नहीं मिल पा रहा है। दूध, सब्जी, दाल, तेल और अन्य दैनिक उपयोग में आने वाली शाकाहारी खाद्य सामग्री दिनों-दिन महंगी होती जा रही है। एक तरफ महंगाई सातवें आसमान पर पहुंचने को तैयार है लेकिन जनता चुप है। इसे देख ऐसा प्रतीत होता है कि आमजन किसी जादूई छड़ी के इंतजार में है, जिसके मिलते ही महंगाई गायब हो जाएगी। सरकारें भी इस पर कुछ कहने को तैयार नहीं हैं। हद है कि बिजली के दाम बढ़ गए। दूध के दाम बढ़ गए। स्कूलों की फीस बढ़ गई। खाद्य पदार्थों के निरंतर दाम बढ़ ही रहे हैं। यह तो सभी मानते हैं कि एक बार जो दाम बढ़ गए फिर वह कभी नीचे नहीं आते हैं। साल 2014 में जब कच्चा तेल अंतरराष्ट्रीय बाजार में 104 डालर प्रति बैरल पर पहुंच गया था तब देश में पेट्रोल 70 रुपए प्रति लीटर मिल रहा था। 450 रुपए की रसोई गैस सिलेंडर मिल रहे थे। तब सभी लोगों को महंगाई बढ़ी हुई लग रही थी। देशभर में महंगाई के खिलाफ आंदोलन हो रहे थे। आज जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल का दाम 70 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है, तब भी 100 से 110 रुपए प्रति लीटर पेट्रोल बिक रहा है। आमजन के मन में तो सवाल यही है कि आखिर अंतर्राष्ट्रीय बाजार में जब तेल के दाम घट गए तो फिर देश में क्यों नहीं घट रहे हैं? वर्तमान में भारत में पेट्रोल और डीजल के दाम साल 2014 जैसे ही हो जाते तो गनीमत थी, लेकिन इस पर कोई कुछ कहता नजर नहीं आ रहा है। इसके विपरीत गरीब, मजदूर, मध्यम वर्ग से लेकर अमीर सभी को पेट्रोल-डीजल एक ही बढ़े हुए रेट में ही खरीदना पड़ रहा है। यही नहीं जो दूध 35 रुपए प्रति लीटर मिल रहा था, वह 65 और 70 रुपए के आस-पास पहुंच गया है। खाने का तेल 200 रुपए लीटर के आसपास हो गया है कोई भी सब्जी 50-60 रुपए प्रति किलो से कम नहीं मिलती है। दालों के रेट बेतहाशा बढ गए हैं, जिसके कारण अब दो टाइम का खाना भी निम्न और मध्यम वर्ग को जुटा पाना मुश्किल हो रहा है। हाल ही में जो सर्वे सामने आया है उसमें बताया गया है कि भारत में शाकाहार की थाली मांसाहार से महंगी हो गई है। सारी दुनिया में सबसे ज्यादा कीमत पर मांसाहार ही बिकता है, लेकिन भारत में यह उलटी गंगा बहाने जैसी स्थिति हो गई है। वह भी तब जबकि कथित तौर पर भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए बड़े-बड़े समाजिक व धार्मिक संगठन काम कर रहे हैं। सरकार भी उन्हें कथित सहयोग कर रही है। इसके बाद भी खाद्य पदार्थ विशेष रूप से शाकाहारी खाद्य पदार्थ दिनों दिन बड़ी तेजी के साथ महंगे होते चले जा रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक सितंबर 2024 में भारत में शाकाहारी थाली की कीमत सालाना आधार पर 11फीसदी बढ़कर 31.3 रुपए हो गई है, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह कीमत 28.1 रुपए थी। वहीं, मांसाहारी थाली की कीमत में सालाना आधार पर 2 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। सितंबर 2024 में मांसाहारी थाली की कीमत घटकर 59.3 रुपए हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 60.7 रुपए थी। सरकार के सामने जब तक आम जनता अपनी लड़ाई स्वयं नहीं लड़ेगी तब तक उसे महंगाई और अराजकता से निजात नहीं मिलने वाली है। केंद्र एवं राज्यों में जो सत्ता पर बैठे हुए राजनेता हैं उनका मानना है कि बच्चा जब रोता है तभी मां दूध पिलाती है। आम जनता को यदि कोई तकलीफ होगी तो वह सड़कों पर उतरकर सामने आएगी। वर्तमान में केंद्र और राज्य सरकारों के समक्ष महंगाई और बेरोजगारी कोई मुद्दा नहीं है। सरकार आए दिन टैक्स और अन्य शुल्क बढ़ा रही है। जनता उसको चुप-चाप चुका रही है। इसका मतलब है कि जनता स्वयं चाहती है कि उसका स्टेटस सिंबल बढ़े, यदि वह महंगे खाद्य पदार्थ खाता है तो उसका स्टेटस भी बढ़ता है।

# योग द्वारा हृदय रोग से मुक्ति

**उमेश कुमार सिंह**

**मेडिकल सांइस की दुनिया में** डॉ. बिमल छाजेड़, एम.बी.बी.एस., एमडी एक जाने-पहचाने व्यक्ति हैं। ये भारत में नॉन इन्वेसिव कॉर्डियोलॉजी के जन्मदाता हैं। डॉक्टर छाजेड़ ने विख्यात अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (अक्क्टर) में छह वर्ष तक सीनियर रेसीडेण्ट और सहायक प्रोफेसर के पद पर काम कर चुके हैं। वर्ष 1995 में इन्होंने अक्क्टर छोड़ दिया और अपनी रिसर्च के आधार पर साओल की स्थापना की। साओल का मतलब है- विज्ञान तथा जीवन जीने की कला (साइंस एण्ड आर्ट ऑफ लीविंग) जो आधुनिक मेडिकल साइंस और जीवन जीने की कला को जोड़ता है। इनका हृदय रोग के रिवर्सल के लिए चलाया गया त्रिदिवसीय कार्यक्रम बहुत प्रसिद्ध हुआ। यह कार्यक्रम भारत के लगभग सभी मुख्य शहरों में शुरू किया गया है। हृदय की देखभाल के लिए इन्होंने जो साओल हृदय कार्यक्रम चलाया है वह भारत में हृदय की देखभाल का सबसे लोकप्रिय तरीका है जिसमें चीर-फाड़ की कोई आवश्यकता नहीं पड़ती।

डॉ. छाजेड़ ने सौ से ज्यादा किताबें लिखी हैं, जिनकी गिनती सर्वाधिक बिकने वाली किताबों में होती है। इनकी किताबों का भारत की लगभग सभी क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद किया गया है। इन्होंने जीरो ऑयल कुकिंग के माध्यम से भोजन बनाने का नया तरीका भी बताया, जो पूरे भारत में बहुत प्रसिद्ध हुआ। इन्होंने हृदय रोगियों के लिए बिना तेल के 1000 व्यंजन तैयार किए हैं तथा भारत में सौ से ज्यादा शहरों में तथा विदेशों में भी व्याख्यान दिए हैं। इनकी तनाव प्रबंधन की कक्षाओं और तकनीकों ने हजारों लोगों की जिंदगी बदल दी है। इस क्षेत्र में अपनी इन उपलब्धियों के लिए इन्हें कई बार सम्मानित भी किया जा चुका है। लोग इन्हें नॉन-इनवेसिव डॉक्टर, हार्ट केयर और लाइफ स्टाइल एक्सपर्ट पुकारते हैं। यह खुद को उन डॉक्टरों (कॉर्डियोलॉजिस्ट्स और हार्ट सर्जन्स) से पूरी तरह अलग मानते हैं जो हृदय संबंधी अस्पतालों में हृदय रोगियों का उपचार करते हैं। इनकी संस्था साओल यानी (साइंस एंड आर्ट ऑफ लिविंग) हृदय रोगियों की जीवनशैली में बदलाव करके बाईपास, एंजियोप्लास्टी किए बिना उनका उपचार करती है। हृदय रोगियों को हृदय सुरक्षा संबंधी चिकित्सकीय पहलुओं के साथ-साथ पारंपरिक दवाइयों, खानपान में बदलावों और योग के बारे में भी बताया जाता है।

डायमंड बुक्स द्वारा ह्लयोग द्वारा हृदय रोग से मुक्तिह्व पुस्तक प्रकाशित की गयी है जिसके लेखक डॉ. बिमल छाजेड़ हैं। हृदय रोगियों को इस नई प्रकार की परिवर्तित चिकित्सा पद्धति (रिवर्सल थैरेपी) योग वस्तुतः जीवनशैली और जीवन को जीने का मार्ग बताया है, जिसमें आसन, प्राणायाम और ध्यान का समावेश होता है। यह एक विशाल विषय है और इस पर अनेक पुस्तकों की रचना की जा सकती है। चूंकि अलग-अलग लोग योग के ग्रंथों की अपने-अपने तरीके से व्याख्या करते हैं इसलिए इसके विभिन्न संस्करण होना स्वाभाविक है। यह 5,000 वर्ष पुरानी साधना और विषय है। जो प्रागैतिहासिक काल में यकीन करते हैं, उनका कहना है कि योग अनादिकाल (लगभग 15,000 वर्षों) से चला आ रहा है। योग के हर अंश के कई रूप हैं किंतु इसका एक अभिन्न अंग है जिसमें यम और नियम के दर्शन का समावेश है जो योग में क्या करें और क्या न करें, का बोध कराता है।



यह जीवन को किस प्रकार जीना चाहिए संबंधी निर्देश देता है। योग का दर्शन अत्यंत वृहद है जिसमें राजयोग, भक्तियोग, कर्मयोग आदि शामिल हैं।

ह्लयोग द्वारा हृदय रोग से मुक्तिह्व में इसी बात को सुस्पष्ट तरीके से बताने जा रहा है। यौगिक आसनों को हृदय रोगियों के लिए प्रायः सबसे लाभकारी और श्रेष्ठ व्यायाम माना जाता है। पिछले 20 वर्षों से हृदय रोगियों के साथ कार्य करने के दौरान हमने कई आसनों का प्रयोग किया और अंततः 20 मिनट के योग आधारित व्यायाम और आसनों से ही हृदय के खतरों को शून्य कर दिया।

जहां तक प्राणायाम की बात है तो हृदय रोगियों को कपालभाति और भास्त्रिका जैसे कठिन प्राणायाम करने की मनाही है क्योंकि उनके लिए ये खतरनाक साबित हो सकते हैं। बाबा रामदेव जी की कृपा से आजकल ये दोनों प्राणायाम बहुत लोकप्रिय हो गए हैं। यद्यपि आम लोगों के लिए ये सही हैं किंतु ऐसे हृदय रोगियों को ये नहीं करने चाहिए जिन्हें हार्ट अटैक का खतरा हो। ऐसे रोगियों के लिए अनुलोम-विलोम प्राणायाम (नाक के दोनों नथुनों से बारी-बारी से सांस लेना) करना बेहतर प्राणायाम है। हृदय रोगियों के लिए योग का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण भाग जीवनशैली में बदलाव लाने संबंधी परामर्श और ध्यान (मेडिटेशन) लगाना है। ये हमारे जीवन को बदलते हैं, हमारी इच्छाशक्ति को बढ़ाते हैं, हमें शांति प्रदान करते हैं, तनाव को कम करते हैं, हमारे भावनात्मक चिड़चिड़ेपन को कम करते हैं और (साइको न्यूरो इम्युनोलॉजी - पीएनआई) के द्वारा कार्य करके रुकावट कम करने में सहायता करते हैं। कई प्रकार की ध्यान संबंधी विधियों का अध्ययन करने के उपरांत मैंने हृदय रोग को स्वस्थ हृदय में बदलने (रिवर्सल ऑफ हार्ट डिजीज) अर्थात उसके निवारण हेतु प्रशिक्षण आधारित योग में प्रेक्षा- ध्यान पद्धति (प्रेक्षा मेडिटेशन सिस्टम) को सर्वश्रेष्ठ योग पाया।

लेकिन यह याद रखना चाहिए कि योग आम आदमी के लिए सेहत को सुधारने, खुशी और आंतरिक शांति प्राप्त करने का साधन है, लेकिन हृदय रोगियों के लाभार्थ मैंने इस पद्धति में कई बदलाव और सुधार किए। साओल कार्यक्रम के अंतर्गत जीरो ऑयल कुकिंग, गिरीदार वसायुक्त खाद्य पदार्थों से परहेज, तनाव विश्लेषण और प्रबंधन आदि अन्य तत्व शामिल किए। साओल के अंतर्गत चिकित्सा ज्ञान, सरल चिकित्सा शिक्षण, मेडिकल टेस्ट, दवाइयों, ईसीपी, बीसीए, आयुर्वेद और होम्योपैथी का भी समावेश किया।

साओल का तात्पर्य है - साइंस एंड आर्ट ऑफ लिविंग। मेडिकल साइंस और आर्ट ऑफ लिविंग को एक साथ मिलाया। मेडिकल साइंस यानी चिकित्सा विज्ञान में से हमने बाईपास सर्जरी और एंजियोप्लास्टी के प्रचलित उपचारों को शामिल नहीं किया क्योंकि ये प्रकृति के विरुद्ध हैं। ये शरीर को अधिक नुकसान पहुंचाते हैं जिसमें स्वयं ही हृदय रोग को दूर और उसका उपचार करने की शक्ति है। विदित हो कि हृदय रोग कोई अकस्मात होने वाला रोग नहीं है और हम हृदय रोग होने के सही कारणों को भी भलीभांति जानते हैं तो क्यों न हम इन्हीं कारणों को दूर करने का भरसक प्रयास करें और हृदय को शक्तिशाली बनाकर हृदय रोग के खतरे को दूर करें। साओल में हम यही कर रहे हैं।

इसलिए यह पुस्तक उन लोगों के लिए बहुत अच्छी मार्गदर्शक निर्देशिका साबित होगी जो योगिक तकनीक के साथ-साथ साओल पद्धति का पालन करना चाहते हैं।

## चिंतन-मनन

### कौन है नीतिनिष्ठ व्यक्ति ?

**सदाचार एक व्यापक और सार्वभौम** तत्व है। देशकाल की सीमाएं इसे न तो विभक्त कर सकती हैं और न इसकी मौलिकता को नकार सकती हैं। जिस प्रकार सूर्य का प्रकाश सबके लिए होता है, उसी प्रकार सदाचार के मूलभूत तत्व मानव मात्र के लिए उपयोगी होते हैं। कुछ व्यक्ति अपने राष्ट्र, कुल या परंपरागत आचार को विशेष महत्व देते हैं, किंतु यह अपनेपन का व्यामोह है। जो कुछ मैं कर रहा हूं, वह सदाचार है, इस धारणा की अपेक्षा व्यक्ति को ऐसी धारणा सुदृढ़ करनी चाहिए कि जो सत आचरण है, वह मेरे लिए करणीय है। सदाचारी व्यक्ति नीतिनिष्ठ होता है। वह किसी भी स्थिति में नीति के अतिप्रमण को अपनी स्वीकृति नहीं दे सकता। नीतिनिष्ठ व्यक्ति को परिभाषित करते हुए कहा गया है- जिस व्यक्ति में अभय, मृदुता, सत्य, सरलता, करुणा, धैर्य, कर्तव्यनिष्ठ और व्यक्तिगत संग्रह का संयम और प्रामाणिकता होती है, वह नीतिमान कहलाता है। जो व्यक्ति सत्य के प्रति समर्पित होता है, अन्याय का प्रतिकार करते समय भयभीत नहीं होता, अपनी भूल ज्ञात होने पर उसे स्वीकार करने में संकोच नहीं करता और कठिनतम परिस्थिति का मुकाबला करने के लिए तैयार रहता है, वह अभय का साधक होता है। कोमलता का नाम मृदुता है। यह सामूहिक जीवन की सफलता का सूत्र है। इसके द्वारा व्यक्ति के जीवन में सरसता आती है। मृदु स्वभाव में लोच होती है, इस स्वभाव वाला व्यक्ति किसी भी वातावरण को अपने अनुकूल बना लेता है। सत्य का अर्थ है यथार्थता। जो तथ्य जैसा है उसे वैसा ही जानना, मानना, स्वीकार करना और निभाना सत्य है। सत्य की साधना कठिन अवश्य है, पर है आत्मतोष देने वाली। आर्जव सरलता का पर्यायवाची शब्द है। सरलता सदाचार की आधारभूमि है। इसी उर्वरा में सदाचार की पौध फलती-फूलती है। मायावी व्यक्ति कभी सदाचारी नहीं हो सकता। करुणा सदाचार का मूल है। जिस व्यक्ति के अंतःकरण में करुणा नहीं होती, वह अहिंसा के सिद्धांत को समझ नहीं सकता। अहिंसा के बिना समता का विकास नहीं होता।

## ब्रह्म की शक्ति अज्ञेय व अवर्णनीय

**संजय गोस्वामी**

**व्रह्म अज्ञेय व अवर्णनीय है। कर्त्ता के** २ भाग हैं- एक रूप में केवल द्रष्टा हैं, अन्य रूप में विश्व के सञ्चालक। इनको साक्षी और भोक्ता सुपर्ण रूप कहते हैं। व्यक्ति शरीर में इनको आत्मा और जीव कहते हैं। ब्रह्म की शक्तियां ७ ऋषि रूप में हैं, जिनके समन्वय को पक्षी रूप में व्यक्त करते हैं। इसके चित्र को सुपर्ण चिति कहते हैं। सृष्टि के ४ मूल बल चौकोर शरीर हैं, २ पक्ष समरूपता है, नियन्त्रक या तेज सिर है, विषमता पुच्छ है। इनसे अग्नि (पदार्थ पिण्ड) का चयन होता है, जिससे विभिन्न निर्माण होते हैं। द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया, समानं वृक्षं परिषस्वजाते। तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्ति, अनश्नन्नन्यो अभिचाकषीति॥ (मुण्डक उप. ३/१/१, श्वेताश्वतर उप. ४/६, ऋक्, १/१६४/२०, अथर्व, ९/९/२०) सुषुम्ना चेतना या ज्ञान का वृक्ष है। उसके मध्य (आज्ञा चक्र) में २ सुपर्ण (हंस, पक्षी) रहते हैं (परिषस्वजाते-पड़ोस में)। उनमें अन्य (एक) पिप्पल (पिब + फल = जिस फल में आसक्ति हो) को स्वाद सहित खाता है। अन्य (दूसरा) बिना खाये (बिना आसक्ति = अनश्नन्) केवल देखभाल करता है। त इद्धाः सप्त नाना पुरुषानसृजन्त। स एतान् सप्त पुरुषानेकं पुरुषमकुर्वन्-यदूर्ध्वं नाभेस्तौ द्वौ समौब्जन्, यदवाङ् नाभेस्तौ द्वौ। पक्षः पुरुषः, पक्षः पुरुषः। प्रतिष्ठैक आसीत। अथ या एतेषां पुरुषाणां श्रीः, यो रस आसीत्-तमूर्ध्व समुदौहन्। तदस्य शिरोऽभवत। स एवं पुरुषः प्रजापतिरभवत। स यः सः पुरुषः-प्रजापतिरभवत, अयमेव सः, योऽयमग्निश्चीयते (कायरूपेण-शरीररूपेण-मूर्त्तिपिण्डरूपेण-भूतपिण्डरूपेण)। स वै सप्तपुरुषो भवति। सप्तपुरुषो ह्ययं, पुरुषः-यच्चत्वार आत्मा, त्रयः पशुपुच्छानि। (शतपथ ब्राह्मण, ६/१/१/२-६) ३. पार्थिव सुपर्ण-पृथ्वी पर सूर्य की गति २ प्रकार की है। वार्षिक गति उत्तरायण (मकर से कर्क रेखा तक) तथा उसके विपरीत दक्षिणायन है। यही सुपर्ण का विस्तार है। मकर रेखा पर सूर्य ३ तारा (तार्क्ष्य, ऋक्ष = तारा, भालू) वाले श्रवण नक्षत्र में रहता है (विक्रमादित्य काल में जब शून्य अयनांश था)। स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवा स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः। स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु॥ (यजु, २५/१९) यह आकाश के वृत्त (पृथ्वी कक्षा) की ४ दिशा हैं- ज्येष्ठा नक्षत्र का स्वामी इन्द्र, रेवती का पूषा, श्रवण का गोविन्द जो अरिष्ट की नेमि या सीमा (दूर करने वाले) हैं, तथा पुष्य का बृहस्पति। दक्षिण में सूर्य रहने पर हमारे उत्तरी गोलार्ध में सबसे बड़ी रात्रि तथा शीत होता है अतः यह अरिष्टनेमि है। उत्तरी सीमा के कर्क रेखा को केवल नेमि कहते हैं। उत्तर -दक्षिण दिशा में यह सूर्य की धुरी (नेमि) है। पृथ्वी अक्ष का झुकाव २२ से २६ अंश तक घटता बढ़ता है। कर्क रेखा की सीमा या नेमि का स्थान नैमिषारण्य है (कूर्म पुराण, २/४३/७, पद्म १/१, वराह, ११/१०७, वायु, १२५/२७, शिव, ७/१/३/५३)। इक्ष्वाकु काल में मिथिला की सीमा पर कर्क रेखा थी अतः वहां के राजा इक्ष्वाकु पुत्र को निमि कहते थे। उनकी निमि (पलक) नहीं गिरती थी। सूर्य चक्षु है, विषुव रेखा पर वह बन्द रहता है, कर्क, मकर रेखा पर पूरी तरह खुल जाता है। (भागवत पुराण, ९/१३, विष्णु, ४/५ आदि)। आज भी मिथिला में सूर्य के कर्क रेखा पर स्थित होने पर पञ्चाङ्ग आरम्भ होता है। इस सूर्य गति के भी छन्द हैं। यहां गरुड़ संवत्सर रूप है। अथ ह वाऽ एष महासुपर्ण एव स्यात्संवत्सरः। तस्य यान्पुरस्ताद्विषुवतः षण्मासानुपश्यन्ति सोऽन्यतरः पक्षो ऽथ यान्षड् उपरिष्टात सः अन्यतरः। आत्मा विषुवान्। (शतपथ ब्राह्मण, १२/२/३/७) यह वर्गीकरण ब्रह्मा के स्थान पुष्कर (अभी बुखारा) के अनुसार है, जो उज्जैन से १२ अंश पश्चिम है (विष्णु पुराण, २/२८)। वेदाङ्ग ज्योतिष के अनुसार सबसे बड़ा दिन १६ घण्टे का था। सबसे छोटा दिन ८ घण्टे का होगा, उसका आधा। अतः इनको गायत्री (२४ अक्षर) से जगती (४८ अक्षर) तक बांटा गया है। विषुव के उत्तर तथा दक्षिण में १२, २०, २४ अंश के अक्षांश वृत्तों से ये वीथियां बनती थीं। ३४० उत्तर अक्षांश का दिनमान सूर्य की इन रेखाओं पर स्थिति के अनुसार ८ से १६ घण्टा तक होगा। अतः दक्षिण से इन वृत्तों को गायत्री (६ ७ ४ अक्षर) से जगती छन्द (१२ ७ ४ अक्षर) तक का नाम दिया गया। इसकी चर्चा ऋग्वेद (१/१६४/१-३, १२, १३, १/११५/३, ७/५३/२, १०/१३०/४), अथर्व वेद (८/५/१९-२०), वायु पुराण, अध्याय २, ब्रह्माण्ड पुराण अध्याय (१/२२), विष्णु पुराण (अ. २/८-१०) आदि में है। इनके आधार पर पं. मधुसूदन ओझा ने आवरणवाद में इसकी व्याख्या की है (श्लोक १२३-१३२)। बाइबिल के इथिओपियन संस्करण में इनोक की पुस्तक के अध्याय ८२ में भी यही वर्णन है। ४. दिव्य दिन-ऋतु चक्र के अनुसार सौर वर्ष को दिव्य दिन कहा गया है। इसमें मकर रेखा से कर्क रेखा तक सूर्य गति (जहां सूर्य किरण लम्ब हो) या उत्तरायण देवों का दिन और कर्क से मकर तक की गति देवों की रात्रि है। असुरों के लिए यह विपरीत है। ऐन्दवस्तिथिभिः तद्वत सङ्क्रान्त्या सौर उच्यते। मासैर्द्वादशभिर्वर्ष दिव्यं तदह उच्यते॥१३॥ सुरासुराणामन्योन्यमहोरात्रं विपर्ययात। षट् षष्टिसङ्गुणं दिव्यं वर्षमासुरमेव च॥१४॥ (सूर्य सिद्धान्त, अध्याय १) अग्निर्ज्योतिरहः शुक्लः षण्मासा उत्तरायनम्॥२४॥ धूमो रात्रिस्तथा कृष्णः षण्मासा दक्षिणायनम्॥२५॥ (गीता, अध्याय, ८) सौर संक्रान्ति से चान्द्र मास का आरम्भ नहीं होता है। यदि विषुव संक्रान्ति से चैत्र मास का आरम्भ मानें तो- चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ -उत्तरायण का द्वितीय अर्ध-विषुव से कर्क तक। आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद- कर्क से विषुव तक-दक्षिणायन का प्रथम अर्ध। आश्विन, कार्त्तिक, मार्गशीर्ष-दक्षिणायन का द्वितीय अर्ध। पौष, माघ, फाल्गुन - उत्तरायण का प्रथम अर्ध। दक्षिणायन के प्रथम अर्ध अन्त होने के समय (प्रायः भाद्र शुक्ल एकादशी को) सूर्य विषुव रेखा को पार करते हैं, या पृथ्वी के उत्तर गोल से दक्षिण गोल जाते हैं। इसे पार्श्व परिवर्तन कहा गया है।

## दवा के नाम पर मरीजों की जिन्दगी से खिलवाड़

**कुमार कृष्णन**

**दवा के नाम पर इंसानी जिन्दगी के** साथ लगातार खिलबाड़ किया जा रहा है। हालिया उदाहरण है कि बुखार, दर्द, उच्च रक्तचाप, मधुमेह आदि से मुक्ति दिलाने का दावा करने वाली 53 दवाइयां जांच में गुणवत्ता के मानकों पर खरी नहीं उतरी हैं। परीक्षण में असफल होने वाली दवाओं में रक्तचाप यानी ब्लड प्रेशर,शर्करा यानी डायबिटीज, एसिड रिफलक्स और विटामिन की दवाइयां भी शामिल हैं। इसके अलावा केंद्रीय औषधि नियामक ने जिन दवाओं को गुणवत्ता के मानकों के अनुकुल नहीं बताया हैं उसमें बुखार उतारने वाली पैरासिटामोल/,दर्द निवारक डिक्लोफेनेक,एंटीफंगल मेडिसिन फ्लुकोनाजोल जैसी देश की कई बड़ी दवा कंपनियों की दवाएं भी शामिल हैं। इन 53 दवाओं में से परीक्षण में नाकाम की सूची में अभी केवल 48 दवाओं का ही नाम सामने आया है। क्योंकि इसमें से पांच दवाइयां जो मानक फेल हुई हैं उनकी निमार्ता कंपनी का कहना है कि ये दवाएं उनकी नहीं है। बल्कि उनके नाम से नकली दवा को बाजार में बेचा जा रहा है। जो दवाएं फेल की गई हैं उनमें सनफार्मा द्वारा निर्मित पैन्टोसिड टैबलेट भी है,जिसका इस्तेमाल प्रायः एसिडिटी रोकथाम के लिए किया जाता है।टेस्ट में फेल हो गई ये सभी दवाओं को सेवन को सेहत के लिए नुकसानदायक भी बताया गया है। अजीवोगरीब विडंबना है कि काफी समय से सरकारों की नाक के नीचे ये दवाइयां धड़ल्ले से बिकती रही हैं।केंद्रीय औषधि नियामक के इस परीक्षण ने लोगों के स्वास्थ्य की चिंता को और बढ़ा दिया है, क्योंकि एक तरफ दवाएं मानकों पर खरी नहीं उतरी हैं और दूसरी तरफ नकली दवाओं के बाजार में आने की भी खबर है। जांच तो केवल पांच दवाओं का नाम सामने आया है, हो सकता है नकली दवाओं के इस खतरनाक कारोबार में और दवाओं को भी बेचा जा रहा हो। स्वास्थ्य मंत्रालय नकली और परीक्षण में फेल होने वाली दवाओं की बिक्री और इन दवाओं को बनाने वालों पर कितनी सख्त कार्रवाई करेगा, इस बारे में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता,यह तो आनेवाल वक्त ही बताएगा। फिलहाल स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा दोहरी जवाबदेही निभा रहे हैं। वे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का दायित्व भी निभा रहे हैं, उन पर भाजपा के सदस्यता अभियान को सफल बनाने का जिम्मा है। हालांकि तीन दिन पहले आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना के छह बरस पूरे होने पर नड्डा ने नरेन्द्र मोदी की इस पहल की तारीफ करते हुए कहा था कि यह योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सेवा पहलों में से एक बन गई है। यह सभी नागरिकों, विशेष रूप से सबसे कमजोर लोगों के लिए समान स्वास्थ्य सेवा पहुंच प्रदान करने के लिए इस सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। केंद्रीय औषधि नियामक के दवाओं के परीक्षण और उसके नतीजे से यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। वर्ना सेहत सुधारने के नाम पर नकली और असफल दवाओं का सेवन लोगों को और बीमार बना ही रहा था। चिंता की बात यह है कि असफल दवाओं में कई ऐसी दवाएं हैं, जिनका इस्तेमाल सबसे अधिक होता है।

## आज का राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** आज दिन लाभ से भरा होगा और ऑफिस में आपके ट्रांसफर की बात हो सकती है। | **तुला** आज शिक्षा और प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष सफलता प्राप्त होगी। |
| **वृषभ** आज करियर के मामले में लाभ होगा और भाग्य में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी। | **वृश्चिक** आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। |
| **मिथुन** किसी बहुमूल्य वस्तु अथवा संपत्ति की प्राप्ति से आपकी अभिलाषा पूरी होगी। | **धनु** आपको कारोबार में लाभ होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। |
| **कर्क** आज भाग्य और सफलता से भरा होगा। कारोबार में लाभ होने आपको खुशी होगी। | **मकर** आपको मन के अनुकूल लाभ होने से हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। |
| **सिंह** सफलता मिलेगी और आपके धन में वृद्धि होने से खुशी होगी। संतान के प्रति दायित्व की पूर्ति भी होगी। | **कुंभ** आज करियर में लाभ का दिन है और आपके भागदौड़ व अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है। |
| **कन्या** आज दिन सफलता से भरा होगा और आपका दिन लाभ के साथ सम्मान में बीतेगा। | **मीन** आज दिन शुभ है और कारोबार में आपको लाभ होने से मन में खुशी बनी रहेगी। |

## राजकाज

### वित्त मंत्री के खिलाफ अवैध वसूली का मामला

**कर्नाटक की विशेष अदालत** ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, ईडी के अधिकारियों तथा भाजपा के राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक नेताओं के खिलाफ अवैध वसूली के आरोप में एफआईआर करने के आदेश दिए थे। एफआईआर दर्ज होती, इसके पहले भाजपा नेता हाईकोर्ट में अपील करने पहुंच गए। जहां से उन्हें राहत मिली। हाईकोर्ट ने विशेष अदालत के आदेश पर रोक लगा दी। हाईकोर्ट के जिस न्यायाधीश ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ हाईकोर्ट की उसी बेंच ने अलग निर्णय दिया है। उसके बाद सारे देश में यह चर्चा हो रही है। भाजपा नेताओं के लिए देश में अलग कानून है। विपक्षी दलों के नेताओं के लिए अलग कानून है। न्यायपालिका और संविधान नियम कानून को लेकर एक नई छवि आम लोगों के बीच में बन रही है। इसके लिए हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ही जिम्मेदार मानी जा रही हैं। अभी तक यही धारणा थी, कानून सभी के लिए समान होते हैं। लेकिन अब यह धारणा बदल रही है।

### कम्युनिस्ट पार्टी मैं प्रकाश करात की भूमिका

कम्युनिस्ट पार्टी की कमान एक बार फिर प्रकाश करात के हाथ में आ गई है। पहले भी वह लंबे समय तक कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव पद पर रहे हैं। हरकिशन सुरजीत के बाद उन्होंने ही पार्टी की कमान संभाली थी। उनके ही कार्यकाल में पश्चिम बंगाल त्रिपुरा की सत्ता से कम्युनिस्ट पार्टी को बाहर होना पड़ा था। कम्युनिस्ट पार्टी के पास अब केवल केरल की सत्ता बची है। सीताराम येचुरी के निधन के बाद कम्युनिस्ट पार्टी की कमान एक बार फिर प्रकाश करात के हाथ में आ गई है।

## कार्टून कोना

विपक्ष युवाओं को ड्रग्स की अंधेरी दुनिया में धकेलना चाहती है: अमित शाह




## आज का इतिहास

1552 अंग्रेजी भाषा के कवि और खोजी सर वाल्टर रैले का जन्म। 1879 ब्रिटेन ने अफगानिस्तान पर हमला किया। 1919 गांधीजी की नवजीवन पत्रिका का प्रकाशन शुरू हुआ। 1949 पूर्वी जर्मनी में जनवादी गणराज्य की स्थापना हुई थी। 1950 मदर टेरेसा ने कोलकाता में मिशनरीज ऑफ चैरिटीज की स्थापना की। 1958 पाकिस्तान में राष्ट्रपति सिकंदर मिर्जा ने मार्शल लॉ लागू किया। 1963 अमरीकी ब्रिटेन और सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण निर्बध संधि पर हस्ताक्षर किए। 1967 यूनान की सैनिक सरकार ने निष्कासित प्रधानमंत्री और अनन्यों पर लगे प्रतिबंध उठा लिए। 1970 संयुक्त अरब गणराज्य के उपराष्ट्रपति अनवर सादात ने राष्ट्रपति का कार्यभार संभाला। 1976 सैनिक सरकार ने थाईलैंड में स्थिति सामान्य बनाने के लिए प्रतिबंधों में ढील देनी शुरू की।

## दैनिक पंचांग

**7 अक्टूबर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 06.41 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | वृश्चिक | 08.56 ब.से |
| मंगल | मिथुन में | धनु | 11.12 बजे से |
| बुध | कन्य में | मकर | 13.17 बजे से |
| गुरु | वृष में | कुंभ | 15.03 बजे से |
| शुक्र | तुला में | मीन | 16.36 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मेष | 18.07 बजे से |
| राहु | मीन में | वृष | 19.47 बजे से |
| केतु | कन्या में | मिथुन | 21.45 बजे से |
| राहुकाल | | कर्क | 23.58 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | सिंह | 02.15 बजे से |
| बजे तक | | कन्या | 04.26 बजे से |

**सोमवार** 2024 वर्ष का 281 वां दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शरद।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** आश्विन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** चतुर्थी 09.48 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** अनुराधा 02.25 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** प्रीति 06.40 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 09.48 बजे तदनन्तर बव 22.37 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 04.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 05° 36'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872125
**जूलियन दिन** 2460590.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** रवि उस्सानी **तारीख** 03
**विशेष** ललिता पंचमी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore



# बगीचों की स्थापना व प्रबंधन



## नवीन बगीचे के लिये प्रारंभिक तैयारियां -

स्थल निर्धारण के पश्चात भूमि की सप्लाई, सर्वेक्षण, मिट्टी परीक्षण, समतलीकरण, मिट्टी की जुताई, बगीचे के चारों ओर बागड़-तार, पत्थर की दीवार, वायु अवरोध लगाएं.

### फल पौध रोपण

फल पौध रोपण की प्रचलित पद्धतियां निम्न प्रकार की है -

### वर्गाकार पद्धति

वृक्ष की आवश्यकता के अनुसार वर्ग का आकार रखा जाता है। इस पद्धति में पौधे वर्ग के कोने पर लगाए जाते हैं।

### आयताकार

इस पद्धति में कतार से कतार की दूरी तथा पौधों की दूरी निर्धारित की जाती है॥

त्रिभुजाकार या षटभुजाकार पद्धति।

### पंचवृक्षीया गौपूरक पद्धति

यह वर्गाकार की परिवर्तित पद्धति है इसके वर्ग के मध्य से एक और पौधा बनाया जाता है।

आजकल संकर प्रजातियां आम में विकसित की गयी है उन्हें कम दूरी पर बनाया जाता। इसके अतिरिक्त हाईडेन्सिटी पद्धति से रोपण ऊंचाई के आधार पर किया जाता है।

### कंटूर के आधार पर रोपण

ऊंची-नीची एवं ढाल भूमि में समोच्च (कन्टूर) के आधार पर रोपण किया जाता है।

## नवीन उद्यान का विन्यास (लेआउट) कैसे करें-

नवीन उद्यान का विन्यास (रेखांकन) एक बहुत तकनीकी एवं महत्वपूर्ण क्रिया है। सर्वप्रथम क्षेत्रफल नाप लिया जाये तथा उसका क्षेत्रफल ज्ञात करें फिर चयनित फल एवं उसकी प्रजाति के आधार पर निर्धारित करें कि कतार से कतार एवं पौधे से पौधे की दूरी निर्धारित करें। उद्यान रेखांकन करते समय निम्नलिखित उद्यान स्थल निर्धारित करें-

- सड़क एवं मार्ग
- फार्म हाउस (कार्यालय, भंडार, निवास) के लिए स्थल
- सिंचाई पद्धति के लिये पम्प हाउस, नलकूप, कुआं, फार्म पाँड का स्थान निर्धारित करें। आजकल ड्रिप एवं फव्वारा सिंचाई प्रचलित है। अत: उसके रेखाकंन के लिये स्थल निर्धारित करें।
- जल निकास हेतु नाली आदि निर्माण हेतु स्थल
- पौधों को लगाने का स्थल
- फार्म पर कम्पोस्ट, नाडेप, केंचुआ खाद आदि का स्थल
- बगीचे के लिये स्वयं की रोपणी हेतु भी स्थल निर्धारित करें।





## पौधों की दूरी निर्धारित करना एवं वृक्षों की वृद्धि को ध्यान में रखकर पौध रोपण के लिये गड्ढों का खोदना

यह एक महत्वपूर्ण कार्य है। भूमि में मिट्टी की गहराई को ध्यान में रखते हुए फल चयन करें तथा उसकी भावी वृद्धि एवं विकास को ध्यान में रखते हुए रोपण के लिए गड्ढे वर्गाकार पद्धति से या मिट्टी आकार द्वारा खोदें।

### रोपण के लिये पौधों का चयन

- पौधे जो वानस्पतिक तरीके या टिशू कल्चर अथवा बीज से तैयार हो उनकी पूरी विश्वसनीयता की जानकारी प्राप्त करके ही लें। उनकी पे डिग्री ज्ञात कर लें. जब तक शासकीय/ पंजीकृत रोपणी से ही पौधे लें तथा पौधों पर टैग लगा हो।
- प्रत्येक पौधे को देखें कि उसकी जूटी जिसमें पौधों की जड़ पंकी हो वह सही हो। ग्राफ्ट की जड़े सायन एवं रूट स्टाक की मोटाई बराबर हो तथा सही तरीके से जुड़ी हों।
- पौधे की बीमारी आदि से ग्रसित न हों। उनकी आयु आदि ज्ञात कर लें।
- जो पौधे चाहे ग्राफ्ट हो, गूटी कलम आदि जैसे भी हो उन्हें भली-भांति परख लें तथा एक सप्ताह तक क्यारी में उतार कर रखें। जो पौधे सही तरह के स्वस्थ हों उन्हें ही लगायें।



- पौधे लगाते समय पौधा गड्ढे के बीज में सीधा लगाया जाये। जड़ को दोनों हाथों से ढीला बांध भली-भांति गड्ढे की मिट्टी के साथ दवाएं जिससे वह भली-भांति स्थिर हो जावे सिंचाई करें। रोपण क्रिया जुलाई, अगस्त, सितम्बर या फरवरी मार्च में लगायें। उसकी सुरक्षा करें तथा कुछ पौधे पृथक रखें जिससे मृदा पौधों के स्थान पर रोपण करें।



## फल देने वाले बगीचों का प्रबंधन

जो पौधे फलन स्थिति या किशोर अवस्था में हो उनकी देखभाल एवं वांछित औद्योगिक क्रियाएं क्षेत्र के लिये अनुशंसित विधि से करें। जैसे- कांटछांट का कृन्तन क्रिया कृषि क्रियाएं अनुशंसित खाद एवं उर्वरक निर्धारित मात्रा में डालें, तने को पानी के सम्पर्क में सीधे न आने दें इसलिये उनकी आयु के अनुसार मिट्टी जड़ के ऊपर लगाये, समय पर सिंचाई, निंदाई तथा पौध संरक्षण उपाय करें। फलों की तुड़ाई करें। आम के वृक्षों पर माम फोर्मेशन हो उसे काटकर पृथक करें। जिन पौधों के तने कमजोर हो उन्हें सहारा दें। पौधे के मूल वृन्द से निकलने वाली शाखाओं को काट दें। पौधोंको सही आकार देने के लिए कटाई, छंटाई जरूरी है।

# फसलों को पिलाएं संतुलित जल



किसानों की यह आमधारणा है कि जितनी अधिक सिंचाई की जायेगी, उतनी ही ज्यादा उपज मिलेगी, किंतु वास्तविकता यह नहीं है. पानी उतना ही लाभदायक है, जितना पौधों की जरूरत है. बाकी जल तो अधिक गहराई तक पौधों की जड़ों की पहुंच से दूर नीचे रिस जाता है और कुछ भाप बनकर उड़ जाता है। रबी की फसलों में सिंचाई का दो तिहाई पानी कच्ची नालियों से रिसकर अन्यथा बहकर नष्ट हो जाता है केवल एक तिहाई भाग पानी ही पौधों को प्राप्त होता है। अत: अगर सिंचाई समयानुसार की जाय तो न केवल सी मिल जल का अच्छा उपयोग होगा, बल्कि ज्यादा क्षेत्रमें भी किसान सिंचाई करके अपने खेत की औसत उपज बढ़ा सकते हैं।

## अधिक सिंचाई से होने वाली हानियाँ



सिंचाई समय से करने पर लाभ होता है किंतु जरूरत से अधिक करने पर पौधों के आवश्यक पोषक तत्व भूमि में रिस कर निचली सतह पर चले जाते हैं जो पौधों को उपलब्ध नहीं होते। इसी कारण पौधे पीले पड़ने लगते हैं। ऐसा अधिकतर नहर वाले सिंचाई क्षेत्रों में देखने को मिला है. अधिक सिंचाई करने से मिट्टी में वायु संचार में कमी आ जाती है जिससे पौधे की वृद्धि रुक जाती है।

- पौधे पीले पड़ने लगते हैं।
- पौधे की बढ़वार रुक जाती है
- भूमि में क्षार बढ़ने से ऊसर होने की संभावना है।
- अधिक नमी होने के कारण भूमि में पौधों की जड़ों का क्षेत्र घट जाता है जिससे पौधों को पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्वन हीं मिल पाते हैं।

## रबी फसलों में महत्वपूर्ण सिंचाई की अवस्थाएं

### गेहूं

रबी फसलों में गेहूं को ही सबसे अधिक सिंचाई से फायदा होता है देशी उन्नत जातियाँ या गेहूं की ऊंची किस्मों की जल की आवश्यकता 25 से 30 से.मी. है। इन जातियों में जल उपयोग की दृष्टि से तीन अवस्थाएं होती हैं जो क्रमश: कल्ले निकलने की अवस्था (बुआई के 30 दिन बाद), पुष्पावस्था (बुआई के 50 से 55 दिन बाद) और दूधिया अवस्था बुआई के 95 दिन बाद)इन अवस्थाओं में सिंचाई करने से निश्चित उपज में वृद्धि होती है। प्रत्येक सिंचाई में 8 से.मी. जल देना आवश्यक है।

बौने गेहूं की किस्मों को प्रारंभिक अवस्था से ही पानी की अधिक आवश्यकता होती है- क्राउन रुट (शिखर या शीर्ष जड़ें) और शीर्ष जड़े और 'झखड़ा जड़ें' निकलते समय। बुआई के 15-16 दिन तक पौधा बीज में सुरक्षित भोजन पर जीवित रहता है और अपनी खुराक लेता रहता है। लेकिन इसके बाद बीज का संचित भोजन समाप्त होने लगता है और तब वह धीरे-धीरे भूमि से खुराक खींचना शुरू कर देता है। ये जड़ें लगभग एक से.मी. की गहराई पर निकलती हैं। जिस समय ये जड़ें निकलती हैं, उस समय भूमि की सतह नम होनी चाहिए. ऐसे में बुआई के 20-21 दिन बाद खेत में हल्की सिंचाई करना अत्यंत आवश्यक होता है।

किसानों को यह बात भली-भांति समझना चाहिए कि शिखर जड़ों से पौधों में कल्लों का विकास होता है, जिससे पौधों में बालियां ज्यादा आती हैं और फलस्वरूप उपज अधिक मिलती है। झखड़ा जड़ें पौधों को प्रारंभिक आधार देती हैं।

अत: बुआई के समय हर हालत में खेत में काफी नमी होनी चाहिए.

बौनी गेहूं की किस्मों के खेत में पलेवा देकर खेत की तैयारी करने से अच्छा अंकुरण होता है। इन जातियों को 40 से 50 से.मी. जल की कुल आवश्यकता होती है और प्रति सिंचाई 6 से 7 से.मी. जल देना जरूरी है।

अगर दो सिंचाई की सुविधा है तो पहली सिंचाई बुआई के 20-21 दिन बाद प्रारंभिक जड़ें निकलने के समय करें दूसरी सिंचाई फूल आने के समय। यदि तीन सिंचाई करना संभव हो तो पहली सिंचाई बुआई के 20-21 दिन बाद (शिखर जड़ें निकलते समय), दूसरी पौधों में गाँठ बनते समय (बुआई के 60-65 दिन बाद) और तीसरी सिंचाई पौधों में फूल आने के बाद करनी चाहिए। जहां चार सिंचाईयों की सुविधा हो वहाँ पहली सिंचाई बुआई के 21 दिन बाद (शिखर जड़ें निकलते समय), दूसरी बुआई के 40-45 दिन बाद (पौधों में कल्ले निकलने के बाद) तीसरी बुआई के 60-65 दिन बाद (पौधों में गाँठ बनते समय) और चौथी सिंचाई फूल आते समय करें. चौथी और पाँचवी सिंचाई विशेष लाभप्रद सिद्ध नहीं होती है। इनको उसी समय करना चाहिए जब मिट्टी में पानी की संचय शक्ति कम हो। बलुई या बलुई दोमट मिट्टी में इस सिंचाई की जरूरत होती है। पांचवी सिंचाई उस समय करें जब दानों में दूध पड़ जाये। यदि वायुमंडल का तापमान तेजी से बढ़ रहा हो तो छठी सिंचाई हल्की करें। जब दाने में थोड़ी कठोरता नजर आती हो या दूधिया अवस्था बीत गयी हो तो इस सिंचाई को करना बहुत जरूरी नहीं है। परीक्षणों से यही निष्कर्ष निकला है कि यदि 6 सिंचाईयां की जायें तो बौने गेहूं से अधिकतम उपज मिलती है। लेकिन यदि 6 सिंचाईयाँ संभव न हो तो उपयुक्त समय पर उक्त तीन सिंचाईयां तो अवश्य ही करनी चाहिए। पिछेती गेहूं में पहली 5 सिंचाईयां 15 दिनों के अंतर से करें। फिर बालें निकलने के बाद यह अन्तर 9-10 दिन का रखें। पिछेती गेहूं की दैहिक अवस्था पिछड़ जाती है और बालें निकलना और दानों का विकास तो ऐसे समय पर होता है जब वाष्पीकरण तेजी से होता है और ऐसी दशा में खेत में नमी की कमी का दानों के विकास पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है, फलस्वरूप दाना सिकुड़ जाता है। इसीलिए देर से बोये गए गेहूं में जल्दी सिंचाई कम दिनों के अंतर से जरूरी है।



# म्यूचुअल फंड है या नोट छापने की मशीन, साल भर में दिया 46% से भी ज्यादा का रिटर्न

**मुंबई एजेंसी।** अक्टूबर का पहला सप्ताह के दौरान शेयर बाजार में खूब गिरावट देखने को मिली। एक अक्टूबर को बीएसई सेंसेक्स 84,190 पर था जो कि शुक्रवार, 4 अक्टूबर 2024 को 81,688 अंक तक लुढ़क गया। इससे पहले, 25 सितंबर 2024 को सेंसेक्स पहली बार 85,000 अंक को पार किया था। बाजार बीते सप्ताह वहां से करीब पांच परसेंट टूट गए हैं। हालांकि, मार्केट के कुछ क्षेत्रों में सुधार हुआ है। फिर भी अधिकांश सूचकांकों के लिए मूल्यांकन अभी भी ऊंचा लगता है। ऐसे में सवाल उठता है कि रिटेल इन्वेस्टर कहां पैसे लगाएं?




## ऐसे में क्या है बेहतर विकल्प

कुछ विशेषज्ञों को ऐसे में वैल्यू डिस्कवरी फंड दिखता है। यह फंड उन निवेशकों के लिए एक बेहतर विकल्प लगता है जो लंबी अवधि में परिसंपत्ति बनाना चाहते हैं। अब आईसीआईसीआई प्रुडेंसियल डिस्कवरी फंड को ही देखिए। इसने पिछले 20 से अधिक वर्षों (रेगुलर प्लान) में सालाना आधार पर 21.19 फीसदी का शानदार रिटर्न दिया है। कभी-कभार खराब प्रदर्शन के बावजूद, फंड ने पिछले कुछ वर्षों में लगातार मजबूत प्रदर्शन किया है।

## कितना दिया है रिटर्न

पिछले कुछ दशकों में यह फंड सभी इक्विटी श्रेणियों में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वालों में से एक रहा है। इस महीने की पहली तारीख को इस फंड के रिटर्न का हिसाब लगाया गया तो पता चला कि इसने पिछले एक वर्ष के दौरान 46.5 फीसदी का रिटर्न दिया है। इस फंड ने पॉइंट-टू-पॉइंट आधार पर तीन वर्ष में 26.4 फीसदी, पांच वर्ष में 28.7 फीसदी, 10 वर्ष में 18 फीसदी का रिटर्न दिया है। जबसे इसकी लॉन्चिंग हुई है, जब से इसने 21.19 फीसदी का रिटर्न दिया है। मतलब कि इक्विटी श्रेणियों में शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में यह शामिल है।

## निफ्टी 500 से भी ज्यादा रिटर्न

इस स्कीम ने विभिन्न समयावधियों में निफ्टी 500 टीआरआई से भी 3 से 8 फीसदी तक ज्यादा का फायदा दिया है। जनवरी 2013 से सितंबर 2024 की अवधि में पांच साल के रोलिंग रिटर्न पर आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल वैल्यू डिस्कवरी ने 15.4 फीसदी का औसत रिटर्न दिया है। वहीं निफ्टी 500 टीआरआई ने 13.6 फीसदी का औसत रिटर्न दिया। यह फंड दीर्घकालिक निवेशकों के लिए एक अच्छा निवेश विकल्प है। खासकर सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिये निवेश करने वालों के लिए।

## पोर्टफोलियो में कौन से स्टॉक

इस फंड के लिए स्टॉक चुनने में हमेशा लार्ज-कैप पर फोकस रहा है। इसमें मिड और स्मॉल-कैप शेयरों को छोटे हिस्से के रूप में शामिल किया गया है। अक्सर, स्कीम ने पोर्टफोलियो का 70 प्रतिशत या उससे अधिक लार्ज-कैप शेयरों में रखा है। कभी-कभी यह कम भी हो जाता है। साल 2019 के अंत और 2020 की शुरुआत में, जब आईटी, फार्मास्युटिकल और ऑटोमोबाइल शेयरों में गिरावट आई, तो फंड ने इन क्षेत्रों में हिस्सेदारी बढ़ा दी, जिसमें बाद में अच्छी तेजी आई। हालांकि, पिछले 2-3 सालों में फंड ने बैंकों पर फोकस बढ़ाया है और उन्हें फंड में टॉप होल्डिंग्स बना दिया है। जबकि आईटी और फार्मा स्टॉक अभी भी शीर्ष सेगमेंट में शामिल हैं, लेकिन पोस्ट-कोविड अवधि से एक्सपोज़र कुछ हद तक कम हो गया है।

## लॉन्ग टर्म इन्वेस्टमेंट के लिए कैसा?

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी लिमिटेड के ईडी और सीआईओ एस नरेन बताते हैं कि यह फंड दीर्घकालिक निवेशकों के लिए एक अच्छा निवेश विकल्प है। खासकर सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान के जरिये निवेश करने वालों के लिए। इसके अलावा, खराब प्रदर्शन की अवधि के दौरान, वह एकमुश्त निवेश के माध्यम से आक्रामक दीर्घकालिक निवेश के अवसर देखते हैं।

# चीन ने भर दी निवेशकों की झोली, म्यूचुअल फंड ने एक हफ्ते में दिया 33त्र तक रिटर्न



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय शेयर मार्केट में जहां पिछले कई दिनों से गिरावट है तो वहीं चीनी बाजार में तेजी आई हुई है। चीन के प्रोत्साहन पैकेज की वजह से विदेशी निवेशक चीन का रुख कर रहे हैं। ये भारत के शेयर मार्केट से पैसा निकालकर चीनी मार्केट में लगा रहे हैं। चीन के मार्केट में उछाल इस कदर है कि वहां कई कंपनियों के म्यूचुअल फंड ने एक हफ्ते में ही 10 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दे दिया है। कुछ का रिटर्न 30 फीसदी रहा है। वहीं दूसरी तरफ बाजार के जानकार इसे बुलबुला बता रहे हैं। ऐसा बुलबुला, जो कभी भी फूट सकता है। भारतीय शेयर मार्केट में 27 सितंबर से लगातार गिर रहा है। सेंसेक्स में तब से अब तक 4000 अंकों से ज्यादा की गिरावट आई है। इससे निवेशकों को करीब 16 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं चीन अपनी मार्केट और अर्थव्यवस्था को फिर से खड़ी करने के लिए कई उपाय अपना रहा है। प्रोत्साहन पैकेज इसी कर हिस्सा है। इससे विदेशी निवेशकों का चीनी मार्केट में फिर से भरोसा बढ़ा है और चीनी शेयर मार्केट में उड़ान भरनी शुरू कर दी है। इसी के चलते चीन की कई कंपनियों के म्यूचुअल फंड में भी तेजी आई है। राजकोषीय प्रोत्साहन पैकेज, ब्याज दरों में कटौती और कई सेक्टर में सरकार के सपोर्ट के चलते चीन के मार्केट में तेजी आई है। इससे म्यूचुअल फंड ने बेहतर प्रदर्शन किया है। इस कारण निवेशकों को अब चीनी म्यूचुअल फंड अधिक आकर्षक लगने लगे हैं। काफी म्यूचुअल फंड ने एक हफ्ते में 10 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया है। वहीं कुछ ऐसे भी म्यूचुअल फंड है जिनका रिटर्न एक हफ्ते में 33 फीसदी से ज्यादा रहा। एक हफ्ते के औसत रिटर्न की बात करें तो यह करीब 21 फीसदी रहा है। एक हफ्ते में 5 प्रमुख फंड का रिटर्न ऐसा रहा-

## क्या यह बुलबुला है?

जानकारों के मुताबिक चीन की यह तेजी कितने समय तक रहेगी, इसके बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। फिजडम के वीपी रिसर्च सागर शिंदे बताते हैं कि शॉर्ट टर्म निवेश के मामले में चीन केंद्रित फंड अभी बेहतर हैं। इनमें उछाल सरकार के फैसलों के बाद आया है। जानकारों के अनुसार बात अगर लॉन्ग टर्म की करें तो चीनी फंड बहुत मजबूत दिखाई नहीं देते। जानकारों के मुताबिक अगर आप अभी की तेजी देखते हुए चीनी फंड में लॉन्ग टर्म के लिए निवेश करना चाहते हैं तो यह जोखिमभरा फैसला हो सकता है। शिंदे बताते हैं कि चीनी फंड में लॉन्ग टर्म में निवेश पर कितना रिटर्न मिलेगा, इसे लेकर अनिश्चितता है। ऐसा इसलिए क्योंकि चीन को संरचनात्मक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसमें रियल एस्टेट क्षेत्र में चल रहे मुद्दे और व्यापक आर्थिक चिंताएं शामिल हैं। शिंदे के मुताबिक लॉन्ग टर्म निवेशकों निवेशकों को चीन के आर्थिक माहौल और अस्थिरता को देखते हुए सावधानी से निवेश करना चाहिए।

## सालाना आधार पर रिटर्न अच्छा नहीं

बात अगर सालाना आधार पर इन म्यूचुअल फंड के रिटर्न की बात करें तो स्थिति अच्छी नजर नहीं आती। साल 2021 से इन फंडों ने नकारात्मक रिटर्न दिया है। 2021 में इन पांचों फंडों ने कुल 9.80त्र का नुकसान उठाया है। वहीं साल 2022 15.26त्र और 2023 में 8.86त्र का नुकसान हुआ। ऐसे में जानकार चीन के म्यूचुअल फंड में सावधानी से निवेश करने की सलाह दे रहे हैं।

# अगले हफ्ते खुलेंगे दो नए आईपीओ, 6 की होगी लिस्टिंग




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगले हफ्ते दो आईपीओ खुलने जा रहे हैं। पिछले महीने आईपीओ की झड़ी लगने के बाद इस हफ्ते आईपीओ की संख्या कम है। जो दो आईपीओ अगले हफ्ते खुलेंगे, उनमें से एक मेन बोर्ड और दूसरा एसएमई बोर्ड से है। वहीं दूसरी ओर अगले हफ्ते 6 आईपीओ की लिस्टिंग भी होगी। लिस्टिंग होने वाले सभी आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। इस महीने कुछ बड़ी कंपनियों के आईपीओ भी खुलेंगे। सेबी से इन्हें मंजूरी भी मिल चुकी है।

आईपीओ के जरिए शेयर मार्केट में निवेश करना काफी लोग पसंद करते हैं। इसका कारण है कि लिस्टिंग पर काफी आईपीओ निवेशकों को जबरदस्त रिटर्न दे देते हैं। कई आईपीओ तो 100 फीसदी प्रीमियम से भी ज्यादा पर लिस्ट होते हैं। ऐसे में निवेशकों का पैसा एक ही दिन में दोगुने से ज्यादा हो जाता है। पिछले हफ्ते केआरएन हीट एक्सचेंजर का आईपीओ करीब 114 फीसदी प्रीमियम पर लिस्ट हुआ था। अगर लिस्टिंग अच्छी न हो तो कई बार आईपीओ में निवेश घाटे का भी सौदा हो जाता है।

मेन बोर्ड के इस आईपीओ का इश्यू साइज 264.10 करोड़ रुपये है। इसमें 173.85 करोड़ रुपये के 1.83 करोड़ फ्रेश इश्यू जारी होंगे। वहीं 90.25 करोड़ रुपये के 95 लाख शेयर ऑफर फॉर सेल के तहत जारी किए जाएंगे।

यह आईपीओ निवेश के लिए 8 अक्टूबर को खुलेगा। निवेशक इसके लिए 10 अक्टूबर तक बोली लगा सकेंगे। अलॉटमेंट 11 अक्टूबर को होगा। वहीं लिस्टिंग 15 अक्टूबर को होगी। शेयर का प्राइज बैंड 92 से 95 रुपये के बीच है। एक लॉट में 157 शेयर हैं। इसके लिए निवेशकों को 14,915 रुपये निवेश करने होंगे। एक रिटेल निवेशक अधिकतम 13 लॉट बुक करा सकता है।

## क्या करती है कंपनी?

यह एक कंस्ट्रक्शन कंपनी है। इसकी स्थापना 2010 में हुई थी। यह कंपनी रेजिडेंशियल, कमर्शियल, इंडस्ट्रियल आदि प्रोजेक्ट का कंस्ट्रक्शन करती है। साथ ही यह इंफ्रास्ट्रक्चर और हॉस्पिटैलिटी प्रोजेक्ट के लिए सर्विस भी मुहैया कराती है। कंपनी आईपीओ से मिली रकम का इस्तेमाल अपनी वर्किंग कैपिटल को पूरा करने, कुछ अधिग्रहण करने और सामान्य कॉर्पोरेट के लिए करेगी। यह एसएमई बोर्ड का आईपीओ है। इसका इश्यू साइज 101.35 करोड़ रुपये है। कंपनी 61.06 लाख शेयर जारी करेगी जो पूरी तरह फ्रेश होंगे। ओएफएस के तहत कोई भी शेयर जारी नहीं किया जाएगा। यह आईपीओ भी निवेश के लिए 8 अक्टूबर को खुलेगा। निवेशक 10 अक्टूबर तक बोली लगा सकेंगे। अलॉटमेंट 11 अक्टूबर को होगा। लिस्टिंग 15 अक्टूबर को होगी। शेयर का प्राइज बैंड 158 से 166 रुपये के बीच रखा गया है। एक लॉट में 800 शेयर हैं। इसके लिए निवेशकों को 1,32,800 रुपये निवेश करने होंगे। एक रिटेल निवेशक सिर्फ एक लॉट की बुक करा सकेगा। यह कंपनी हाइड्रोकार्बन बेस्ड केमिकल को इंपोर्ट और डिस्ट्रिब्यूट करती है। इस केमिकल का इस्तेमाल कई तरह की इंडस्ट्री में कच्चे माल के तौर पर किया जाता है। कंपनी की स्थापना 2005 में हुई थी। आईपीओ से मिली रकम का इस्तेमाल कंपनी लंबे समय के लिए वर्किंग कैपिटल की जरूरत को पूरा करेगी।

# राजस्थान की तपती जमीन पर उगा दिए सेब, फलों की खेती से लाखों रुपये कमाती है यह महिला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आपसे कहा जाए कि देश में सेब की खेती किस राज्य में होती है तो आप कश्मीर या हिमाचल प्रदेश का नाम लेंगे। वहीं आपसे कहा जाए कि राजस्थान में भी सेब की खेती होती है तो आप चौंक जाएंगे। सोचेंगे कि ठंडे प्रदेशों में उगने वाला सेब राजस्थान की तपती जमीन पर भला कैसे उग सकता है। लेकिन यह 100 फीसदी सच है। और इसे सच कर दिखाया है संतोष देवी खेदड़ ने। संतोष देवी राजस्थान के सीकर में फलों की खेती करती हैं। इनके खेत में सेब के 100 पेड़ हैं। खास बात यह है कि यह ऑर्गेनिक खेती करती हैं। प्रत्येक पेड़ से सालाना 80 किलो सेब की पैदावार होती है। खेती के अलावा संतोष देवी नर्सरी का भी कारोबार करती हैं। फलों की खेती और नर्सरी से संतोष देवी सालाना करीब 40 लाख रुपये का कारोबार करती हैं। संतोष देवी राजस्थान के सीकर के बेरी गांव में रहती हैं। उन्होंने सेबों की खेती साल 2015 में शुरू की थी। उस दौरान उन्होंने 1.25 एकड़ के खेत के एक हिस्से में सेब के 100 पौधे लगाए थे। यहां सेब की खेती करना बड़ी चुनौती थी क्योंकि सेब की खेती ठंडे प्रदेश में की जाती है। उनके गांव में गर्मियों के मौसम में तापमान 45 डिग्री के करीब तक पहुंच जाता है। संतोष देवी बताती हैं कि वह खास किस्म के खेब उगाती हैं। किस्म के सेब होते हैं। ये ऐसे सेब हैं जिनकी पैदावार अधिक तापमान में होती है। वह कहती हैं कि इन सेबों को हिमाचल प्रदेश के एक किसान ने विकसित किया था। साथ ही अहमदाबाद स्थित नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन (एनआईएफ) ने इसका सपोर्ट किया था। संतोष देवी को भरोसा था कि वह सीकर में इतनी गर्मी में सेब की खेती कर लेंगी। उन्हें ऑर्गेनिक खेती का भी अनुभव था। अनुभव और भरोसा के बदल पर उन्होंने लगभग नामुमकिन से काम को मुमकिन कर दिखाया। वह बताती हैं कि जब मिट्टी को ऑर्गेनिक तरीके से तैयार किया जाता है और केमिकल का इस्तेमाल न किया जाए तो किसी भी चीज की खेती आराम से की जा सकती है।

# केक बेचकर करोड़ों की कमाई, पढ़ाई में भी सुपरहिट, ऑलराउंडर क्रिकेटर की इस पत्नी का जवाब नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के कई खिलाड़ियों की पत्नी खाली नहीं बैठतीं। कोई कारोबार की दुनिया में एक्टिव है तो कोई राजनीति है। टीम के ऑलराउंडर प्लेयर शार्दुल ठाकुर की पत्नी मिताली पारुलकर भी कारोबार की दुनिया में धमाकेदार बैटिंग करती हैं। वह पढ़ाई-लिखाई में भी किसी से कम नहीं हैं। मिताली एक बेकरी कंपनी की ऑनर हैं। उन्होंने अपने कारोबार से करोड़ों रुपये की नेटवर्थ बना ली है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मिताली का महाराष्ट्र के ठाणे में ऑल जैज बेकरी नाम से स्टार्टअप है। उनकी यह बेकरी शहर की सबसे फेमस बेकरी है। उन्होंने इसे साल 2020 में शुरू किया था। ऑल द जैज - लक्जरी बेकर्स में वह कई प्रकार के केक, कुकीज, ब्रेड, बन्स आदि की बिक्री करती है। इस कारोबार ने मिताली ने 2 से 3 करोड़ रुपये की नेटवर्थ बनाई है।



मिताली पढ़ाई में भी काफी आगे हैं। मिताली का जन्म मुंबई में 1992 को हाई क्लास फैमिली में हुआ। मिताली के पिता बड़े कारोबारी हैं। उन्होंने अपनी बेसिक एजुकेशन मुंबई में ही की है। उन्होंने कॉमर्स से ग्रेजुएशन की और सीए बनने का फैसला लिया। हालांकि बाद में उन्होंने कॉर्पोरेट की दुनिया में कदम रखा। मिताली ने एक कंपनी में बतौर कंपनी सेक्रेटरी काम किया। कुछ समय काम करने के बाद उन्होंने खुद का कारोबार शुरू करने का फैसला लिया।

## कब हुई थी शादी?

शार्दुल ठाकुर ने मिताली के साथ पिछले साल फरवरी में शादी की थी। दोनों शादी से पहले काफी समय तक एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शार्दुल और मिताली, दोनों स्कूल के समय से एक-दूसरे को जानते हैं। स्कूल से ही दोनों के बीच में दोस्ती हुई जो बाद में शादी में बदल गई।

## सोशल मीडिया पर एक्टिव

मिताली सोशल मीडिया पर भी एक्टिव नजर आती हैं। इसके इंस्टाग्राम अकाउंट पर करीब 62 हजार फॉलोअर्स हैं। वहीं वह 190 यूजर्स को फॉलो करती हैं। हालांकि उनकी पोस्ट काफी कम हैं। उन्होंने अभी तक सिर्फ 91 पोस्ट ही की हैं। जिन्हें मिताली फॉलो करती हैं, उनमें शार्दुल ठाकुर के अलावा धोनी, विराट कोहली, पृथ्वी शॉ, रोहित शर्मा, जहीर खान आदि क्रिकेटर भी शामिल हैं।

# एक लाख बन गए 7.5 करोड़ रुपये, टाटा के इस शेयर में मचाई धूम, जानें ऐसा क्या करती है कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्टॉक मार्केट में कई ऐसे शेयर हैं जिन्होंने निवेशकों को करोड़पति बना दिया है। शायद यही कारण है कि शेयर मार्केट में निवेश करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसमें कोई दोराय नहीं कि शेयर मार्केट में निवेश जोखिमभरा है। लेकिन अगर अच्छी और बड़ी कंपनियों में लंबे समय तक निवेश बनाए रखें तो अच्छा रिटर्न मिलने की उम्मीद ज्यादा रहती है। जैसा रतन टाटा की इस कंपनी ने किया है।

टाटा ग्रुप की कंपनी ट्रेंट लिमिटेड के शेयरों ने धूम मचा दी है। इस कंपनी के शेयर ने निवेशकों को करोड़पति बना दिया है। अभी इस कंपनी के शेयर की कीमत 7379 रुपये है। पिछले 5 साल में कंपनी की इनकम 5 गुना बढ़ गई है। यही कारण है कि इसके शेयरों ने भी पिछले कई साल से जबरदस्त प्रदर्शन किया है। इस कंपनी ने निवेशकों के एक लाख रुपये को करीब 7.5 करोड़ रुपये में बदल दिया है।

इस कंपनी के शेयर ने इस साल जनवरी से लेकर अब तक करीब 146 फीसदी रिटर्न दिया है। एक जनवरी को इसके शेयर




की कीमत करीब 3002 रुपये थी। अगर आपने एक जनवरी को इसमें एक लाख रुपये निवेश किए होते तो आज वह एक लाख रुपये 2.46 लाख रुपये हो चुके होते। यानी आपको करीब 9 महीने में ही 1.46 लाख रुपये का फायदा हो चुका होता।

इस शेयर ने 5 साल में निवेशकों के ऊपर पैसा की बारिश कर दी है। इन 5 साल में इसने 1400 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया है। अगर आपने 5 साल पहले ट्रेंट के एक लाख रुपये के शेयर खरीदे होते तो आज इनकी वैल्यू 15 लाख रुपये हो चुकी होती। यानी 5 साल में आपकी रकम 15 गुनी हो चुकी होती। इतना रिटर्न किसी भी दूसरी स्कीम में नहीं मिलता।

यह शेयर मार्केट में एक जनवरी 1999 को आया था। उस समय इसकी कीमत मात्र 9.87 रुपये थी। अब करीब 25 साल में इसकी कीमत बढ़कर 7379 रुपये हो गई है। ऐसे में इसने इन 25 वर्षों में 74662 फीसदी का रिटर्न दिया है। अगर आपने 25 साल पहले इस कंपनी में एक लाख रुपये का निवेश किया होता तो आज वह निवेश बढ़कर करीब 7.5 करोड़ रुपये हो चुका होता।

## क्या करती है टाटा की यह कंपनी?

टाटा ग्रुप की यह कंपनी रिटेल कंपनी है। इसकी शुरुआत 1998 में मुंबई में हुई थी। इस कंपनी के कई फैशन ब्रांड हैं। कंपनी के 890 से ज्यादा स्टोर हैं। वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू करीब 4 हजार करोड़ रुपये का रहा है। पिछले 5 साल में कंपनी की कमाई करीब 5 गुना रही है। कंपनी की कुल इनकम साल 2019 में 2671 करोड़ रुपये थी जो 2024 में बढ़कर 12664 करोड़ रुपये हो गई।

# सरकारी कंपनी एमटीएनएल ने नहीं चुकाई सरकारी बैंक एसबीआई के लोन की किस्त, अकाउंट हुआ एनपीए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की प्रमुख सरकारी दूरसंचार कंपनी एमटीएनएल संकट में फंसती नजर आ रही है। इस कंपनी पर सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का 326 करोड़ रुपया बकाया है। इसमें से 281.62 करोड़ रुपये ओवरड्यू थे। कंपनी बैंक को जून से लोन की किस्त नहीं दे पा रही थी। इसके बाद बैंक ने एमटीएनएल के अकाउंट को नॉन-परफॉर्मिंग एसेट घोषित कर दिया है। बैंक ने एमटीएनएल से कहा है कि वह तत्काल लोन की बकाया रकम जमा करे। लोन के भुगतान को लेकर बैंक ने एमटीएनएल को एक लेटर लिखा है। इसमें कहा गया है कि कंपनी ने जो लोन लिया था, उसकी किस्त और ब्याज 30 जून 2024 को ओवरड्यू हो गई थी। इसे निकले 90 दिनों से ज्यादा का समय हो गया है। अभी तक कंपनी ने लोन की किस्त का पेमेंट नहीं किया है। ऐसे में 28 सितंबर से कंपनी के लोन अकाउंट को एनआइपीए कैटेगरी में डाउनग्रेड कर दिया गया है।

एसबीआई ने एमटीएनएल ने कहा है कि वह लोन का पेमेंट तुरंत करे। बैंक ने कहा है कि अगर कंपनी पेमेंट करने में देरी करती है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।




## बैंक ने मांगी संपत्ति की जानकारी

बैंक ने सरकार द्वारा एमटीएनएल के बकाया चुकाने की गारंटी की स्थिति के बारे में भी जानकारी मांगी है। इसके अलावा एसबीआई ने एमटीएनएल द्वारा की जा रही संपत्ति मुद्रीकरण परियोजनाओं का विवरण भी मांगा है। इसमें दिल्ली में 13.88 एकड़ जमीन को आवासीय और व्यावसायिक उपयोग के लिए विकसित करने के लिए एनबीसीसी के साथ किए गए समझौते का विवरण शामिल है। एमटीएनएल पर 30 अगस्त 2024 तक करीब 32 हजार करोड़ रुपये का कुल कर्ज था। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज को बताया था कि वह अगस्त में करीब 422 करोड़ रुपये का लोन पेमेंट करने में असफल रही है। इसमें कई बैंकों की लोन की रकम शामिल है।

### विमेंस टी-20 वर्ल्डकप

# भारत ने पाकिस्तान को हराया

### 6 विकेट से जीता मैच



**नईदिल्ली, एजेंसी।** महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया है। दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया और पाकिस्तान ने इनिंग की शुरूआत धीमी की।

पाकिस्तान की धीमी लय जारी रही जबकि भारतीय गेंदबाज ने अपनी आक्रामकता बनाए रखी जिस कारण निदा डार (28) के अलावा कोई बल्लेबाज नहीं चल सकी तथा टीम 20 ओवर में 8 विकेट गंवाकर 105 रन की बना पाई। भारतीय गेंदबाजों अरुंधति रेड्डी, श्रेयंका पाटिल ने क्रमश 3-2 विकेट अपने नाम किए जबकि रेणुका ठाकुर, दीप्ति शर्मा, आशा सोभना ने एक-एक विकेट अपने नाम किया। भारत ने 106 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 7 गेंदें रहते मैच अपने नाम किया। लक्ष्य प्राप्ति के दौरान शैफाली वर्मा ने 32, जेमिमा रोड्रिग्स ने 23 और हरमनप्रीत कौर ने 29 रन बनाए।



# हिमालय में खोई विदेशी पर्वतारोही को किया गया रेसक्यू

### दो दिन के ऑपरेशन के बाद मिली सफलता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्रिटेन की दो महिला पर्वतारोही जो उत्तराखंड के चमोली जिले में छह हजार मीटर से अधिक की उंचाई पर फंस गई थी उन्हें रविवार सुबह सुरक्षित निकाल लिया गया। यह दोनों पिछले दो दिन से वहां फंसी हुई थी। आपदा प्रबंधन केंद्र के मुताबिक दोनों अमेरिका में क्लाइमेट साइंस में पीएचडी कर रही हैं और वह चौखंभा की चढ़ाई के लिए गई थीं।

### तीन अक्टूबर को फंसी थीं पर्वतारोही

चमोली जिला आपदा प्रबंधन केंद्र से यहां मिली जानकारी के अनुसार, तीन अक्टूबर को दोपहर बाद से चौखंबा में फंसीं एक अमेरिका और एक ब्रिटेन की पर्वतारोहियों को बचाव अभियान के तीसरे दिन भारतीय सेना के हेलीकॉप्टर के माध्यम से सुरक्षित निकाला गया।

### सुरक्षित हैं खिलाड़ी

- इसके लिए नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स और स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स और भारतीय एयरपोर्स ने इसके लिए रेसक्यू ऑपरेशन चलाया था। पर्वतारोहियों को ढूंढने में जुटे बचाव दल में शामिल राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के कमांडेंट अर्पण यदुवंशी ने बताया कि दोनों पर्वतारोही सकुशल और सुरक्षित हैं।
- इन दोनों को भारतीय पर्वतारोहण फाउंडेशन (आईएमएफ) ने भेजा था। यह दोनों चौखंबा-तीन पर्वत की चोटी पर जाने के लिए निकली थी। हालांकि गुरुवार को तीन बजे चौखंबा में 6,015 मीटर की ऊंचाई से इन दोनों के लॉजिस्टिक सामान और तकनीकी उपकरण नीचे गिर गए और इस कारण वे वहीं फंस गई।

# भारत के सबसे सफल कप्तान है एमएस धौनी- क्रिस गेल

**श्रीनगर, एजेंसी।** वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर क्रिस गेल ने महेंद्र सिंह धोनी को भारत का सबसे सफल कप्तान बताया। उन्होंने यह भी कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली ने भी भारतीय टीम के कप्तान के रूप में अच्छा काम किया है। धोनी ने भारत के लिए 200 वनडे मैचों में कप्तानी की और उनमें से 110 मैचों में जीत हासिल की। धोनी की कप्तानी में भारत ने तीन आईसीसी टूर्नामेंट जीते। धोनी ने सभी फॉर्मेट मिलाकर सबसे ज्यादा 332 मैचों में कप्तानी की है। उनकी कप्तानी में भारत ने 178 मैच जीते और 120 में हार का सामना किया।

क्रिस गेल ने कहा, धोनी भारत के सबसे सफल कप्तान रहे हैं। उन्होंने वास्तव में एक नया ट्रेंड सेट किया है। रोहित शर्मा ने भी अच्छा काम किया है और विराट कोहली ने भी अपनी जिम्मेदारी निभाई है। जब उनसे पूछा गया कि उनके करियर में सबसे मुश्किल गेंदबाज कौन था, तो गेल



ने मजाकिया अंदाज में कहा, सबसे मुश्किल गेंदबाज पैदा हुआ है या नहीं, मुझे नहीं पता। हर गेंदबाज मुश्किल होता है क्योंकि हर कोई विकेट लेने की कोशिश करता है। हर गेंदबाज आपको एक गेंद पर आउट कर सकता है, लेकिन टॉप क्लास तेज गेंदबाजों और स्पिनरों के खिलाफ खेलना मजेदार है। हर गेंदबाज मुश्किल होता है, लेकिन यूनिवर्स बॉस उससे भी ज्यादा मुश्किल है।गेल इस समय लीजेंड्स लीग क्रिकेट में गुजरात जायंट्स के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने इस टूर्नामेंट के बारे में भी बात की और पूर्व भारतीय ओपनर शिखर धवन के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा, मैं इस टूर्नामेंट में एक महीने से हूं और यह मेरा पहला मैच है। मैंने देर से टूर्नामेंट जॉइन किया, लेकिन पिछले साल यह काफी मजेदार था और इस साल बारिश ने कुछ मैचों में खलल डाला।

# सिंगापुर ने 182 साल पुरानी घुड़दौड़ परंपरा को कहा अलविदा

### जमीन की कमी से जूझ रहा दक्षिण पूर्व एशिया का यह देश

**सिंगापुर, एजेंसी।** सिंगापुर में एसटीसी 1842 से घुड़दौड़ के शौकीनों का पसंदीदा ठिकाना रहा। एसटीसी ने अपने 182 साल के सफर को 10 दौड़ों की भव्य विदाई के साथ साथ खत्म किया।

जमीन की कमी से जूझ रहे सिंगापुर ने शनिवार को घुड़दौड़ की 182 साल पुरानी ब्रिटिश युग की परंपरा को अलविदा कह दिया। क्रांजी के प्रतिष्ठित सिंगापुर टर्फ क्लब (एसटीसी) रेसकोर्स ने आवास और अन्य विकास परियोजनाओं को जगह देने के लिए अपने दरवाजे हमेशा के लिए बंद कर दिए। रिपोर्ट के मुताबिक, एसटीसी के बंद होने से पहले शनिवार को आखिरी दौड़ के लिए हजारों घुड़दौड़ के शौकीन यहां पहुंचे। सिंगापुर में एसटीसी 1842 से घुड़दौड़ के शौकीनों का पसंदीदा ठिकाना रहा। एसटीसी ने अपने 182 साल के सफर को 10 दौड़ों की भव्य विदाई के साथ साथ खत्म किया। इसका समापन 1.38 मिलियन सिंगापुर डॉलर के ग्रैंड सिंगापुर गोल्ड कप से हुआ। एसटीसी रेसकोर्स की 124 हेक्टेयर भूमि मार्च 2027 तक सिंगापुर सरकार को वापस कर दी जाएगी।



### स्कॉटिश व्यापारी ने 180 साल पहले किया था शुरू

सिंगापुर में घुड़दौड़ की शुरुआत 180 साल पहले स्कॉटिश व्यापारी विलियम हेनरी मैकलियोड रीड ने की थी। बाद में 1924 में इसका का नाम बदलकर एसटीसी कर दिया गया। रेसिंग में बढ़ती दिलचस्पी को देखते हुए एसटीसी ने अपना सेरांगून रोड (फरर पार्क) रेसकोर्स बेचा और 15 अप्रैल, 1933 में सिंगापुर के गवर्नर सर सेसिल क्लेमेंटी ने बुकिट तिमाह में एक नया रेसकोर्स खोला। आखिर में 1999 में इसे क्रांजी में स्थानांतरित कर दिया गया।

### ओलंपिक खेलों की कर चुका है मेजबानी

बीते कुछ पिछले कुछ वर्षों में इसने युवा ओलंपिक खेलों के आयोजन सहित दिवंगत महारानी एलिजाबेथ द्वितीय सहित गणमान्य लोगों की मेजबानी की है साथ ही युवा ओलंपिक खेलों जैसे आयोजनों की भी मेजबानी की है।एसटीसी में भारतीय मूल के ट्रैक प्रमुख आर जयराजू ने कहा कि उन्हें एसटीसी की आखिरी रेस की आयोजन समिति का हिस्सा होने पर बहुत गर्व है।वह इसे मिस करेंगे,खासकर इसलिए क्योंकि वह बीते 25 साल से इसके साथ थे।

## सार समाचार

# 37 साल के सुरेश रैना ने तूफानी बैटिंग से मचाई तबाही

### शाकिब अल हसन का तो भर्ता बना दिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर सुरेश रैना ने 2020 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। हालांकि वह आज कल युनाइटेड स्टेट्स में सुर्खियां बटोर रहे हैं। जी हां, रैना सिक्सी स्ट्राइक्स टूर्नामेंट में खेल रहे हैं, जो नेशनल क्रिकेट लीग द्वारा आयोजित कराया जा रहा है। इस टूर्नामेंट में वह न्यू यॉर्क लायंस के लिए खेल रहे हैं। बीते 5 अक्टूबर को न्यू यॉर्क लायंस और लॉस एंजिलिस वेव्स के बीच मुकाबला खेला गया, जिसमें सुरेश रैना ने पुराने दिनों की तरह गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। उन्होंने बांग्लादेश के स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को भी नहीं छोड़ा।

**सुरेश रैना ने शाकिब अल हसन की लगाई क्लास** - 37 साल के सुरेश रैना अमेरिका में गजब की फॉर्म में नजर आए। उन्होंने अपनी तूफानी बल्लेबाजी से सबका दिल जीत लिया। वहीं लॉस एंजिलिस वेव्स के लिए खेल रहे शाकिब अल हसन की उन्होंने धज्जियां उड़ा दी। रैना ने शाकिब के ओवर में दो गगनचुंबी छक्के लगाए। इसके अलावा चौका भी जड़ा। शाकिब के ओवर से कुल 18 रन आए थे।



बांग्लादेशी ऑलराउंडर ने मैच में सिर्फ 1 ओवर ही डाला। रैना की आतिशी पारी की वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर ने 28 गेंद पर 53 रन बनाए। उनके बल्ले से इस पारी में 6 चौके और 3 छक्के देखने को मिले।

**19 रन से जीती न्यू यॉर्क लायंस** - सुरेश रैना का धांसू पारी की वजह से न्यू यॉर्क लायंस 19 रन से जीत दर्ज करने में सफल रही। निर्धारित 10 ओवर में न्यू यॉर्क ने 4 विकेट पर 126 रन ठोक डाले। रैना ने पूर्व श्रीलंकाई ओपनर उपुल थरंगा के साथ 89 रन की साझेदारी की। थरंगा ने भी 23 गेंदों में 40 रन बनाए। हालांकि इस टारगेट को लॉस एंजिलिस चेज नहीं कर पाई।

स्टीवी एसकिनाजी गोल्डन डक का शिकार हुए। एडम रोसिंगटन (31), टिम डेविड (19) और जो बर्न्स (17) ने कुछ अच्छी पारियां खेली। हालांकि उनका योगदान मैच जीतने के लिए काफी नहीं रहा।

# लखनऊ के नहीं बल्कि आरसीबी के कप्तान बनेंगे रोहित शर्मा? डिविलियर्स ने बता डाली अंदर की बात!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रोहित शर्मा 2024 में हुए आईपीएल के दौरान खूब चर्चा में रहे थे. मुंबई इंडियंस ने रोहित को कप्तानी से हटा दिया था. उनकी जगह हार्दिक पांड्या को कप्तान बनाया गया था. खबरें तो ऐसी आने लगी थीं कि अगल ही सीजन हिटमैन मुंबइ इंडियंस से अलगे हो जाएंगे. इसी बीच दक्षिण अफ्रीका और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रोहित शर्मा के आरसीबी में आने को लेकर बड़ी बात कह दी. तमाम मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया था रोहित शर्मा आईपीएल 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स का हिस्सा बनेंगे, लेकिन एबी डिविलियर्स ने तो इस बात में नया मोड़ ला दिया. तो आइए जानते हैं कि रोहित पर डिविलियर्स क्या कुछ बोल. डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए कहा, रोहित वाली बात पर मैं लगभग हंस पड़ा था. अगर रोहित मुंबई से आरीसीबी में जाते हैं तो यह बहुत बड़ी खबर होगी. सोचिए हेडलाइन क्या होगी? यह हार्दिक के जाने से भी बड़ी न्यूज होगी. हार्दिक गुजरात से मुंबई वापस आ गए, यह कोई बड़ा सप्राइज नहीं था, लेकिन अगर रोहित मुंबई छोड़कर आरसीबी में शामिल होते हैं. मुझे नहीं दिख रहा कि रोहित मुंबई इंडियंस को छोड़ेंगे. मैं इसे जीरो या फिर 0.1 फीसद की संभावना दूंगा.

# पाकिस्तान के खिलाफ पहला टेस्ट नहीं खेलेंगे स्टोक्स कहा- इंजरी से पूरी तरह रिकवर नहीं हुआ

### मुल्तान में 7 अक्टूबर से मुकाबला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स पाकिस्तान के खिलाफ पहला टेस्ट मैच नहीं खेल सकेंगे। 33 साल के क्रिकेटर ने शनिवार को मुल्तान में ट्रेनिंग सेशन के बाद कहा कि मैं इंजरी से पूरी तक रिकवर नहीं कर पाया हूं। वे 2 महीने पहले हंड्रेड लीग के दौरान चोटिल हो गए थे। स्टोक्स की जगह ओली पॉप टीम की कप्तानी करेंगे। टीम में क्रिस वोक्स या ब्रायडन कार्स को मौका मिल सकता है। वोक्स ढाई साल से ओवरसीज टेस्ट में मौके का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने एशियन ग्राउंड पर



आखिरी टेस्ट 2016 में खेला था। वहीं, कार्स को डेब्यू कैप का इंतजार है। पाकिस्तान के खिलाफ 3 टेस्ट की सीरीज 7 अक्टूबर से शुरू हो रही है। श्रीलंका के खिलाफ भी नहीं खेल सके थे इंग्लैंड की टीम लगातार चौथे मुकाबले में बेन स्टोक्स के बिना उतरेगी। वे पिछले महीने श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में टीम का हिस्सा नहीं थे। उस सीरीज में ओली पॉप ने कप्तानी की थी। घरेलू सीरीज को इंग्लैंड ने 2-1 से अपने नाम किया था।

**प्रैक्टिस से पहले वॉर्मअप करते दोनों टीमों के खिलाड़ी** - द हंड्रेड लीग में चोटिल हुए थे स्टोक्स स्टोक्स रविवार को द हंड्रेड लीग में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स की ओर से खेलते हुए चोटिल हो गए थे। ओल्ड ट्रैफर्ड में मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के खिलाफ वे एक रन लेने के बाद अचानक रुक गए और उन्हें मैदान से बाहर ले जाना पड़ा।

**बेन स्टोक्स हंड्रेड लीग के दौरान चोटिल हुए।** - वेस्टइंडीज के खिलाफ 3-0 से सीरीज जिताई स्टोक्स ने घुटने की चोट से रिकवरी के लिए इंडियन प्रीमियर लीग और टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर रहने का फैसला किया। फिर वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों में 34.20 की औसत से पांच विकेट लेकर इंग्लैंड को वेस्टइंडीज पर 3-0 से सीरीज में जीत दिलाई।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल में भारत का पहुंचना पक्का, बना ये समीकरण... ऑस्ट्रेलिया को सरप्राइज देगा श्रीलंका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** डब्ल्यूटीसी खिताब जीतने में भारत के सामने सबसे बड़ी बाधा ऑस्ट्रेलिया है. अब तक का जो समीकरण बन रहा है, उससे ऐसा लग रहा है कि फाइनल में दोनों टीमों की भिड़ंत हो सकती है. ऐसे में भारत को कंगारू टीम से फाइनल में सावधान रहना होगा. दरअसल, ऑस्ट्रेलिया की टीम जब फाइनल खेलती है,उसकी शारीरिक भाषा चैम्पियनों की तरह हो जाती है. क्योंकि कंगारू टीम को फाइनल में जीत की आदत होती है. किसी भी प्रतिष्ठित फाइनल के करो या मरो मुकाबलों में ऑस्ट्रेलिया टीम अक्सर किला फतह कर ही जाती है. भारतीय टीम की मुलाकात न्यूजीलैंड संग टेस्ट सीरीज के बाद ऑस्ट्रेलिया से होगी, जहां दोनों देशों के बीच 5 टेस्ट मैचों की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी होगी. जो 22 नवंबर से 7 जनवरी के बीच होगी. ऐसे में ऑस्ट्रेलिया को भारतीय टीम बुरी तरह से रौंदती है (5-0 समझें) तो कंगारू टीम का लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलने का सपना टूट सकता है.



भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ 2-0 से सीरीज क्लीन स्वीप करने के बाद 2023-2025 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप राउंड में टॉप पोजीशन हासिल की थी. भारत और ऑस्ट्रेलिया फिलहाल डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए फेवरेट माने जा रहे हैं. लेकिन इसके लिए दूसरी टीम भी जोर आजमाइश करेंगी. पाकिस्तान के खिलाफ इंग्लैंड को 3 टेस्ट खेलने हैं. वहीं बांग्लादेश को अपने घर में साउथ अफ्रीका से दो टेस्ट मैचों की सीरीज डब्ल्यूटीसी राउंड के तहत खेलनी है.

**भारत के लिए डब्ल्यूटीसी फाइनल का समीकरण** - भारत ने डब्ल्यूटीसी 2023-25 के तहत 11 मैच खेले हैं, इनमें उसे 8 मैच जीते हैं, दो मुकाबलों में हार मिली है, वहीं एक मैच ड्रॉ पर छूटा है. भारत का प्वाइंट्स पर्सेंटेज इस समय 74.24 है. न्यूजीलैंड संग 3 और ऑस्ट्रेलिया से 5 मुकाबलों के साथ कुल 8 टेस्ट भारतीय टीम को डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले खेलने हैं. ऐसे में इन 8 मैचों में से भारतीय टीम को 3 मुकाबले ही जीतने हैं.

**ऑस्ट्रेलिया के लिए डब्ल्यूटीसी फाइनल का समीकरण** - ऑस्ट्रेलिया इस समय वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के प्वाइंट्स टेबल में नंबर 2 पर है. उसने 12 में से 8 मैच जीते हैं, वहीं 3 में उसे हार और तो एक मैच ड्रॉ रहा है. ऑस्ट्रेलिया का प्वाइंट्स पर्सेंटेज 62.50 है।



# तनु वेड्स मनु 3 में तिहरी भूमिका में नजर आएंगी कंगना रनौत

कंगना रनौत कथित तौर पर तनु वेड्स मनु 3 में ट्रिपल रोल निभाने के लिए तैयार हैं।

फिल्म की स्क्रिप्टिंग चल रही है और यह 2025 में फ्लोर पर आएगी। तनु वेड्स मनु रिटर्न्स में डबल रोल निभाने के बाद, कंगना रनौत इस फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म में ट्रिपल रोल निभा सकती हैं। अगर रिपोर्ट्स की मानें तो डायरेक्टर आनंद एल राय की तनु वेड्स मनु 3 में कंगना रनौत ट्रिपल रोल में होंगी। एक रिपोर्ट के अनुसार, कंगना को आर माधवन के साथ फिल्म के लिए ट्रिपल रोल ऑफर किया गया है। प्रोजेक्ट से जुड़े एक सूत्र ने पोर्टल को बताया, कंगना अपने करियर की पहली ट्रिपल भूमिका निभाने के लिए उत्साहित हैं, और आनंद एल राय से पूरी कहानी का इंतज़ार कर रही हैं।

यह फिल्म उन्हें एक कलाकार के रूप में नए रूप में ढलने का मौका देगी। यह आश्चर्य की बात है, खासकर तब जब कंगना रनौत ने पहले कहा था कि अगर उनका राजनीतिक करियर आगे बढ़ा तो वह बॉलीवुड करियर को अलविदा कहने पर विचार कर सकती हैं। उसी सूत्र ने फिल्म के बारे में भी बात की और कहा, यह सही मायनों में एक सीक्वल है और निर्माताओं को एक ऐसी कहानी मिली है जो खुद को एक त्रयी की ओर ले जाती है। भाग एक और दो की दुनिया के प्रति सच्चे रहते हुए, तीसरी किस्त भी रोमांस और ड्रामा के साथ हास्य का मिश्रण होगी। मूल विचार आनंद एल राय द्वारा तय किया गया है और इरादा 2025 की दूसरी छमाही में फिल्म को फ्लोर पर ले जाने का है।

इस बीच, कंगना अपनी आगामी फिल्म इमरजेंसी के लिए सेंसर बोर्ड सर्टिफिकेट का इंतजार कर रही हैं, जिसमें वे पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाएंगी।

# मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में शामिल होना चाहते हैं जूनियर एनटीआर



**साउथ** सुपरस्टार जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर की फिल्म 'देवरा' सिनेमाघरों में दर्शकों का मनोरंजन कर रही है। फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच पहले दिन जबर्दस्त उत्साह देखने को मिला था। फिल्म ने ओपनिंग डे पर दमदार कमाई भी की थी, साथ ही समीक्षकों की मिलीजुली प्रतिक्रिया भी मिली, लेकिन अब दर्शकों के सिर से देवरा का क्रेज उतरता नजर आ रहा है। इन सब के बीच अब हाल ही में, जूनियर एनटीआर ने मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में शामिल होने की इच्छा जताई है।

हाल ही में, एक साक्षात्कार में जूनियर एनटीआर से हॉलीवुड में काम करने को लेकर पूछा गया। इस पर अभिनेता ने मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में शामिल होने की इच्छा जताई। एसोसिएट प्रेस से बात करते हुए उन्होंने कहा, मैंने हमेशा कहा है कि मैं मार्वल यूनिवर्स का हिस्सा बनना पसंद करूंगा, क्योंकि मार्वल, मेरे लिए बहुत खास है।

### आयरन मैन को बताया पसंदीदा पात्र

अभिनेता ने आगे कहा, आयरन मैन मेरे पसंदीदा पात्रों में से एक है, क्योंकि आपके पास सुपर पावर होने की जरूरत नहीं है।

आपको पावर पाने के लिए भगवान होने की जरूरत नहीं है। आप जानते हैं, वह सिर्फ एक इंसान है। जिस तरह का दिमाग उसके पास है, यह इतना सरल है कि हर कोई एक सुपरहीरो है। आप, मैं, हम सभी हैं। इसलिए, मार्वल मेरे लिए बहुत ही रोमांचक चीज है और मैं उनके यूनिवर्स का हिस्सा बनना पसंद करूंगा।

### बच्चों को गर्व महसूस कराना चाहते हैं अभिनेता

हालांकि, जूनियर एनटीआर की यह इच्छा केवल प्रोफेशनल नहीं, बल्कि पर्सनल भी है। वह चाहते हैं कि उनके बच्चे उन पर गर्व करें।

अभिनेता ने कहा, मेरे बच्चे भी मार्वल से प्यार करते हैं। अगर मुझे मार्वल यूनिवर्स का हिस्सा बनने का मौका मिलता है, तो यह उनके लिए बहुत गर्व का पल होगा। मैं वह गर्व उनकी आंखों में यह देखना चाहता हूं।

# एक्ट्रेस आशा नेगी ने कास्टिंग काउच पर शेयर किया डरावना एक्सपीरियंस



# कास्टिंग काउच के दर्द से गुजर चुके हैं मुंजा फेम अभय

मुंजा की बड़ी सफलता के बाद, अभय वर्मा बॉलीवुड में एक लोकप्रिय चेहरा बन गए हैं। आउटसाइडर होने के कारण उन्हें भी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, जिसमें कास्टिंग काउच भी शामिल है। इंस्टेंट बॉलीवुड के हवाले से उन्होंने कहा, मैं कभी भी उस स्थिति में नहीं पहुंचा जहां मैंने ना कहा हो, दरअसल, ऐसा एक बार हुआ था, लोग जीवन में अलग-अलग चीजें चाहते हैं।

झअभिनेता ने आगे बताया कि इस अनुभव के बाद उन्होंने अपने सपने को छोड़ने का फैसला कर दिया था। उन्होंने कहा, मैं उस समय इस बात को समझने में बहुत नासमझ था, यह एक बार हुआ था, और बाद में मैंने कहा, मैं अपने टीवी का रिमोट सबको क्यों दूंगा ताकि वे चैनल बदल सकें? यही मेरी जिंदगी है, और यही मेरा लक्ष्य है। अभिनेता ने आगे बताया कि यह मेरी यात्रा है और किसी को भी मुझे इसके बारे में बताने का अधिकार नहीं है।

# श्रुति हासन ने पूरी की



## रजनीकांत–लोकेश कनगराज की कुली की शूटिंग

**लोकेश** कनगराज और रजनीकांत ने कुली के लिए हाथ मिलाया है, जिसकी शूटिंग विजाग में चल रही थी। हाल ही में में अब टीम ने विजाग का शूटिंग शेड्यूल पूरा कर दिया है, जिसका हिस्सा श्रुति हासन भी थीं। अब खबर है कि फिल्म में प्रीति का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री श्रुति से अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। एक महीने तक चले विजाग शेड्यूल में रजनीकांत ने पहले शूटिंग खत्म कर दी थी, फिर नागार्जुन और श्रुति शूटिंग कर रहे थे।

बाकि कलाकारों की शूटिंग बाकी है, लेकिन श्रुति ने अपने हिस्से की पूरी शूटिंग खत्म कर ली है। अब श्रुति के फिल्म के आगामी चेन्नई शेड्यूल का भी हिस्सा होने की उम्मीद है।

# अनन्या की फिल्म कंट्रोल पर आई सामंथा की प्रतिक्रिया



अनन्या पांडे अपनी नवीनतम फिल्म कंट्रोल को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। फिल्म को समीक्षकों और दर्शकों की मिली जुली प्रतिक्रिया मिली है वहीं, अब अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने कंट्रोल का रिव्यू किया है।

सामंथा ने शनिवार को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर फिल्म के बारे में अपनी राय साझा की। उन्होंने फिल्म में अनन्या पांडे के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए इसे उत्कृष्ट बताया। सामंथा ने आगे लिखा, फिल्म शुरू से अंत तक मनोरंजक है और असाधारण रूप से अच्छी तरह से बनाया गया है।

# दिशा वकानी ने ठुकरा दिया बिग बॉस 18 का प्रस्ताव?

**चर्चित** रियलिटी शो बिग बॉस 18 जल्द शुरू होने जा रहा है। एक बार फिर अपने पसंदीदा शो के लिए दर्शक उत्साहित हैं। साथ ही इस बार हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों के बारे में जल्द से जल्द जानकारी चाहते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया जा रहा है कि तारक मेहता का उल्टा चश्मा की दयाबेन यानी अभिनेत्री दिशा वकानी भी इस बार शो का हिस्सा बनेंगी।

अब नई रिपोर्ट्स में इस तरह के दावों को खारिज किया जा रहा है। कहा जा रहा है कि दिशा ने मेकर्स का करोड़ों का ऑफर ठुकरा दिया है।

### इस बार भी ठुकरा दिया ऑफर

पिछले कुछ दिनों से यह चर्चा तेज है कि इस बार बिग बॉस 18 में दिशा वकानी रौनक लगाएंगी। लेकिन, अब ताजा अपडेट यह बताई जा रही है कि अभिनेत्री ने इस बार भी शो का ऑफर ठुकरा दिया है।

बिग बॉस के मेकर्स काफी समय से दिशा वकानी को अपने शो का हिस्सा बनाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन दिशा हर बार बिग बॉस का प्रस्ताव ठुकरा देती हैं। इस बार भी निर्माताओं ने



उन्हें अच्छी खासी रकम के साथ शो का ऑफर दिया। लेकिन, कहा जा रहा है कि उन्होंने इस बार भी यह ऑफर ठुकरा दिया है।

### कितनी रकम हुई ऑफर?

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो दिशा वकानी को इस बार भी मेकर्स ने अप्रोच किया है। उन्हें कोई छोटी मोटी नहीं, बल्कि 65 करोड़ रुपये की रकम की पेशकश की गई। लेकिन, बताया जा रहा है कि इस बार भी दिशा वकानी ने शो का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया है। हालांकि, अभी मेकर्स या अभिनेत्री की तरफ से इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

### होस्ट की कुर्सी संभाल रहे सलमान खान

बिग बॉस 18 सलमान खान ही होस्ट कर रहे हैं। पहले कयास लगाए गए थे कि भाईजान इस बार शो होस्ट नहीं करेंगे, जिससे दर्शक काफी निराश हुए। लेकिन, अब यह साफ हो चुका है कि इस बार भी होस्ट की कुर्सी सलमान खान ही संभाल रहे हैं।

-साभार एजेंसी